CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 07-02-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAFL1 User: cci Time: 02-06-2026 22:34 Color:

नई दिल्ली > शनिवार, 7 फरवरी 2026 > माघ 18, शक 1947, फाल्गुन कृष्ण षष्ठी, विक्रम संवत 2082 WATCH GOD WA

NB नवभारत

**आज का सबसे बड़ा मुकाबला**

भारत VS यूएसए (मुंबई)

शाम 7:00 बजे से

टेलिकास्ट: स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क और जियोहॉटस्टार




# कौन बनेगा सबसे बड़ा DHUरनDHAR

## आज से क्रिकेट का अल्टीमेट रोमांच

**दुनिया की 20 धुरंधर टीमें आज से अगले 30 दिनों तक क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में वर्ल्ड चैंपियन बनने का ख्वाब लिए एक दूसरे से टकराएंगी। भारत और श्रीलंका की मेजबानी में हो रहे इस टूर्नामेंट में 55 मुकाबलों के बाद दुनिया को एक विश्व विजेता मिलेगा। तो अल्टीमेट रोमांच के लिए हो जाइए तैयार, शुरू होने जा रही है DHUरनDHAR (धुरंधर) की जंग।**

भारत : पाकिस्तान : नामीबिया : नीदरलैंड्स : अमेरिका : ऑस्ट्रेलिया : जिंबाब्वे : श्रीलंका : आयरलैंड : ओमान

इंग्लैंड : वेस्टइंडीज : इटली : नेपाल : स्कॉटलैंड : न्यूजीलैंड : साउथ अफ्रीका : अफगानिस्तान : यूएई : कनाडा

## क्यों खास है यह वर्ल्ड कप

### दशक बाद लौटा टूर्नामेंट

टी20 वर्ल्ड कप का 10वां एडिशन करीब एक दशक बाद भारत में वापसी कर रहा है। आखिरी बार भारत ने टी20 वर्ल्ड कप की मेजबानी साल 2016 में की थी, तब वेस्टइंडीज ने खिताब जीता था। साल 2020 में भी भारत को मेजबानी मिली थी, लेकिन कोरोना के कारण टूर्नामेंट 2021 में यूएई और ओमान में खेला गया।

### IPL के पहले आयोजन

ऐसा पहली बार होगा जब इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) के पहले टी20 वर्ल्ड कप खेला जा रहा है। ICC के कार्यक्रम में अमूमन टी20 वर्ल्ड कप का आयोजन IPL के बाद ही होता था, जिससे प्लेयर्स को अच्छा अभ्यास मिल जाता था। जल्दी आयोजन की वजह से इस टी20 वर्ल्ड कप में कंडिशंस पर बहुत कुछ निर्भर करेगा। ओस का फैक्टर अहम हो जाएगा।

### नहीं होगा 'महामुकाबला'



किसी भी ICC इवेंट में 'महामुकाबले' का रुतबा हासिल कर चुके भारत-पाकिस्तान मैच के आयोजन पर इस बार संशय के बादल छा गए हैं। भारत के खिलाफ मैच का यदि पाकिस्तान बहिष्कार जारी रखता है तो तकरीबन 14 साल बाद टी20 वर्ल्ड कप में ऐसा होगा जब ग्रुप स्टेज में 'महामुकाबला' नहीं होगा। आखिरी बार 2010 टी20 वर्ल्ड कप में ग्रुप स्टेज में दोनों का सामना नहीं हुआ था।

### फुटबॉल चैंपियन की एंट्री

फुटबॉल-प्रेमी देश इटली पहली बार किसी ICC वर्ल्ड कप का हिस्सा बनने जा रहा है। इटली ने कुल चार बार फीफा वर्ल्ड कप जीता है। टी20 वर्ल्ड कप में उतरते ही इटली क्रिकेट के इस महाकुंभ में उतरने वाला सिर्फ दूसरा फीफा वर्ल्ड कप चैंपियन होगा। इटली के अलावा इंग्लैंड ही इकलौता देश है, जिसने फीफा वर्ल्ड कप जीता है और लगातार ICC वर्ल्ड कप में हिस्सा लिया है।

### टीम इंडिया में

**60% लेफ्टी**

भारतीय टीम के हेड कोच गौतम गंभीर टीम में बाएं हाथ के प्लेयर्स पर बहुत भरोसा जताते रहे हैं। इस बार चुने गए भारतीय वर्ल्ड कप स्क्वॉड में 15 में से 9 प्लेयर लेफ्टी हैं। यह कुल प्लेयर्स का 60 प्रतिशत है। किसी भी टी20 वर्ल्ड कप में भारत के लिए इतने लेफ्टी स्क्वॉड में नहीं चुने गए। भारतीय दल में साल 2007 में चार, 2009 में छह, 2010 में पांच, 2012 में पांच, 2014 में चार, 2016 में पांच, 2021 में तीन, 2022 में तीन और 2024 में सात बाएं हाथ के प्लेयर्स थे।



### ना रोहित, ना कोहली

रोहित शर्मा और विराट कोहली साल 2024 में टी20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद इस फॉर्मेट से रिटायर हो गए थे। ऐसे में इस बार का वर्ल्ड कप इन दो दिग्गजों के बिना ही होगा। आखिरी बार 2007 वनडे वर्ल्ड कप बिना रोहित या विराट की मौजूदगी के हुआ था। उसके बाद सभी ICC टूर्नामेंट में विराट या रोहित में से किसी एक की मौजूदगी रही है। यह क्रम 2007 टी20 वर्ल्ड कप से शुरू हुआ था।



# तिहाड़ DG की कमान स्पेशल सीपी देवेश चंद्र श्रीवास्तव को

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दिल्ली पुलिस के स्पेशल सीपी IPS देवेश चंद्र श्रीवास्तव को तिहाड़ जेल के डायरेक्टर जनरल (DG) नियुक्त किया गया है। उन्हें अडिशनल चार्ज दिया गया है। दिल्ली पुलिस के स्पेशल सेल के स्पेशल सीपी अनिल शुक्ला को होमगार्ड डीजी का अडिशनल चार्ज दिया गया है। शुक्रवार को जारी ऑर्डर से दिल्ली पुलिस और तिहाड़ जेल प्रशासनिक स्तर पर चल रही कयासबाजी पर विराम लग गया। स्पेशल सेल के स्पेशल सीपी को होमगार्ड की कमान सौंपने को लेकर प्रशासनिक हलकों में पकड़ रखने वाले हैरान हैं। गृह विभाग द्वारा 6 फरवरी 2026 को जारी आदेश के मुताबिक नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी।

# सोसायटी में सन्नाटे के बीच उठ रहे सवाल

## अस्थि विसर्जन के लिए गए परिजन, अभी दर्ज नहीं हुई FIR

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद

ट्रांस हिंडन की एक सोसायटी में तीन मासूम बच्चियों की दर्दनाक मौत के बाद पूरे परिसर में दहशत और सन्नाटे का माहौल है। जिस टावर में यह घटना हुई, उसके आसपास गहरी खामोशी है। यहां तक की टॉवर बी में ग्राउंड फ्लोर पर चल रहे ट्यूशन सेंटर भी बच्चे नहीं जा रहे हैं। हालांकि, इस सन्नाटे के बीच कई सवाल चीख रहे हैं, जिनके जवाब तलाशने में पुलिस जुटी है। बच्चियों के परिजन शुक्रवार को सोसायटी में ही किराए पर लिए गए दूसरे फ्लैट में गए थे। इसके बाद शुक्रवार को परिजन अस्थि विसर्जन की बात कहकर निकल गए। वहीं, तीसरे दिन मामले में हत्या या साजिश के साक्ष्य न मिलने से पुलिस ने कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। हालांकि, पुलिस पिता और परिवार के अन्य लोगों से पूछताछ की तैयारी कर रही है। जांच के दौरान परिजनों ने बताया था कि तीनों बच्चियां कोरियन कल्चर की दीवानी थीं। उनके पिता इसका विरोध करते थे। इसी से नाराज होकर तीनों ने कूदकर जान दे दी।




# मोबाइल की लत... अब 'स्कैन' होगी आदत

Abhishek.Gautam1
@timesofindia.com




■ नई दिल्ली: मोबाइल हाथ में हो और बिना देखे रहा न जाए, एक विडियो से अगला विडियो और कब घंटों निकल गए, पता ही नहीं चला। अगर यह आदत आपकी जिंदगी पर असर डालने लगी है तो अब इसे पहचानने का साइंटिफिक तरीका सामने आ गया है। एम्स ने एक देसी टूल तैयार किया है, जो बताएगा कि मोबाइल, इंटरनेट, गेमिंग, सोशल मीडिया या ओटीटी देखने की आपकी आदत सिर्फ शौक है या लत की शुरुआत। डॉक्टरों का दावा है कि महज 3 से 5 मिनट में यह टूल लत की पहचान कर लेगा।

**डिजिटल लत के रडार पर 13 से 25 साल वाले:** एम्स में बिहेवियरल एडिक्शन क्लिनिक चल रहा है, जहां सभी प्रकार के डिजिटल लत वाले मरीजों का इलाज किया जाता है। साइकियाट्री डिपार्टमेंट के डॉ यतन पाल सिंह बल्हारा बताते हैं कि इस क्लिनिक में स्मार्टफोन, इंटरनेट, गेमिंग, जुआ, पोर्नोग्राफी, शॉपिंग, ओटीटी कंटेंट देखना और सोशल मीडिया की लत से जुड़े मामले सामने आ रहे हैं। इनमें 13 से 25 साल की उम्र के लोगों की तादाद ज्यादा है। डॉ यतन के मुताबिक, इस क्लिनिक में पहले मरीज की पूरी स्थिति के बारे में जाना जाता है। फिर उसका इलाज शुरू होता है। इसमें काउंसलिंग के साथ ही दवाओं का भी इस्तेमाल जरूरत के हिसाब से होता है। यहां इलाज के लिए एम्स की वेबसाइट से अपॉइंटमेंट ले सकते हैं। यह क्लिनिक हर शनिवार को खुलता है।

**3 से 5 मिनट में चलेगा लत का पता:** डॉ यतन के मुताबिक, इस देसी टूल का नाम STEPS-IDD दिया गया है। इसे WHO के स्टैंडर्ड के आधार पर तैयार किया गया है। खास बात यह है कि यह टूल सिर्फ गेम या जुए तक सीमित नहीं है। इसके जरिए यह भी परखा जा सकता है कि सोशल मीडिया स्क्रॉल करना कंट्रोल से बाहर तो नहीं हो रहा, कहीं ऑनलाइन शॉपिंग जरूरत से ज्यादा तो नहीं बढ़ गई।

# TV देखने से रोका, 12 साल के बच्चे ने दी जान

■ NBT रिपोर्ट, नोएडा: गाजियाबाद में मोबाइल की लत से 3 नाबालिग बहनों की जान देने की खबर अभी ठंडी भी नहीं पड़ी कि नोएडा में भी टेलीविजन की लत ने 12 साल के बच्चे की जिंदगी छीन ली। सेक्टर-81 स्थित नगला चरण दास इलाके में रहने वाली महिला ने अपने 12 साल के बेटे को टीवी छोड़ पढ़ाई करने के लिए डांटा तो उसने गुस्से में फंदा लगाकर जान दे दी। टीवी देखने के चक्कर में उसने स्कूल जाना छोड़ दिया था।

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

मुख्य परियोजना प्रबंधक (जीएसयू), उत्तर–पश्चिम रेलवे, अजमेर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से नीचे दिये गये कार्यों के लिए दी गई तिथि को 15:00 बजे तक ई निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा संख्या: GSUAII-PFshlt-02-2026; कार्य का नाम: Provision of full length platform shelter for each platform at Bhilwara, Bijaynagar, Mavli Jn & kapasan (including Electrical General work) in Ajmer Udaipur section of Ajmer Division.; अनुमानित लागत: Rs. 31,83,96,333.13; Bid Security: Rs. 17,42,000.00; ई निविदायें बन्द होने की तिथि व समय 25.02.2026 को 15:00 बजे, ई निविदायें खोलने की तिथि व समय 25.02.2026 को 15:30 बजे उपरोक्त ई निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए वैबसाइट का पता – www.ireps.gov.in 189-AN/26

हमें /NWRailways पर फॉलो करें

ncrtc राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम लि.
(भारत सरकार एवं प्रतिभागी राज्य सरकारों का एक संयुक्त उपक्रम)

ई-निविदा सूचना

दिल्ली मेरठ RRTS कॉरिडोर ... DTL, TPDDL, DMRC, NDMC आदि के 220 kV और 66/33 kV ... केबल को शिफ्ट करने/बदलने के कार्य के लिए ऑनलाइन निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। [illegible]

विस्तृत जानकारी, एवं अनुवर्ती परिशिष्ट/शुद्धिपत्र (यदि कोई हो), के लिए कृपया एनसीआरटीसी वेबसाइट www.ncrtc.in या सीपीपी पोर्टल www.etenders.gov.in/eprocure/app को 07.02.2026 से 09.03.2026 (15:00 बजे तक) देखें। हस्ता/-ईडी/प्रोक्योरमेंट

**राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार**
**वन एवं वन्य जीव विभाग**
**उप वन संरक्षक कार्यालय (दक्षिण)**
**डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज के पास, तुगलकाबाद, नई दिल्ली-110044**

संख्या एफ.86/डीसीएफ (एस)/विकास/ई-निविदा/2025-26/7476 दिनांक: 04/02/2026

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

" दक्षिण वन मंडल के अंतर्गत वर्ष 2026–27 के लिए डेरा में 55,500 वृक्ष पौधों एवं 60,000 झाड़ी पौधों का सृजन, एक वर्ष की अवधि हेतु उनका रखरखाव तथा रोपण क्षेत्र के चारों ओर तारबंदी का कार्य, ई-निविदा आमंत्रित की गई है (निविदा संख्या 2026_DFWL_286169_1)"। यदि निविदाकर्ता/बोलीदाता को निविदा दस्तावेज में निहित किसी भी बात के अर्थ के बारे में कोई संदेह है, तो वह उप वन संरक्षक, दक्षिण वन प्रभाग, वन एवं वन्यजीव विभाग, दिल्ली सरकार, डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज के पास, नई दिल्ली-110044 के कार्यालय से स्पष्टीकरण मांग सकता है।

अनुमानित लागत रु. 10,37,88,400/- (रुपये दस करोड़ सैंतीस लाख अट्ठासी हजार चार सौ मात्र)। बोली प्रस्तुत करने की तिथि एवं समय 04.02.2026 को अपराह्न 3:00 बजे से 25.02.2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे तक है।

नोट:-

1. उपर्युक्त कार्य का विवरण और पात्रता मानदंड वेबसाइट- govtprocurement.delhi.gov.in से देखे और डाउनलोड किए जा सकते हैं।

2. संशोधन/परिवर्तन/शुद्धिपत्र, यदि कोई हो, केवल उल्लिखित वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे।

उप वन संरक्षक
दक्षिण वन प्रभाग

DIP/Shabdarth/Classified/0432/25-26

## पहचान के लिए अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक पुरुष जिसका **नाम: अज्ञात, पुत्र:** अज्ञात, **निवासी** अज्ञात, जो कि दिनांक 15.01.2026 को न्यू अशोक नगर, मुकन लाल अस्पताल, शिव मंदिर के पास, दिल्ली क्षेत्र में मृत पाया गया। इस सन्दर्भ में **DD No.: 58A, Dated 15.01.2026, पुलिस स्टेशन हरी नगर, पश्चिम जिला, नई दिल्ली** में रिपोर्ट दर्ज है। नीचे मृत पुरुष की पहचान दी गई है:

**लिंग:** पुरुष, **उम्र:** 50 वर्ष, **कद:** 5'6", **रंग:** गेहुआ, **पहचान चिह्न:** बाएं गाल पर पुराना निशान, **पहनावा:** काली टी–शर्ट, नीली जैकेट और नीली पैंट पहने हुए है। मृतक के शव को पहचान के लिए दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल, दिल्ली के शवगृह में 72 घंटे के लिए सुरक्षित रखा गया है।

अगर किसी को इस मृत पुरुष के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया नीचे दिए गए नंबर पर संपर्क करें।

थाना प्रभारी,
पुलिस स्टेशन हरी नगर, पश्चिम जिला,
नई दिल्ली, फोन: 9599717019, 8750871128

DP/1637/WD/2026

## गुमशुदा की तलाश



मोती कुमारी

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की जिसका **नाम: मोती कुमारी पुत्री:** बिशन कुमार शर्मा **पता:** मकान नंबर–जी–12/279, संगम विहार, नई दिल्ली, **लिंग:** महिला, **उम्र:** 18 वर्ष से अधिक **कद:** 5'2", **रंग:** गोरा, **चेहरा:** गोल, **शरीर:** मध्यम, **पहनावा:** बैंगनी रंग का सूट और सलवार और पैरों में गुलाबी रंग की चप्पल पहन रखी है जो दिनांक 04.02.2026 से मकान नंबर–जी–12/279, संगम विहार, नई दिल्ली, थाना क्षेत्र संगम विहार, नई दिल्ली, से लापता है।

इस बाबत **DD No. 125A दिनांक: 04.02.2026 थाना:** संगम विहार, नई दिल्ली, में दर्ज है। स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस लापता लड़की के बारे में कुछ मालूम नहीं हो पाया है। अगर किसी को भी इस लापता लड़की के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित पर सूचित करें।

वेबसाईट: http://cbi.nic.in
ई–मेल: cic@cbi.gov.in
फैक्स: 011-24368639
DP/1663/SD/2026

थानाध्यक्ष
पुलिस स्टेशन: संगम विहार, नई दिल्ली
मो. नं. 8010085267, 8750870833
9777645743

## पहचान के लिए अपील



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक महिला जिसका **नाम:** करमा देवी, **पत्नी :** श्याम लाल, **पता:** नामालूम, **लिंग:** महिला, **उम्र:** लगभग 80 साल, **कद:** 4'5", **रंग:** गोरा, **पहचान चिन्ह:** दायें हाथ पर टैटू का निशान, **पहनावा :** स्लेटी रंग का स्वैटर एवं हरे रंग का पेटीकोट पहने है, जो सैक्टर – 22, रोहिनी, दिल्ली स्थित सेवीराम पार्क के पास मिली। इस बाबत **DD No. 59A, दिनांक: 01.02.2026, थाना:** अमन विहार, दिल्ली में दर्ज है।

स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस लावारिस महिला के घरवालों के बारे में कुछ मालूम नहीं हो पाया है। अगर किसी को भी इस लावारिस महिला के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित पर सूचित करें।

फोन: 011-24368638, 24368641
वेबसाईट: http://cbi.nic.in
ई–मेल: cic@cbi.gov.in
फैक्स: 011-24368639
DP/1569/RD/2026

थानाध्यक्ष
पुलिस स्टेशन अमन विहार, दिल्ली
फोन: 9625727517

**प्रकाशन प्रभाग**
**सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार**
**सूचना भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली- 110003**

**अभिरुचि की अभिव्यक्ति**

प्रकाशन प्रभाग, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, दिल्ली एवं एनसीआर में स्थित पात्र व्यक्तियों/फर्मों से आवेदन आमंत्रित करता है, जिनके पास पुस्तकों, पत्रिकाओं और अन्य समान कार्यों के लेआउट डिजाइनिंग/टाइपसेटिंग को निष्पादित करने के लिए पूर्ण बुनियादी ढांचा है, और जो सीपीपी पोर्टल (ई-पब्लिशिंग) के माध्यम से लेआउट डिजाइनिंग/टाइपसेटिंग का कार्य करते हैं।

| सीपीपी पोर्टल आईडी | ईओआई संदर्भ संख्या | आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि |
| --- | --- | --- |
| 2025_PD_824128_1 | D-29017/09/2025-26/ Prod. | 23/02/2026 (15:00 बजे) |

आवेदन पत्र और अन्य संबंधित दस्तावेज वेबसाइट (www.publicationsdivision.nic.in) या सीपीपी पोर्टल (ई-पब्लिशिंग) से डाउनलोड किए जा सकते हैं।

CBC 22213/11/0005/2526

संख्या एफ.80/डीसीएफ(एस)/विकास/ई-निविदा/2025-26/7467
दिनांक: 04/02/2026

**राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार**
**वन एवं वन्य जीव विभाग**
**उप वन संरक्षक कार्यालय (दक्षिण)**
**डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज के पास, तुगलकाबाद, नई दिल्ली-110044**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

"दक्षिण वन मंडल के अंतर्गत वर्ष 2026-27 के लिए एक वर्ष की अवधि हेतु 80,000 वृक्ष पौधों एवं 86,500 झाड़ी पौधों का सृजन तथा उनका रखरखाव, एवं रोपण क्षेत्र के चारों ओर तारबंदी का कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की गई है (निविदा संख्या 2026_DFWL_286156_1)"। यदि निविदाकर्ता/बोलीदाता को निविदा दस्तावेज में निहित किसी भी बात के अर्थ के बारे में कोई संदेह है, तो वह उप वन संरक्षक, दक्षिण वन प्रभाग, वन एवं वन्यजीव विभाग, दिल्ली सरकार, डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज के पास, नई दिल्ली-110044 के कार्यालय से स्पष्टीकरण मांग सकता है। अनुमानित लागत रु. 13,13,99,744/- (तेरह करोड़ तेरह लाख निन्यानवे हजार सात सौ चवालीस मात्र)। बोली प्रस्तुत करने की तिथि एवं समय 04.02.2026 को अपराह्न 1:00 बजे से 25.02.2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे तक है।

नोट:-

1. उपर्युक्त कार्य का विवरण और पात्रता मानदंड वेबसाइट- govtprocurement.delhi.gov.in से देखे और डाउनलोड किए जा सकते हैं।

2. संशोधन/परिवर्तन/शुद्धिपत्र, यदि कोई हो, केवल उल्लिखित वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे।

उप वन संरक्षक
दक्षिण वन प्रभाग

DIP/Shabdarth/Classified/0434/25-26

**राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार**
**वन एवं वन्य जीव विभाग**
**उप वन संरक्षक कार्यालय (दक्षिण)**
**डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज के पास, तुगलकाबाद, नई दिल्ली-110044**

संख्या एफ.87/डीसीएफ(एस)/विकास/ई-निविदा/2025-26/7482 दिनांक:04/02/2026

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

"दक्षिण वन मंडल के अंतर्गत वर्ष 2026 - 27 के लिए मैदानगढ़ी में 71,000 वृक्ष पौधों एवं 76,000 झाड़ी पौधों का सृजन, एक वर्ष की अवधि हेतु उनका रखरखाव तथा रोपण क्षेत्र के चारों ओर तारबंदी का कार्य, ई-निविदा आमंत्रित की गई है (निविदा संख्या 2026_DFWL_1)"। यदि निविदाकर्ता/बोलीदाता को निविदा दस्तावेज में निहित किसी भी बात के अर्थ के बारे में कोई संदेह है, तो वह उप वन संरक्षक, दक्षिण वन प्रभाग, वन एवं वन्यजीव विभाग, दिल्ली सरकार, डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज के पास, नई दिल्ली-110044 के कार्यालय से स्पष्टीकरण मांग सकता है। अनुमानित लागत रु. 10,28,57,177/- (दस करोड़ अट्ठाईस लाख सत्तावन हजार एक सौ सतहत्तर रुपये मात्र)। बोली प्रस्तुत करने की तिथि एवं समय 04.02.2026 को अपराह्न 2:00 बजे से 25.02.2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे तक है।

नोट:-

1. उपर्युक्त कार्य का विवरण और पात्रता मानदंड वेबसाइट- govtprocurement.delhi.gov.in से देखे और डाउनलोड किए जा सकते हैं।

2. संशोधन/परिवर्तन/शुद्धिपत्र, यदि कोई हो, केवल उल्लिखित वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे।

उप वन संरक्षक
दक्षिण वन प्रभाग

DIP/Shabdarth/Classified/0433/25-26

**सिक्योरिटी प्रिंटिंग एंड मिंटिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड**
(भारत सरकार के पूर्ण स्वामित्वाधीन)
तृतीय तल, टावर - बी, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली – 110029
E-mail – recruitmentcell@spmcil.com वेबसाइट: www.spmcil.com
फोन: 01143582200

**विज्ञापन संख्या - 01/2026**

सिक्योरिटी प्रिंटिंग एंड मिंटिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एसपीएमसीआईएल), अनुसूची ए मिनी रत्न श्रेणी-I, केंद्रीय सार्वजनिक उद्यम (भारत सरकार के पूर्ण स्वामित्वाधीन), डेटा सेंटर, नोएडा और डिजास्टर रिकवरी सेंटर, हैदराबाद में अनुबंध आधार पर तैनाती हेतु निम्नलिखित पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है:

| क्र. स. | पद | आवश्यकता (संख्या में) | पदयोग्यता अनुभव | पारिश्रमिक | अधिकतम आयु (07/02/2026 तक) |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 1 | युवा पेशेवर (साइबर सुरक्षा) | 03 | प्रतिष्ठित कंपनी में कम से कम 05 वर्ष का संबंधित क्षेत्र (साइबर सुरक्षा) में अनुभव | 50,000/- रुपये (सर्वसमावेशी) | 35 वर्ष |

योग्यता, आयु, अनुभव और ऑनलाइनआवेदन करने के लिए अन्य सामान्य जानकारी हेतु हमारी वेबसाइट www.spmcil.com पर "करियर" लिंक पर जाएं।

**महत्वपूर्ण तिथि:**

| | |
| --- | --- |
| ऑनलाइन आवेदन करने हेतु वैबसाइट लिंक खुलने की तिथि | 07/02/2026 |
| ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि | 06/03/2026 |

संयुक्त महाप्रबंधक (मानव संसाधन)

# 5 करोड़ की प्रतिबंधित दवाओं के साथ दो सप्लायर गिरफ्तार

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



**प्रतिबंधित कैटिगरी** की 5 करोड़ कीमत वाली दवाओं के साथ दो तस्करों को क्राइम ब्रांच ने पकड़ा है। इनके कब्जे से अल्प्राजोलम की 21 हजार टैबलेट बरामद हुई हैं, जिनकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग पांच करोड़ रुपये है। आरोपियों की पहचान रोहतक निवासी मनोज कुमार उर्फ मनु और बिहार के किशनगंज निवासी तौहीद आलम उर्फ अयान के रूप में हुई है। आरोपी दिल्ली के भागीरथ पैलेस से प्रतिबंधित कैटिगरी दवाएं तस्करी कर रोहतक व अन्य जगहों पर तस्करी करते थे।

डीसीपी संजीव कुमार यादव के मुताबिक सूचना मिली थी। इसके बाद 16 जनवरी को भागीरथ पैलेस मार्केट में डिस्पेंसरी के पास से एक शख्स को उस समय गिरफ्तार किया गया जब वह किसी अनजान ग्राहक को सप्लाई की हुई अल्प्राजोलम सप्लाई करने जा रहा था। तलाशी में उसके पास रखे पॉलिथीन बैग से 19,200 अल्प्राजोलम टैबलेट बरामद हुईं। पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम मनोज बताया। कहा कि वह पिछले तीन साल से प्रतिबंधित कैटिगरी की दवाएं सप्लाई कर रहा था। उसने आगे बताया कि वह तौहीद उर्फ अयान नाम के एक सेल्समैन से यह दवाएं लेता था। इसके बाद अयान के ठिकानों पर छापे मारे। टीम ने अयान को दरियागंज इलाके में जगतलाल बिल्डिंग के पास से दबोच लिया। उसके दरियागंज स्थित किराए के घर से 252 ग्राम (1,800 टैबलेट) अल्प्राजोलम बरामद हुईं। मनोज ने मेडिकल स्टोर पर काम करते हुए दवा का काम सीखा था। बाद में वह सेल्समैन बनकर दिल्ली से रोहतक तक दवाओं की सप्लाई करने लगा। इसी दौरान उसने अवैध रूप से प्रतिबंधित दवाएं जैसे अल्प्राजोलम और ट्रामाडोल की तस्करी शुरू कर दी। जिन्हें वह तौहीद आलम उर्फ अयान से खरीदता था। तौहीद आलम भागीरथ पैलेस में सेल्समैन के तौर पर काम करता है। वह जेनेरिक दवाओं के साथ ये दवाएं भी खरीदकर अन्य सप्लायरों को बेचता था।

# निजी बसों पर ऐक्शन, 81% अधिक चालान कटे

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: सेंट्रल रेंज ट्रैफिक पुलिस ने पिछले वर्ष निजी बसों के खिलाफ सख्त और बड़े स्तर पर कार्रवाई की है। वर्ष 2024 की तुलना में 2025 में निजी बस चालकों के विरुद्ध जांच एवं कार्रवाई में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। ट्रैफिक पुलिस के आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2024 में 5,490 चालान किए गए थे, जबकि वर्ष 2025 में यह संख्या बढ़कर 9,912 हो गई, जो कुल मिलाकर 81 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाती है।

> सेंट्रल रेंज ट्रैफिक पुलिस ने निजी बसों की गैर कानूनी आवाजाही पर कसा शिकंजा

सबसे अधिक वृद्धि अधिक भार (हाई लोड) वाली बसों के खिलाफ कार्रवाई में दर्ज की गई, जिसमें 1,241 प्रतिशत की वृद्धि हुई। अनधिकृत पार्किंग के मामलों में 193 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई, जबकि अवैध रूप से सवारियां बैठाने के मामलों में 42 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इसके अतिरिक्त, बिना परमिट चलने वाली बसों के खिलाफ चालानों में 13 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। वहीं परमिट उल्लंघन के मामलों में 17 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई, जो सख्त कार्रवाई के चलते बेहतर अनुपालन को दर्शाती है। इसके साथ ही, निजी बसों को जब्त (इम्पाउंड) करने की कार्रवाई में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वर्ष 2024 में 539 बसें जब्त की गई थीं, जबकि वर्ष 2025 में यह संख्या बढ़कर 1,333 हो गई, जो 147 प्रतिशत की वृद्धि है। सेंट्रल रेंज ट्रैफिक डीसीपी निशांत गुप्ता ने बताया कि इस साल जनवरी में भी सख्त कार्रवाई जारी रही, जिसमें 605 बसों के खिलाफ अवैध पार्किंग, 249 बसों के खिलाफ अधिक वजन, 133 बसों के खिलाफ अवैध सवारी बैठाने और 72 बसों को इम्पाउंड किया गया।

## जन्मदिन की शुभकामनाएं

यह वर्ष सिंह लग्न में प्रवेश कर रहा है। वर्ष का स्वामी सूर्य है। इस वर्ष गुरु, चंद्रमा और शुक्र मिश्रित फल देने वाले रहेंगे। हालांकि अत्यधिक सक्रियता के कारण छोटी-सी असावधानी भी असफलता और निराशा का कारण बन सकती है, इसलिए धैर्य और सतर्कता आवश्यक है। वरिष्ठों की सलाह और योजनाबद्ध कार्यशैली से जोखिम कम होंगे। फरवरी में यदि काम समय पर पूर्ण न हो पाए तो विश्वासघात की स्थिति बन सकती है। मार्च में नियमित कार्यक्रमों में परिवर्तन से यथोचित लाभ मिलेगा। अप्रैल-मई तक का समय स्वास्थ्य के लिए अनुकूल रहेगा। जून में सभी काम कठिन परिश्रम और अधिक व्यय के बाद पूरे होंगे। इस दौरान आर्थिक संतुलन बनाए रखना जरूरी होगा। जुलाई-अगस्त के महीने में किसी बदल कार्य की योजना बनेगी। सितंबर में तीर्थ यात्रा का योग है। उन स्थानों पर जाने पर विचार करें, जहां जाने का संकल्प लंबे समय से बना रखा है। अक्टूबर में ज्ञानवर्धन और मनोरंजन पर किया गया व्यय सुखद सिद्ध होगा। नवंबर से 15 दिसंबर तक नई गतिविधियों से मानसिक थकान और बोरियत दूर होगी। ग्रह शांति के लिए मंगलवार और शनिवार को सुंदरकांड पाठ करते रहें। जनवरी 2027 में मनोरथ पूर्ण होंगे और आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

-आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

## कल का पंचांग
(रविवार, 8 फरवरी 2026)

राष्ट्रीय मिति माघ 19, शक संवत 1947, फाल्गुनी कृष्ण सप्तमी, रविवार, विक्रम संवत 2082। सौर माघ मास प्रविष्टे 26, शाबान 19, हिजरी 1447 (मुस्लिम) तदनुसार अंग्रेजी तारीख 8 फरवरी 2026 ई.। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, शिशिर ऋतु। राहुकाल सायं 06 बजे तक। सप्तमी तिथि अगले दिन तड़के 5 बजकर 2 मिनट तक उपरांत अष्टमी तिथि का आरंभ। स्वाती नक्षत्र अगले दिन तड़के 5 बजकर 3 मिनट तक उपरांत विशाखा नक्षत्र का आरंभ। गण्डयोग अर्धरात्रोत्तर 12 बजकर 8 मिनट तक उपरांत वृद्धि योग का आरंभ। विष्टि करण अपराह्न 3 बजकर 59 मिनट तक उपरांत बालव करण का आरंभ। चंद्रमा दिन-रात तुला राशि पर संचार करेगा।

## TELEVISION



big magic

| | |
| --- | --- |
| 09:00 बबलू डबलू | 13:30 भ से भड़े |
| 10:00 बड़कू बुड़बक | 14:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा |
| 11:00 रुद्र के रक्षक | 15:00 लिटिल कृष्णा |
| 12:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा | 17:00 बबलू डबलू |
| 12:30 हम पांच | 19:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा |
| 13:00 रुद्र के रक्षक | |

## सुडोकू

| | | | | | | | | |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 6 | | | | | | 3 | 7 | |
| | | | 3 | | | | | |
| 4 | | | | 9 | 2 | | 5 | |
| | | | 2 | | | 4 | | |
| 3 | 7 | | 8 | | 5 | | 2 | 6 |
| | | 2 | | | 1 | | | |
| | 6 | | 4 | 2 | | | | 8 |
| | | | | | 8 | | | |
| | 1 | 7 | | | | | | 3 |

## 12 राशियां और आपका दिन

**ARIES** (21 Mar - 19 Apr): आज आपकी राशि पर सातवें भाव में चंद्रमा तथा द्वादश भाव में शनि भी अ जाएगा, फलस्वरूप आज आपको आपके कार्य क्षेत्र या दफ्तर में कुछ नए अधिकार दिए जा सकते हैं। रचनात्मक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। पुत्र या पुत्री के विवाह का प्रस्ताव प्रबल होकर संपन्न हो सकता है।

**TAURUS** (20 Apr - 20 May): आपकी राशि का स्वामी शुक्र उच्चाभिलाषी है। नौवें भाव में बैठकर लग्न को संपूर्ण शुभ दृष्टि से देख रहा है। शुक्र सांसारिक सुख भोगों का प्रतिनिधि है, इसीलिए जरूरी सामान की खरीदारी में रात तक का समय व्यतीत होगा। घर-परिवार के बुजुर्गों से कहासुनी में न उलझें।

**GEMINI** (21 May - 21 Jun): पांचवें भाव में चंद्रमा और राशि से नौवें भाग्य भाव में कुंभ राशि का राहु आज आपको राज्य से सम्मान और सामाजिक प्रतिष्ठा से अभिभूत करेगा। व्यापार के भागीदारों और पत्नी पक्ष से भी पूर्ण सहयोग मिलेगा। कर्ज के भार में कमी होगी। कुंभ राशि का राहु अकस्मात अनिष्ट भय कारक है। इसलिए सावधान रहें।

**CANCER** (22 Jun - 22 Jul): आपकी राशि पर मिथुन का बृहस्पति और चौथे भाव में चंद्रमा उत्तम संपत्ति और बहुत दिनों से रुका धन दिलवाएगा। नए संबंधों में स्थापित करेगा। राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में भी अच्छी सफलता मिल सकती है, प्रयत्नशील रहें। रात का समय मंगल उत्सव में प्रियजनों के साथ हर्षोल्लास में बीतेगा।

**LEO** (23 Jul - 22 Aug): आज आप अपने निकटवर्ती व अन्य लोगों की भावनाओं को पहचानें और उनके अनुकूल चलने का प्रयास करें तो आपको आत्मसंतोष होगा। कभी कभार दूसरों की बात सुनने में कोई परेशानी नहीं है। दुकान या कार्यालय में भी टीमवर्क के जरिए ही आप किसी समस्या का हल निकालने में सफल होंगे।

**VIRGO** (23 Aug - 22 Sep): आपकी राशि से छठा राहु संचार कर रहा है, चंद्रमा द्वितीय कोष धन भाव में इष्ट मित्रों से निर्मूल विवाद तथा उत्तेजनात्मक है। इसलिए अपने आसपास खुशनुमा माहौल बनाने का प्रयास करें। कार्यालय में भी अकस्मात कोई नया परिवर्तन आपको आनंद में डाल सकता है। अधिकारी आपका सहयोग कर सकते हैं।

**LIBRA** (23 Sep - 22 Oct): आज का दिन आपके लिए बहुत खुशी से मेल-जोल कारक है। आकस्मिक अवांछित उलटफेर में आपको लाभ मिल सकता है। नए काम में वैधानिक और तकनीकि पहलुओं पर गंभीरता से विचार करने के बाद ही कुछ निर्णय लें। घर के पुराने लटके हुए कामों को बना लेने का मौका भी मिलेगा।

**SCORPIO** (23 Oct - 21 Nov): आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। बिजनेस के सिलसिले में किसी की सलाह लेने की आवश्यकता पड़ सकती है। दिन के दूसरे भाग में महिला मित्रों के साथ समय व्यतीत होगा। मामला कार्यक्षेत्र का हो या घर का आप अपने सभी उत्तरदायित्वों को सफलतापूर्वक निभा लेंगे।

**SAGITTARIUS** (22 Nov - 21 Dec): आज का दिन मिश्रित फलदायक है। आप अपने पुराने देनदारियों से मुक्त हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र में भी आपके सुझावों का स्वागत होगा। कुछ आवश्यक घरेलू सामान की खरीदारी करनी पड़ सकती है। अपनी जेब का खास ख्याल रखें। शाम का समय घरवालों के साथ व्यतीत करें।



**CAPRICORN** (22 Dec - 19 Jan): आज आपकी राशि से दशम का चंद्रमा पिता व गुरु की सत्ता तथा राज्य विजय कारक है। बहन भाई के विवाह इत्यादि मांगलिक समारोह में शामिल होने का अवसर मिलेगा। कोई पुराना मित्र या रिश्तेदार अचानक आपके सामने आकर खड़ा हो सकता है। यदि कोई आपसे उधार मांगे तो बिल्कुल न दें।

**AQUARIUS** (20 Jan - 18 Feb): राशि का स्वामी शनि द्वितीय कोष केंद्र में राजनैतिक क्षेत्र में सफलता कारक है, सक्रिय राजनीति में भाग लेने का योग बन रहा है। प्रतिस्पर्धा में प्रतिद्वंद्वी आपके पीछे रह जाएंगे। दिन का उत्तरार्ध में शुभ व्यय, कीर्ति में वृद्धि कारक है। पुण्य कार्यों पर भी व्यय हो सकता है।

**PISCES** (19 Feb - 20 Mar): राशि का स्वामी देवगुरु बृहस्पति पिछले कई दिनों से मिथुन राशि का होकर चतुर्थ भाव में चल रहा है। चंद्रमा भी अष्टम केंद्र घर पर में उत्तम संपत्ति प्रदान करेगा। खोया हुआ धन या रुका हुआ पैसा मिल जाएगा। मजबूत सक्रिय के बल पर किसी कठिन समस्या का समाधान भी हो जाएगा।

## केस वापस नहीं लेने पर जानलेवा हमला

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: हर्ष विहार इलाके में पुराना केस वापस नहीं लेने पर पड़ोस में रहने वाले परिवार ने बाप-बेटे के साथ जमकर मारपीट की और उन पर लोहे की रॉड से जानलेवा हमला किया।

**बाप-बेटे को किया घायल, पुलिस कर रही तलाश**

घायल बाप-बेटे को इलाज के लिए जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनके बयान पर पड़ोस में रहने वाले जोगिंदर, कार्तिक, शिवम, गीता और पूजा पर पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के प्रयास और आपराधिक धमकी देने के तहत मामला दर्ज कर लिया है। हालांकि अभी तक किसी की भी गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

## साइबर ठगों ने बुजुर्ग से ठगे 7 लाख रुपये

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: पटपड़गंज में रहने वाले एक बुजुर्ग के खाते से RTGS के माध्यम से साइबर ठगों ने करीब 7 लाख की ठगी कर डाली। जबकि बुजुर्ग की ओर से ऐसे लेन-देन का कोई भी परमिशन नहीं दिया गया था। फिलहाल पीड़ित के बयान पर ईस्ट जिले की साइबर थाना पुलिस ने ठगी का मामला दर्ज कर लिया है और जिस खाते में पैसे ट्रांसफर किए गए थे, उस खाते की मदद से ठगों का पता कर रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 69 वर्षीय कृष्णन रंजन परिवार के साथ कोणार्क अपार्टमेंट, पटपड़गंज में रहते हैं। उनका आरोप है कि उनके खाते से RTGS के माध्यम से 7 लाख की लेन देन की गई।

## चोरी के मोबाइल भेज देते थे नेपाल

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: सरोजिनी नगर थाना पुलिस ने दिल्ली के भीड़भाड़ वाले इलाकों से चोरी किए गए मोबाइल फोन नेपाल और बांग्लादेश भेजने वाले गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस ने इस संबंध में एक नाबालिग समेत दो लोगों को पकड़ा है। आरोपियों की पहचान अभिषेक उर्फ शुभम और 15 वर्षीय नाबालिग के रूप में हुई है। उनके कब्जे से पुलिस ने 34 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इसके अलावा, पुलिस ने तकनीकी निगरानी के जरिए 12 मोबाइल फोन और बरामद किए।

### दो नाबालिगों ने साथियों संग दिया वारदात को अंजाम, चार पकड़े

# साइड मिरर टूटने के विवाद में युवक की हत्या, साथी घायल

NBT 3 मिनट में पढ़ें

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली


अरुण (25)

**साउथ ईस्ट के बदरपुर के गौतमपुरी इलाके का है मामला**

**दोनों को गंभीर हालत में एम्स ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया जहां एक की हो गई मौत**

**आरोपियों से वारदात में इस्तेमाल चाकू पुलिस ने किया बरामद**

**साउथ ईस्ट** डिस्ट्रिक्ट के बदरपुर के गौतमपुरी इलाके में कार का साइड मिरर टूटने को लेकर हुए विवाद में दो नाबालिगों और उसके साथियों ने जीजा-साले पर चाकू से हमला कर दिया। दोनों को गंभीर हालत में एम्स ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने एक को मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरे की हालत गंभीर बनी हुई है। मृतक की पहचान 25 साल के अरुण (साला) के रूप में हुई है। घायल का नाम शिवम (25) है। उनके पेट में चाकू लगा है। पुलिस ने छापेमारी कर वारदात में शामिल नाबालिगों व उनके दो साथियों को पकड़ा है। आरोपियों से वारदात में इस्तेमाल चाकू बरामद हुआ है।

डीसीपी डॉ. हेमंत तिवारी ने बताया कि पांच फरवरी की रात करीब 10 बजे गौतमपुरी में आयुर्वेद अस्पताल के पास चाकूबाजी की पीसीआर कॉल मिली। खबर मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। घटनास्थल पर पूछताछ में पता चला कि घायलों को एम्स ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया है। पुलिस ने घटनास्थल पर क्राइम टीम व फरेंसिक टीम को बुलाया। घटना के चश्मदीदों ने पुलिस को बताया कि कार का साइड मिरर टूटने पर दोनों जीजा-साले का स्थानीय दो नाबालिगों व उनके साथियों से विवाद हुआ। दोनों पक्ष में पुरानी रंजिश की बात भी सामने आई है। इसी के चलते नाबालिगों व उनके दो साथियों ने अरुण और उसके जीजा शिवम से मारपीट के बाद चाकू से वार कर घायल कर दिया। पुलिस जांच में सामने आया कि अरुण कपड़ा बेचने का काम करते थे। जबकि शिवम एक अस्पताल में सफाई का काम करते हैं। अरुण के कूल्हे के पास चाकू लगा था। अधिक मात्रा में खून बह जाने से उनकी मौत हो गई, जबकि शिवम के पेट के ऊपरी हिस्से में चाकू लगा है। उनका इलाज चल रहा है।

**बचाने आए लोगों को चाकू दिखाकर डराया:** अरुण की मौसी पूजा व सुनीता ने बताया कि रात में खाना खाकर अरुण और उसके जीजा शिवम घूम रहे थे। इस बीच आरोपियों ने अरुण की कार का साइड मिरर तोड़ दिया। विरोध करने पर आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की और चाकू से हमला किया। बीच-बचाव करने आ रहे लोगों को भी आरोपियों ने चाकू दिखाकर डराया। पूजा के अनुसार अरुण के परिवार में माता-पिता के अलावा पत्नी व एक डेढ़ साल की बच्ची है। परिवार ने आरोपियों के लिए फांसी की मांग की है।

### ताबड़तोड़ छापेमारी कर पकड़े आरोपी

पुलिस ने कई टीमें बनाकर जगह-जगह दबिश दी। पुलिस ने 16 साल के दो नाबालिगों समेत अमर और विक्की नाम के आरोपियों को पकड़कर उनके कब्जे से वारदात में इस्तेमाल चाकू और खून से सने कपड़े बरामद किए। पूछताछ में पता चला कि झगड़े के दौरान एक नाबालिग ने ही दोनों युवकों पर चाकू से हमला किया था।

# 100+ वारदात के मास्टरमाइंड को एनकाउंटर में साथी समेत दबोचा

### आरोपी पर डकैती, लूट और घरों में आगजनी के कई केस दर्ज

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली


बदमाशों के कब्जे से दो पिस्टल, कारतूस और सेंधमारी में इस्तेमाल औजारों का बैग मिला

**आरके पुरम** थाना पुलिस ने मुठभेड़ के बाद दो आरोपियों को गिरफ्तार किया जिसकी पहचान संजय शर्मा उर्फ दरिद्र उर्फ संजू (35) और जमाल उर्फ जुमाल उर्फ जंगल उर्फ सोनू के रूप में हुई है। संजू के घुटने में गोली लगी है। बदमाशों से दो पिस्टल, कारतूस और सेंधमारी में इस्तेमाल औजारों का बैग मिला है। संजू पर विभिन्न थानों में 100 से अधिक केस दर्ज हैं।

डीसीपी अमित गोयल के अनुसार, कुछ दिनों से वसंत विहार सब डिविजन में स्नैचिंग, चोरी आदि की घटनाएं बढ़ रही थीं। इसको देखते हुए एसएचओ आरके पुरम रविंद्र कुमार त्यागी की देखरेख में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम गुरुवार देर रात आरके पुरम इलाके में गश्त कर रही थी। इस दौरान सूचना मिली कि सेक्टर 3 आरके पुरम में वेंकटेश्वर रोड पर बस स्टैंड के पास आरोपी संजय शर्मा उर्फ दरिद्र अपने साथी के साथ वारदात के इरादे से घूम रहा है। एनकाउंटर के समय आरोपी द्वारा चलाई गई गोली SHO रविंद्र कुमार त्यागी और SI सत्येंद्र दहिया की बुलेटप्रूफ जैकेट पर लगी।

### कई बार बाल सुधार गृह से भाग चुका है

संजय ने 2002 में 12 साल की उम्र में अपना पहला अपराध किया था। जब नाबालिग था, तब साउथ दिल्ली में सजू के नाम से चर्चित था। सेंधमारी और वारदात के बाद घरों में आग लगाने के लिए कुख्यात था। वह पुलिस से भी नहीं डरता था। कई बार बाल सुधार गृह से भाग चुका था। जांच में पता चला कि दिसंबर 2025 में जेल से छूटने के बाद वह हौज खास के शाहपुर जाट इलाके में रहने वाले जमाल उर्फ सोनू के साथ मिलकर वारदात कर रहा था। जमाल पर भी चोरी, आर्म्स एक्ट के 10 केस दर्ज हैं।

## वयस्क कपल को शादी करने का संवैधानिक अधिकार: HC

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा कि सहमति से शादी करने वाले वयस्कों को एक-दूसरे से शादी करने का संवैधानिक अधिकार है और न तो समाज, न ही सरकारी मशीनरी और न ही उनके माता-पिता उनके फैसले में दखल दे सकते हैं। कोर्ट ने यह आदेश एक कपल की याचिका पर दिया, जिसमें महिला के पिता से सुरक्षा की मांग की गई थी, जो उसकी पसंद से सहमत नहीं थे। कपल को पुलिस सुरक्षा देते हुए जस्टिस सौरभ बनर्जी ने कहा कि शादी का अधिकार मानवीय आजादी और पसंद का एक हिस्सा है, जो संविधान के अनुच्छेद 21 और मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा का एक अभिन्न अंग है।

2 फरवरी को पारित आदेश में कोर्ट ने कहा कि चूंकि याचिकाकर्ता दोनों बालिग हैं और एक-दूसरे से शादी करने के अपने अधिकार के दायरे में हैं, और सहमति से वयस्क होने के नाते स्वेच्छा से शादी के पवित्र बंधन में बंधकर जीवन भर एक-दूसरे का साथ निभाने का फैसला किया है, इसलिए अब से कोई भी, खासकर समाज, सरकारी मशीनरी और यहां तक कि उनके माता-पिता या रिश्तेदार या दोस्त भी याचिकाकर्ताओं के फैसले में किसी भी तरह से दखल नहीं दे सकते।


**इन्वेस्ट यूपी**

INVEST UP

ए-ब्लाक, द्वितीय, चतुर्थ एवं छठवां तल, पिकप भवन, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010 (उ.प्र.)

विज्ञापन सं: 546/Admin/IUP/2025-26 दिनांक: 05 फरवरी, 2026

निम्नलिखित पदों हेतु योग्य एवं अनुभवी उम्मीदवारों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित हैं। सभी आवेदन इन्वेस्ट यूपी की वेबसाइट www.invest.up.gov.in/career/ पर स्वीकार किए जाएंगे।

| क्र.सं. | पद का नाम | पदों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | जी.सी.सी. हेड | 01 |
| 2 | पी.एस.यू. हेड | 01 |

➤ कृपया शैक्षणिक / तकनीकी अर्हता, उम्र, योग्यता, अनुभव, आवेदन प्रारूप इत्यादि की जानकारी हेतु इन्वेस्ट यूपी की वेबसाइट https://invest.up.gov.in/career/ पर जाएं।

➤ उपरोक्त पदों के लिए केवल ऑनलाइन आवेदन ही स्वीकृत किए जाएंगे।

➤ दिनांक 22.02.2026 को सायं 5:00 बजे तक किए गए ऑनलाइन आवेदन ही स्वीकार किए जाएंगे।

ऑनलाइन पदों के लिए आवेदन करने हेतु स्कैन करें

मुख्य कार्यपालक अधिकारी,
इन्वेस्ट यूपी



राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम
**NATIONAL COOPERATIVE DEVELOPMENT CORPORATION**
सहकारिता मंत्रालय,
भारत सरकार के अंतर्गत एक सांविधिक निकाय
4, सिरी इंस्टिट्यूशनल क्षेत्र, हौज खास, नई दिल्ली-110016

राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम NCDC Assisting Cooperatives, Always! सहकारिताओं की सहायता में सदैव तत्पर!

International Year of Cooperatives 2025

सं. रा०स०वि०नि०: 4-7/2025-प्रशा. विज्ञापन सं. 01/2026 दिनांक: 22.01.2026

राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम सीधी भर्ती के आधार पर निम्नलिखित पद के लिए भारत के अर्ह नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करता है:-

| | |
|---|---|
| पद का नाम | मुख्य निदेशक (विधिक तथा वसूली) |
| पद की संख्या | 01 (अन्य पिछड़ा वर्ग) |
| आयु सीमा | 50 वर्ष |
| भर्ती का तरीका | सीधी भर्ती के आधार पर |
| पे-मैट्रिक्स में पे-लेवल | सातवें वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स का वेतन स्तर-13 (पूर्व संशोधित पे बैंड-4: रु.37400-67000/- के साथ ग्रेड पे रु.8700/-) |
| शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव | सीधी भर्ती हेतु आवश्यक: एलएलबी की डिग्री धारक और बार काउंसिल में अधिवक्ता के रूप में नामांकित अनुभव:- कानूनी/वित्तीय दस्तावेजीकरण/बंधक/गारंटी/हाइपोथिकेशन/वसूली के मुकदमे/दावे/सरफेसी अधिनियम/ऋण वसूली न्यायाधिकरण आदि, तथा विभिन्न न्यायालयों/न्यायाधिकरणों में ऐसे विषयों से संबंधित मुकदमेबाजी के मामलों में 15 वर्ष का अनुभव, जिसमें से न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव सातवें वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स स्तर-12 या समकक्ष पद पर होना अनिवार्य है। वर्तमान में निजी क्षेत्र में कार्यरत उम्मीदवारों के लिए, उनका सीटीसी सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों में कार्यरत उम्मीदवारों हेतु निर्धारित वेतनमान के तुलनीय होना चाहिए। वरीयता : सहकारी संगठन में अनुभव को वरीयता दी जाएगी |

भर्ती के अन्य नियमों और शर्तों के लिए इच्छुक उम्मीदवार एनसीडीसी की वेबसाइट www.ncdc.in पर जा सकते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 9 मार्च, 2026 है।



प्रपत्र संख्या INC-26

[कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के अनुसार]

**कंपनी के पंजीकृत कार्यालय को एक राज्य से दूसरे राज्य में स्थानांतरित करने के लिए समाचार पत्र में प्रकाशित किया जाने वाला विज्ञापन**

**माननीय क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, नई दिल्ली के समक्ष**

**कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 की उपधारा (4) और कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के उप-नियम (5) के खंड (क) के मामले में**

और

**बनायन ट्री सर्विसेज लिमिटेड, जिसका पंजीकृत कार्यालय एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली, भारत - 110002 में स्थित है, के मामले में**

...आवेदक

आम जनता को सूचित किया जाता है कि कंपनी, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के तहत क्षेत्रीय निदेशक को एक आवेदन प्रस्तुत करने का प्रस्ताव करती है, जिसमें **शुक्रवार, 30 जनवरी, 2026** को आयोजित असाधारण आम बैठक में पारित विशेष प्रस्ताव के अनुसार कंपनी के मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन में परिवर्तन की पुष्टि मांगी गई है, ताकि कंपनी अपना पंजीकृत कार्यालय **"दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, नई दिल्ली"** से **"महाराष्ट्र राज्य, मुंबई"** में स्थानांतरित कर सके।

कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में प्रस्तावित परिवर्तन से ऐसा कोई भी व्यक्ति जिसका हित प्रभावित होने की संभावना है, वह **एमसीए पोर्टल** (www.mca.gov.in) पर **निवेशक शिकायत प्रपत्र भरकर** या अपने हितों की प्रकृति और विरोध के कारणों का उल्लेख करते हुए हलफनामे के साथ अपनी आपत्तियां माननीय क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, नई दिल्ली, बी-2 विंग, दूसरी मंजिल, पं. दीनदयाल अंत्योदय भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली - 110003 को इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से चौदह दिनों के भीतर भेज सकता है। इसकी एक प्रति आवेदक कंपनी के पंजीकृत कार्यालय और कॉर्पोरेट कार्यालय को नीचे दिए गए पते पर भी भेजी जानी चाहिए।

**पंजीकृत कार्यालय:**
एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10 बहादुरशाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली, भारत - 110002

**कॉर्पोरेट कार्यालय:**
प्लॉट नंबर 391, आईटी एक्सटेंसी पार्क, उद्योग विहार, फेज III, गुरुग्राम-122016

**बनायन ट्री सर्विसेज लिमिटेड की ओर से**

हस्ताक्षर/-
प्रीति राय, कंपनी सचिव
सदस्यता संख्या 33375

**दिनांक: 7 फरवरी, 2026**
**स्थान: दिल्ली**



प्रपत्र संख्या INC-26

[कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के अनुसार]

**कंपनी के पंजीकृत कार्यालय को एक राज्य से दूसरे राज्य में स्थानांतरित करने के लिए समाचार पत्र में प्रकाशित किया जाने वाला विज्ञापन**

**माननीय क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, नई दिल्ली के समक्ष**

**कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 की उपधारा (4) और कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के उप-नियम (5) के खंड (क) के मामले में**

और

**मनीगोल्स सॉल्यूशंस लिमिटेड, जिसका पंजीकृत कार्यालय एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली, भारत - 110002 में स्थित है, के मामले में**

...आवेदक

आम जनता को सूचित किया जाता है कि कंपनी, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के तहत क्षेत्रीय निदेशक को एक आवेदन प्रस्तुत करने का प्रस्ताव करती है, जिसमें **शुक्रवार, 30 जनवरी, 2026** को आयोजित असाधारण आम बैठक में पारित विशेष प्रस्ताव के अनुसार कंपनी के मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन में परिवर्तन की पुष्टि मांगी गई है, ताकि कंपनी अपना पंजीकृत कार्यालय **"दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, नई दिल्ली"** से **"महाराष्ट्र राज्य, मुंबई"** में स्थानांतरित कर सके।

कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में प्रस्तावित परिवर्तन से ऐसा कोई भी व्यक्ति जिसका हित प्रभावित होने की संभावना है, वह **एमसीए पोर्टल** (www.mca.gov.in) पर **निवेशक शिकायत प्रपत्र भरकर** या अपने हितों की प्रकृति और विरोध के कारणों का उल्लेख करते हुए हलफनामे के साथ अपनी आपत्तियां माननीय क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, नई दिल्ली, बी-2 विंग, दूसरी मंजिल, पं. दीनदयाल अंत्योदय भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली - 110003 को इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से चौदह दिनों के भीतर भेज सकता है। इसकी एक प्रति आवेदक कंपनी के पंजीकृत कार्यालय और कॉर्पोरेट कार्यालय को नीचे दिए गए पते पर भी भेजी जानी चाहिए।

**पंजीकृत कार्यालय:**
एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10 बहादुरशाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली, भारत - 110002

**कॉर्पोरेट कार्यालय:**
प्लॉट नंबर 391, आईटी एक्सटेंसी पार्क, उद्योग विहार, फेज III, गुरुग्राम-122016

**मनीगोल्स सॉल्यूशंस लिमिटेड की ओर से**

हस्ताक्षर/-
प्रीति राय, कंपनी सचिव
सदस्यता संख्या 33375

**दिनांक: 7 फरवरी, 2026**
**स्थान: दिल्ली**






**Statement of unaudited financial results for the quarter and nine months ended 31 December 2025**

(₹ in Lakhs)

| S. No. | Particulars | Standalone | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter ended | | | Nine months ended | | Year ended |
| | | 31 December 2025 | 30September 2025 | 31 December 2024 | 31December 2025 | 31 December 2024 | 31 March 2025 |
| | | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Audited |
| 1 | Total income from operations | 26,565.00 | 17,750.81 | 22,463.58 | 60,518.21 | 50,628.45 | 72,951.45 |
| 2 | EBIDTA | 9,517.07 | 4,210.59 | 7,249.25 | 18,622.67 | 14,639.99 | 20,503.66 |
| 3 | Net Profit before tax | 5,998.02 | 852.70 | 4,519.13 | 8,760.64 | 6,828.27 | 9,821.06 |
| 4 | Net profit after tax for the period/year | 4,509.18 | 675.46 | 3,438.81 | 6,651.84 | 5,234.82 | 7,486.31 |
| 5 | Total comprehensive income for the period/year | 4,532.17 | 695.05 | 3,477.23 | 6,595.08 | 5,275.51 | 7,500.04 |
| 6 | Paid-up equity share capital (face value Rs. 2/- each) | 1,672.76 | 1,672.76 | 1,672.76 | 1,672.76 | 1,672.76 | 1,672.76 |
| 7 | Other equity | | | | | | 37,636.78 |
| 8 | Earnings per share (of Rs. 2/- each) (not annualized for quarters and six months ended) | | | | | | |
| | (a) Basic | 5.39 | 0.81 | 4.11 | 7.95 | 6.26 | 8.95 |
| | (b) Diluted | 5.39 | 0.81 | 4.11 | 7.95 | 6.26 | 8.95 |

**Notes:**

1 The above is an extract of the detailed format of quarter and nine months ended 31 December, 2025. Results filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarter ended are available on the Stock Exchange websites (www.bseindia.com & www.nseindia.com) and on the Company's website www.cantabilinternational.com and also use the following link

NSE- https://www.nseindia.com/get-quotes/equity?symbol=CANTABIL

BSE- https://www.bseindia.com/stock-share-price/cantabil-retail-india-ltd/cantabil/533267/financials-results/

Company Website- http://www.cantabilinternational.com/investor_annual&quarterlyresult.html

2 The financial results for the quarter and nine months ended 31 December 2025 have been reviewed and recommended for approval by the Audit Committee and accordingly approved by the Board of Directors of Cantabil Retail India Limited ("the Company") at their respective meetings held on 06 February 2026. The statutory auditors have carried out a limited review of these results.

3 These financial results have been prepared in accordance with Indian Accounting Standards ('Ind AS') prescribed under section 133 of the Companies Act, 2013 read with relevant rules thereunder and in terms of Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 (as amended).

4 The business activities of the Company predominantly falls within a single primary business segment viz. "Retail", accordingly there are no separate reportable business segments as per Ind AS 108 "Operating Segments".

5 The Board of Directors has declared an interim dividend @ Rs.0.75/- per equity share (37.50%) of face value of Rs. 2/- per share at their meeting held on 06 February 2026.

6 On 21 November 2025, the Government of India notified the four Labour Codes consolidating 29 existing labour laws. The Ministry of Labour & Employment has also issued draft Central Rules and FAQs to help assess the financial impact of these changes. Based on management assessment and the best information available, and in line with the Institute of Chartered Accountants of India (ICAI) guidance, the incremental impact of these changes is not material to the financial results for the quarter and nine month ended 31 December 2025. The Company continues to monitor the finalisation of Central and State Rules and clarifications from the Government on other aspects of the Labour Code and would provide appropriate accounting effect subsequently on the basis of such developments as needed.

7 The previous period/year numbers have been regrouped/reclassified wherever necessary to conform to current period presentation. The impact of such reclassification/regrouping is not material to the financials results.

Place: New Delhi
Date: 06 February 2026

For Cantabil Retail India Limited
Sd/-
(Vijay Bansal)
Chairman & Managing Director
DIN 01110877

**CANTABIL RETAIL INDIA LIMITED**
Regd. Office: B-16, Lawrence Road Industrial Area, Delhi - 110035
CIN: L74899DL1989PLC034995, Website: www.cantabilinternational.com
Tel : +91-11-41414188, Email: info@cantabilinternational.com

# NDMC के गोदाम में आग, ऊंची-ऊंची लपटें



■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



सफदरजंग फ्लाईओवर के नीचे स्थित गोदाम। सभी लोगों को पुलिस ने सुरक्षित निकाला।

सफदरजंग फ्लाईओवर के नीचे स्थित एनडीएमसी के गोदाम में शुक्रवार शाम अचानक आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि कुछ ही देर में गोदाम से ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगीं, जिससे आसपास के इलाके में अफरातफरी मच गई। हालांकि समय रहते मिली सूचना और पुलिस की तत्परता से एक बड़ा हादसा टल गया। पुलिस के मुताबिक, शाम करीब 6 बजे सरोजनी नगर थाना पुलिस को सूचना मिली कि गोदाम में आग लग गई है। खबर मिलते ही एसएचओ अतुल त्यागी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पहुंचने पर देखा गया कि गोदाम में आग लगी हुई है और आग तेजी से फैलने की आशंका बनी हुई है। पुलिस ने गोदाम के आसपास मौजूद सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। पुलिस की इस कार्रवाई के चलते किसी के फंसे होने या जानमाल के बड़े नुकसान की स्थिति पैदा नहीं हुई। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। खबर लिखे जाने तक दमकल विभाग का बचाव और कूलिंग ऑपरेशन जारी है।

पुलिस ने तुरंत इलाके में घेराबंदी किया और दमकल विभाग को सूचना दी। इधर

# 13 साल बाद जनकपुरी में सीवर लाइनों की सफाई

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

जनकपुरी इलाके में करीब 13 साल बाद 60 साल पुरानी ट्रंक सीवर लाइनों की सफाई और बदलने का बड़ा प्रोजेक्ट शुरू किया गया है। पिछले साल सितंबर से जारी इस काम के तहत हरि नगर नेल रोड से केशोपुर सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (STP) तक जाने वाली मुख्य लाइन की सफाई की जा रही है। इस प्रोजेक्ट का अनुमानित बजट 13 करोड़ रुपये है।

**60 साल पुरानी सीवर लाइनों की सफाई और बदलने का बड़ा प्रोजेक्ट शुरू**

1.5 मीटर चौड़ी इस लाइन में दशकों से सफाई न होने के कारण 65% सिल्ट जमा हो चुका था। सिल्ट जमा होने से वीरेंद्र नगर, शिव नगर, हरि नगर और जनकपुरी में सीवर ओवरफ्लो की गंभीर समस्या थी। जनकपुरी डिस्ट्रिक्ट सेंटर के पास 200 मीटर लंबी नई लाइन डाली गई है। जोगिंदर सिंह मार्ग पर 'ट्रेंचलेस' तकनीक से काम के दौरान ही 14 फीट गहरे गड्ढे में हादसा हुआ है।

जल बोर्ड के अनुसार, 60 साल पुरानी होने के कारण इन्हें बदलना अनिवार्य था। जनकपुरी के सभी ब्लॉकों में इस काम को इसी साल के अंत तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।


उत्तर रेलवे

इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है–

| क्र. सं. | टेंडर संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 82262134 | इंजेक्शन वालप्रुमिक 400 मि.ग्रा. | 350 संख्या | 23.02.2026 |
| 02 | 82262175 | टैबलेट ग्लिमेप्राइड 14 मि.ग्रा. | 18,900 संख्या | 27.02.2026 |
| 03 | 82261168A | इंसुलिन डेग्लुडेक पेन इंजेक्शन 100 यूनिट प्रति मि.ली. (दीर्घकालिक इंसुलिन | 6,810 संख्या | 27.02.2026 |
| 04 | 82262174 | टैबलेट ग्लिमेप्राइड 7 मि.ग्रा. | 45,990 संख्या | 23.02.2026 |
| 05 | 82261208A | इंसुलिन ग्लार्जिन पेन इंजेक्शन 100 IU प्रति मि.ली. (दीर्घकालिक इंसुलिन) | 24,640 संख्या | 02.03.2026 |
| 06 | 82269941A | टैबलेट एम्पाग्लिफ्लोजिन 40 मि.ग्रा. | 2,000 संख्या | 02.03.2026 |

निविदा शर्तें 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है।

2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।

टेंडर नोटिस सं. टेबलेट/इंजेक्शन और दवाएं दिनांक : 6.02.2026 422/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



झारखण्ड राज्य बिवरेजेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड, रांची

(झारखण्ड सरकार का उपक्रम)

कॉर्पोरेट पहचान सं० –U51228JH2010SGC014519, TIN No - 20520108277E-mail :- jsbcl.jharkhand@gmail.com

उत्पाद भवन, धुर्वा, नवीन पुलिस केंद्र के समीप, कांके रोड, रांची– 834008 E-mail :- jsbcl.jharkhand@gmail.com

अति अल्पकालिन ई–आमंत्रण पत्रांक सं०–JSBCL/05 दिनांक– 06.02.2026

इच्छा की अभिव्यक्ति हेतु अति अल्पकालिन ई–आमंत्रण सूचना

झारखण्ड राज्य बिवरेजेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड, रांची

मदिरा संचयन गोदाम हेतु इच्छा की अभिव्यक्ति हेतु अति अल्पकालिन ई–आमंत्रण सूचना

| क्र०सं० | विवरणी | अनुसूचि |
|---|---|---|
| 1 | इच्छा की अभिव्यक्ति के प्रपत्र को वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in एवं http://jsbcl.in पर अपलोड करने की तिथि | दिनांक– 06.02.2026 |
| 2 | इच्छा की अभिव्यक्ति को ऑनलाईन https://jharkhandtenders.gov.in के माध्यम से जमा करने की प्रारंभिक तिथि | दिनांक– 07.02.2026 |
| 3 | इच्छा की अभिव्यक्ति को Online रूप से जमा करने की अंतिम तिथि | दिनांक– 13.02.2026 के अपराह्न 06.00 बजे तक |
| 4 | इच्छा की अभिव्यक्ति को ऑनलाईन माध्यम से तकनीकि बिड खोलने की तिथि | दिनांक– 16.02.2026 के अपराह्न 03:00 बजे |

नोट:– (1) इच्छा की अभिव्यक्ति की विस्तृत जानकारी प्राप्त करने हेतु https://jharkhandtenders.gov.in एवं http://jsbcl.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

(2) इच्छा की अभिव्यक्ति हेतु आवेदन ऑनलाईन https://jharkhandtenders.gov.in माध्यम से ही स्वीकार की जायेगी।

ह०/–
महाप्रबंधक (वित)
झारखण्ड राज्य बिवरेजेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड, रांची

PR 372464 Excise(25-26)#D


# पहचान की अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति, जिसका नाम: नामालूम, पुत्र: नामालूम, पता: नामालूम, लिंग: पुरुष, उम्र: तकरीबन 55 साल, कद: 5फीट 6इंच, रंग: गेहुंआ, चेहरा: लम्बा, पहनावा: काले रंग का लोवर, गहरे नीले रंग की जैकेट, बरामदी स्थान: दिनांक 03.02.2026 को इस भटकते हुए व्यक्ति का मृत शरीर, जगमग पेंट वाली दुकान के पास, फुटपाथ पर, नजदीक सब्जी मंडी, घंटाघर चौक, दिल्ली, से पाया गया। क्राइम टीम द्वारा, इसके शरीर को अरुणा आसफ अली व हिन्दू राव अस्पताल, MLC No. 499/2026 (MLR No. M18042502600528) के तहत, ले गयी, जहां जांच के दौरान, डॉक्टरों ने 'मृत लाया गया' घोषित कर दिया। इस संदर्भ में DD No. 082 A, दिनांक: 03.02.2026, U/s: 194 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023, थाना: रूप नगर, जिला नॉर्थ, दिल्ली, में दर्ज है।

पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है। यदि किसी भी व्यक्ति को इस व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

थाना प्रभारी
थाना: रूप नगर, जिला नॉर्थ, दिल्ली
फोन: 7042820724, 8750870129, 9868684740

DP/1626/N/2026

पाठकों ने हमें बताई समस्या, फिर एनबीटी ने मौके पर पहुंचकर लिया जायजा

# द्वारका मोड़ से NSUT यूनिवर्सिटी, फुटपाथ पर टूटे स्लैब, खुला नाला

■ NBT रिपोर्ट, द्वारका मोड़

एनबीटी रीडर योगराज धूपर ने द्वारका मोड़ से NSUT यूनिवर्सिटी की तरफ जाने वाले रास्ते पर पड़ने वाले सहकारी बैंक के सामने बदहाल फुटपाथ की तस्वीर भेजी है। उनका कहना है कि नाले पर बना फुटपाथ कई जगह से बदहाल है। स्लैब टूटे हुए हैं, टाइल्स भी उखड़ चुकी है। ऐसे में पैदल चलने वालों को काफी दिक्कतें होती हैं। स्लैब न होने के कारण कोई भी नाले में गिर सकता है। उन्होंने बताया कि संबंधित डिपार्टमेंट का ध्यान इस तरफ नहीं है, जबकि यह प्रमुख रास्तों में से एक है।

शिकायत मिलने के बाद एनबीटी रिपोर्टर नवीन निश्चल ने द्वारका मोड़ से NSUT तक के रोड पर पहुंचकर वहां का हाल देखा। इस दौरान उन्हें सिर्फ एक जगह ही नहीं, बल्कि 4–5 जगहों पर यह समस्या दिखी। स्थानीय निवासी राकेश तिवारी का कहना है कि यहां पर बुरा हाल है। साफ-सफाई भी नहीं होती है। काफी दिनों से नाले पर डला स्लैब टूटा हुआ है। इसकी वजह से अक्सर कई लोग गिर चुके हैं। खुले नाले के चक्कर में लोग सर्विस लाइन पर बचकर चलते हैं, बदबू आती है। सतपाल ने कहा गंदगी से बचने के लिए हम लोगों ने खुद यहां पेड़ के नीचे चबूतरा बनवा दिया।

महिला सविता का कहना था कि कोई बच्चा गिर जाए तो आप समझो उसका क्या होगा?

NBT ऑन स्पॉट





1) कई जगह धंसा रास्ता, रोज गिरने का खतरा पैदल चलने वालों को काफी दिक्कत होती है। कोई भी नाले में गिर सकता है।

2) काफी दिनों से नाले पर डला स्लैब टूटा हुआ है। इसकी चपेट में आकर कई लोग गिर चुके हैं। लोगों का कहना, जिम्मेदार देखकर है।

## सड़क गड्ढों से भरी, दूसरी ओर अंडरपास में सीवर का पानी

**लोगों के सवाल**



यह लॉरेंस रोड इंडस्ट्रियल एरिया अंडरपास के ऊपर की फोटो है। इस गड्ढे के अलावा पूरी सड़क भी गड्ढों से भरी हुई है। ये गड्ढे कभी भी हादसे का कारण बन सकते हैं। सड़क कब तक ठीक होगी? - एनबीटी रीडर

**अधिकारी का जवाब**

पीडब्ल्यूडी इंजिनियर ... के अनुसार दिल्ली में तमाम सड़कों पर बने गड्ढों और सड़कों की रिपेयरिंग का प्लान बनाया गया है। यह काम जल्दी ही शुरू हो सकता है। इस दौरान इस रोड की भी रिपेयरिंग करने का प्लान है।

**लोगों के सवाल**



आजाद मार्केट अंडरपास में हमेशा सीवर का पानी भरा रहता है। इससे लोगों को काफी परेशानी होती है। कई बार शिकायतें के बाद भी कार्रवाई नहीं होती है। इस समस्या का समाधान कब तक होगा? - एनबीटी रीडर

**अधिकारी का जवाब**

पीडब्ल्यूडी इंजिनियर मनीष का कहना है कि यह रोड पीडब्ल्यूडी की है, लेकिन आजाद मार्केट अंडरपास का निर्माण एमसीडी और रेलवे ने किया है। मेंटिनेंस एमसीडी के हाथ में है। इसलिए एमसीडी को पत्र लिखा गया है कि पानी निकासी का प्रबंध करें।

# दिल्ली पुलिस के हेड कॉन्स्टेबल की महिला मित्र ने मार ली गोली

■ NBT रिपोर्ट, ग्रेटर नोएडा

ग्रेनो वेस्ट की सोसायटी में पार्टी कर रहे दिल्ली पुलिस के हेड कॉन्स्टेबल और उसकी महिला मित्र के बीच विवाद हो गया। इसमें युवती ने हेड कॉन्स्टेबल की लाइसेंसी पिस्टल से खुद को गोली मार ली। उसकी हालत गंभीर है और निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। युवती उसके साथ पांच साल से रिलेशनशिप में है। जबकि युवक का उसकी पत्नी के साथ विवाद चल रहा है। बिसरख पुलिस ने हेड कॉन्स्टेबल को गिरफ्तार कर लिया और पिस्टल बरामद कर ली।

दिल्ली पुलिस का हेड कॉन्स्टेबल आशीष पवार गुरुवार की रात ग्रेटर नोएडा वेस्ट की राधा स्काई गार्डन सोसायटी में दोस्तों के साथ पार्टी कर रहा था। आशीष की महिला मित्र भी शामिल थी।



दोस्तों के साथ कर रहे थे पार्टी, पुलिस ने मौके पर छानबीन की

**पत्नी के साथ चल रहा है विवाद**

आशीष का पत्नी से तलाक का विवाद चल रहा है। वह महिला मित्र के साथ 5 सालों से रिलेशनशिप में है। दोनों ने मंदिर में शादी कर चुके हैं। दोनों राधा स्काई गार्डन सोसाइटी के टावर नंबर-7 के 12वें फ्लोर में रह रहे थे। इसी बीच मकान मालिक ने फ्लैट खाली करने के लिए कहा था। बताया जाता है कि इसके बाद ग्रेनो वेस्ट की गौड़ सौंदर्यम में किराये का फ्लैट लिया। जबकि आशीष का परिवार गाजियाबाद के राजनगर एक्सटेंशन एरिया में रहता है। मकान मालिक ने सामान ले जाने के लिए कहा था।

दिल्ली की खबरों के लिए एक्स पर फॉलो करें @NBTDilli

दिल्ली की खबरों के लिए टेलीग्राम पर फॉलो करें t.me/nbtdilli


उत्तर रेलवे

निविदा सूचना (ई–टेंडरिंग द्वारा)

निविदा संख्या: 558–सिगनल–16–टेंडी–ओपन टेंडर–1031 दिनांक : 02.02.2026

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम तथा स्थान | आनंद विहार रेलवे स्टेशन पर नवनिर्मित प्लेटफार्म पर एएएवी, एसएसी, एमयूआर, बीसीएस और यात्री सुविधाओं (दूरसंचार) के लिए संतुलित कोच मार्गदर्शन प्रणाली का प्रावधान तथा एनडीएलएस स्टेशन के पुनर्विकास के कारण जिन स्टेशनों पर ट्रेन संचालन सुविधा शुरू की जानी है, वहां संतुलित आईपीआईएस स्वचालित घोषणा, टीआईडीबी आदि का प्रावधान। |
| कार्य की अनुमानित लागत (₹) | ₹ 1,79,60,613.08/- मात्र |
| धरोहर राशि (₹) | ₹ 2,39,800.00/- मात्र |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता–C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 |
| निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने का दिनांक तथा समय | निविदा प्रपत्र जमा अपलोड करने का समय दिनांक 25.02.2026 15.00 बजे तक |
| वेब साइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है | उत्तर रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें या देखें नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 |

424/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय)

भर्ती सूचना

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (भा.रा.रा.प्रा.) पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति आधार पर निम्नलिखित पद के लिए भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित करता है :-

| पद का नाम | पदों की सं. | वेतनमान |
|---|---|---|
| मुख्य महाप्रबंधक (तकनीकी) | 06 | पे मैट्रिक्स के लेवल–14 (₹ 144200–218200) |

2. भा.रा.रा.प्रा. की वेबसाइट (https://www.nhai.gov.in) पर उपलब्ध विस्तृत विज्ञापन में दी गई प्रक्रिया के अनुसार आवेदक दिनांक 06.03.2026 (सायं 06:00 बजे तक) ऑनलाइन आवेदन जमा करना सुनिश्चित करें।

3. आयु सीमा, योग्यता मानदंड, अन्य शर्तों आदि से संबंधित विस्तृत विवरण भा.रा.रा.प्रा. की वेबसाइट पर देखे जा सकते हैं।

4. इस विज्ञापन के संबंध में शुद्धिपत्र/अनुशेष/निरस्तीकरण, यदि कोई होगा तो, उसे केवल भा.रा.रा.प्रा. की वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा।

सड़कें ही नहीं, राष्ट्र का निर्माण भी



उत्तर रेलवे

ई–निविदा (ई–प्रोक्यूरमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/II, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में ई–निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | NIT-70 | कार्य का नाम:– वरिष्ठ मंडल अभियंता–II के अंतर्गत सहायक मंडल अभियंता गाजियाबाद के तहत गाजियाबाद स्टेशन पर लाइन नं. 4, 5, 6 व 10 पर बैलास्टलैस ट्रैक (BLT) का प्रावधान। कार्य की अनुमानित लागत (रुपये):– 11,05,93,700.33 बयाना राशि (रुपये):– 7,03,000.00 |
| 2 | निविदा खोलने की तिथि और समय | 06.03.2026 15:00 Hrs. |
| 3 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध |

• ठेकेदारों को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

सं.: 128-W/280/eTender Notice/NIT-70-25-26-W-II दिनांक: 05.02.2026 413/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



पूर्वोत्तर रेलवे

विज्ञापन सूचना सं.-01/2026

संख्या 2026/मेड/563/4/4 दिनांक 04-02-2026

पूर्वोत्तर रेलवे/मण्डलीय चिकित्सालय/वाराणसी में निम्नलिखित विशेषज्ञता में ख्यातिलब्ध, लोकप्रिय एवं अनुभवी चिकित्सक की आनरेरी विजिटिंग स्पेशलिस्ट के रूप में आवश्यकता है। जिसके लिये निम्नलिखित अर्हता प्राप्त चिकित्सक प्रकाशन तिथि से तीस दिन के अन्दर किसी भी कार्य दिवस पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। विशेषज्ञता एवं कार्य दिवस/घंटा का विवरण, पारितोषिक (मानदेय), निम्नलिखित है–

विशेषज्ञता:– (1) कार्डियोलॉजी विशेषज्ञ, कार्य दिवस एवं घंटा:– दो घंटा प्रतिदिन/छः दिन प्रति सप्ताह, मानदेय प्रतिमाह 'स्पेशलिस्ट' 52,000/-, मानदेय प्रतिमाह 'सुपर स्पेशलिस्ट' 64,000/-

न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता:

(1) सुपर स्पेशलिस्ट–डी.एम./एम.सी.एच. अथवा समकक्ष। (2) स्पेशलिस्ट–स्नातकोत्तर की डिग्री के पश्चात उस क्षेत्र में कम से कम तीन वर्ष का अनुभव होना अनिवार्य है। (3) सुयोग्य पी.जी. डिग्री धारक अभ्यर्थी की अनुपलब्धता की स्थिति में पी.जी. डिप्लोमा धारक, जो उस क्षेत्र में पाँच वर्ष का अनुभव रखते हों, के आवेदन पर भी विचार किया जा सकता है। (4) आयु सीमा–न्यूनतम आयु 30 वर्ष तथा अधिकतम आयु 64 वर्ष होना चाहिये। (5) कार्यकाल नियुक्ति तिथि से एक वर्ष के लिये होगा प्रत्येक एक वर्ष पूर्ण होने पर कार्य के मूल्यांकन के पश्चात कार्य संतोषजनक होने तथा अभ्यर्थी की सहमति पर अगले एक वर्ष के लिये अवधि विस्तार दिया जा सकता है। (6) एक वर्ष के कार्यकाल के दौरान 12 दिन का अवकाश देय होगा। (7) इंगेजमेंट के पश्चात कार्यभार ग्रहण करने हेतु किसी प्रकार का यात्रा भत्ता नहीं दिया जायेगा और न ही कोई रेलवे पास दिया जायेगा। (8) 30 दिन की अग्रिम सूचना (दोनों पक्ष में से किसी भी द्वारा) देने के पश्चात सेवा समाप्त की जा सकती है। (9) तीन माह कार्य अवधि के पश्चात द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी का स्वयं, पत्नी तथा आश्रित हेतु मानार्थ रेलवे पास रेलवे द्वारा दिया जायेगा।

नोट:– यह विज्ञापन, नियम एवं शर्तें तथा आवेदन पत्र का प्रारूप पूर्वोत्तर रेलवे की वेबसाईट www.ner.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध है।

संपर्क:– Mob. No.: 9794843502, 9935960466

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/वाराणसी

मुजाधि/विधि–38

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।


पब्लिक की आवाज NBT करेगा बुलंद

# नालों-गड्ढों में गिरना हमारी नियति नहीं है

ऐसी कई घटनाएं सामने आई हैं, जहां लोग खुले नालों में गिर गए, बाइक सवार गड्ढों में फिसल गए। युवराज की तरह कुछ मामलों में जान चली गई, कभी लोग बाल बाल बचे। हर बार कुछ दिनों की खबरें बनती हैं, जांच के आदेश होते हैं और फिर सब कुछ वैसा ही रह जाता है।

NBT जवाब हम लेंगे

**अब नवभारत टाइम्स पूछेगा**

सीधे जिम्मेदार अफसरों से कि कब तक वे इन गड्ढों और नालों को भरेंगे। या यहां पर्याप्त सुरक्षा के इंतजाम करेंगे। नवभारत टाइम्स शुरू कर रहा है एक अभियान, ताकि इन खामोश जानलेवा जगहों पर रोशनी डाली जा सके।

इस अभियान में आप हमारी सबसे बड़ी ताकत हैं। अगर आपके इलाके में:

खुला नाला है | पानी से भरा गड्ढा | रोड टूटी या गड्ढे हैं | हादसे का खतरा है

उसकी फोटो खींचिए, जगह का नाम/लोकेशन लिखिए, हमें भेजिए।

**ऐसे भेजें...**

हमें ईमेल कर सकते हैं nbtreader@timesofindia.com

वट्सऐप कर सकते हैं। 9220747220

सब्जेक्ट में लिखें GADDHA

## हम क्या करेंगे?

- आपकी भेजी तस्वीरें हम अखबार और डिजिटल प्लैटफॉर्म पर प्रकाशित करेंगे
- संबंधित विभाग और जिम्मेदार अधिकारियों से सीधा सवाल पूछेंगे।
- उनसे पूछेंगे यह कब ठीक होगा?
- उनके नाम के साथ जवाब प्रकाशित करेंगे

# गन कल्चर के खिलाफ ऑपरेशन शस्त्र, 6000 सोशल मीडिया अकाउंट पर एक्शन

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



AI Image

**सोशल मीडिया पर हथियारों के खिलाफ इंटेलिजेंस ड्राइव**

दिल्ली पुलिस ने गन कल्चर के खिलाफ 'ऑपरेशन शस्त्र' शुरू किया है। सोशल मीडिया पर गन कल्चर को बढ़ावा देने वाले 6000 सोशल मीडिया अकाउंट के खिलाफ दिल्ली पुलिस ने कार्रवाई की है।

इस ऑपरेशन का खास मकसद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर हथियारों और धारदार हथियारों के खिलाफ इंटेलिजेंस ड्राइव, हथियार-सेंट्रिक रील्स, शॉर्ट विडियो और पब्लिक पोस्ट की कानूनी डिजिटल स्कैनिंग और बिहेवियरल एनालिटिक्स, कानूनी कार्रवाई, गिरफ्तारियां और नाबालिगों को पकड़ना, गैर-कानूनी हथियारों और चाकुओं की रिकवरी, रोकथाम के लिए काउंसलिंग रहा। इसके अलावा पुलिस का मकसद माता-पिता की भागीदारी और युवाओं को जागरूक करना, एन्फोर्समेंट के साथ इंटीग्रेटेड, हिंसा, बदनामी और हथियारों के गैर-कानूनी कब्जे को आम बनाने वाले उभरते ऑनलाइन क्लस्टर्स को खत्म करना, बदलते डिजिटल खतरों के साथ बैलेंस्ड, टेक्नॉलजी-इनेबल्ड और सही पुलिसिंग भी रहा।

पुलिस ने गन कल्चर को खत्म करने के लिए 500 टीमों का गठन किया है। इसमें करीब 2000 पुलिसकर्मियों को शामिल किया गया है। ऑपरेशन शस्त्र के तहत अब तक हुई कार्रवाई की बात करें तो इस मामले में दिल्ली पुलिस ने 61 FIR दर्ज की है। वहीं, दिल्ली पुलिस ने 67 लोगों को गिरफ्तार भी कर लिया है। दिल्ली पुलिस ने 15 नाबालिगों को भी पकड़ा है। वहीं इस ऑपरेशन के तहत दिल्ली पुलिस ने 69 हथियार बरामद किए हैं। ऑपरेशन शस्त्र के तहत पुलिस ने 93 जिंदा कारतूस और 13 चाकू भी जब्त किए हैं। दिल्ली पुलिस ने तकरीबन 6000 सोशल मीडिया अकाउंट स्कैन किए हैं और इनके खिलाफ कार्रवाई की गई है। दरअसल, तमाम सोशल मीडिया अकाउंट्स खास तौर पर इंस्टाग्राम और फेसबुक पर लगातार गन दिखाकर दहशत फैलाने की कोशिश की जा रही है।


कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, जवाहर भवन, छठां तल, अशोक मार्ग, लखनऊ-226001

ई-मेल:-dgmededu@gmail.com फोन :- 0522-2287653
वेबसाइट:- www.dgme.up.gov.in फैक्स : 0522-2288193

संख्या एम0ई0-2/2026/89 लखनऊ: दिनांक 06 फरवरी, 2026

प्रधानाचार्य पद के लिये विज्ञप्ति

स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय यथा-कानपुर देहात, कुशीनगर, बिजनौर, सुलतानपुर, सोनभद्र, गोण्डा, अमेठी तथा बुलन्दशहर हेतु प्रधानाचार्य के (एक पद प्रत्येक कालेज) पद पर चयन हेतु निम्नलिखित योग्यता एवं अनुभव रखने वाले भारत के नागरिकों से निर्धारित प्रारूप पर आवेदन पत्र एतद्द्वारा आमंत्रित किये जाते हैं :-

1. आयु :- अभ्यर्थी की आयु दिनांक 01 जुलाई, 2026 को न्यूनतम 50 वर्ष और अधिकतम 62 वर्ष होनी चाहिए।
2. वह प्रख्यात चिकित्साविद् एवं प्रशासनिक अनुभव वाला व्यक्ति होना चाहिए।
3. प्रधानाचार्य के प्रशासनिक पद की अर्हता (एन0एम0सी0 के गजट नोटीफिकेशन दिनांक 30.06.2025 के अनुसार)
"A medical faculty shall be eligible for appointment to administrative posts in a medical institution if he possesses at least ten years of teaching experience in a medical institution, of which at least five years shall be as a Professor."
4. वेतनमान :- प्रधानाचार्य पद के लिये वेतनमान शैक्षणिक स्तर-14, इन्ट्री पे रू0 1,44,200/-, जो राज्य सरकार द्वारा राजकीय मेडिकल कालेज के प्रधानाचार्य पद के लिये वेतन और भत्ते आदि के रूप में निर्धारित किया गया है।
5. आवेदन शुल्क :- रू0 1000/- (रूपये एक हजार मात्र) का डिमांड ड्राफ्ट जो "महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, लखनऊ" के पक्ष में लखनऊ में देय हो, आवेदन शुल्क के रूप में अनिवार्य है।
6. एक से अधिक कालेज के लिये आवेदन करने पर अभ्यर्थी को प्रत्येक स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के लिये अपेक्षित दस्तावेज एवं बैंक डिमांड ड्राफ्ट के साथ पृथक-पृथक आवेदन करना होगा।

इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन निर्धारित प्रारूप (वेबसाईट www.dgme.up.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है) पर समस्त प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियों सहित दिनांक 06.03.2026 सायं 05:00 बजे तक कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, जवाहर भवन, छठां तल, लखनऊ-226001 के पते पर पंजीकृत / स्पीड पोस्ट द्वारा ही उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें। निर्धारित तिथि व समय के पश्चात् प्राप्त एवं अपूर्ण आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

अपर निदेशक

UPID 245517 dt 06.02.2026, www.upgov.nic.in

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 07-02-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMA11 User: cci Time: 02-06-2026 23:19 Color:



## अब फोटो छपवाने का मौका भी

### खबरों का ज्ञान

रोज की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं

1 पाकिस्तान में हुए आतंकी हमले के समय किस देश के राष्ट्रपति मौजूद थे?
A. उज्बेकिस्तान B. तुर्किये C. ईरान

2 ओमान के विदेश मंत्री कौन हैं, जिन्होंने ईरान और अमेरिका के बीच हुई बातचीत में मध्यस्थता की?
A. बद्र अल-बुसैदी B. यूसुफ बिन अलावी C. सईद बद्र बिन हमद

3 भारत में विकसित किए जा रहे स्वदेशी और सॉवरेन AI प्लैटफॉर्म का नाम क्या है?
A. इंडिया स्मार्ट AI B. भारत GenAI C. डिजिटल भारत AI

4 बढ़ते तनाव के बीच किस देश ने अपने नागरिकों से तुरंत ईरान छोड़ने को कहा है?
A. ओमान B. इस्राइल C. अमेरिका

5 पीएम मोदी आज से किस देश के दो दिन के दौरे पर रहेंगे?
A. थाईलैंड B. मलेशिया C. इंडोनेशिया

**कल के जवाब**
A1 B. ओमान A2 A. वाशुकिस्
A3 B. जनरल मनोज मुकुंद नरवणे
A4 C. हिमाचल प्रदेश A5 A. 214

**लकी विनर्स**



1. नीलिमा सिंघल, गाजियाबाद
2. उमेश शर्मा, गाजियाबाद
3. वारिस अली खान, लखनऊ

**ऐसे भेजें अपने जवाब**
अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।

## फटाफट खबरें

### आज से प्रधानमंत्री का मलयेशिया दौरा

■ आईएएनएस, कुआलालंपुर : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर शनिवार को मलयेशिया रवाना होंगे। प्रवासी भारतीय उनका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।



नरेंद्र मोदी

इनमें वो कलाकार भी हैं, जो पीएम मोदी के सामने अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। भारतीय मूल के प्रदीप बत्रा ने कहा कि वे 10 साल बाद प्रधानमंत्री मोदी को अपने सामने देखेंगे।

### 'AI के 72% विमानों में बार-बार खराबी'

■ NBT रिपोर्ट: लोकसभा में गुरुवार को पेश किए गए आंकड़ों के अनुसार, बार-बार आने वाली तकनीकी खराबियों के लिए जांचे गए एयर इंडिया समूह के 267 विमानों में से लगभग तीन-चौथाई (72 प्रतिशत) विमानों में दोहराई जाने वाली खराबियां पाई गई हैं। राज्य मंत्री (नागरिक उड्डयन) मुरलीधर मोहोल ने लोकसभा को गुरुवार को बताया कि पिछले साल जनवरी से अब तक छह निर्धारित एयरलाइंस के कुल 754 जांचे गए विमानों में से 377 विमानों में ऐसी दोहराई जाने वाली खराबियां पहचानी गई हैं।

# मोदी ने कहा- परीक्षाएं त्योहारों की तरह हैं, उनका उत्सव मनाएं

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी ने शुक्रवार को देशभर के छात्रों के साथ 'परीक्षा पे चर्चा' के दौरान बोर्ड परीक्षाओं और जीवन की चुनौतियों पर बातचीत की। छात्रों ने परीक्षा से जुड़े तनाव और घबराहट को पीछे छोड़ परीक्षा की तैयारी पर प्रधानमंत्री से महत्वपूर्ण टिप्स हासिल किए।

पीएम ने कहा कि परीक्षाएं त्योहारों की तरह होती हैं, उनका उत्सव मनाएं। छात्रों को एआई का समझदारी से प्रयोग करना चाहिए। शिक्षा केवल परीक्षाओं के लिए नहीं, बल्कि जीवन के लिए है, परीक्षाएं स्वयं की परीक्षा लेने के लिए होती हैं।

उन्होंने कहा कि शिक्षा बोझ नहीं होनी चाहिए। छात्र को इसमें पूरी तरह शामिल होना चाहिए। आधे-अधूरे मन से की गई पढ़ाई जीवन को सफल नहीं बनाती। हमें सिर्फ मार्क्स पर नहीं बल्कि जीवन को बेहतर बनाने पर ध्यान देना चाहिए।

पीएम ने कहा कि गेमिंग केवल रुचि नहीं, बल्कि कौशल भी है। स्कूली बच्चों को भारतीय संस्कृति से जुड़ी पौराणिक कहानियों पर आधारित गेम विकसित करने चाहिए, लेकिन डेटा सस्ता होने की वजह से केवल मस्ती के लिए गेमिंग नहीं करनी चाहिए। सरकार ने ऑनलाइन सट्टेबाजी के खिलाफ कानून बनाया है।

### स्टूडेंट्स के सवाल पर कहा, अपने पैटर्न पर भरोसा रखें

छात्रों ने सवाल किया कि परीक्षा के समय अलग-अलग पैटर्न से पढ़ाई करने के सुझाव से कन्फ्यूजन हो जाती है कि कौन सा पैटर्न सही है? इस पर पीएम ने कहा कि अपने पैटर्न पर भरोसा रखें और उसे फॉलो करें, इसके साथ ही आपके पास आने वाले सभी सुझावों को भी ध्यान में रखें। पीएम ने परीक्षा पे चर्चा के 9वें संस्करण को लेकर कहा कि जैसे परीक्षा पर चर्चा जब शुरू किया गया था, तब एक पैटर्न था। अब 'परीक्षा पे चर्चा' में कुछ बदलाव किए हैं, लेकिन अपनी मूल शैली को नहीं छोड़ा।

**PM ने AI पर भी दी सलाह**

पीएम ने छात्रों से कहा कि आप लोग भाग्यशाली हैं कि आपको मौजूदा दौर में इतनी बेहतर टेक्नॉलजी का अवसर मिला है, जो मेरे जमाने में नहीं था। उसका सही उपयोग करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि अगर एआई से पूछें कि बेस्ट बायोग्राफी बताए तो वह ऐसा करेगा, फिर बाजार में जाइए और उसमें से किताब खरीदिए तो एआई आपके काम आया।

- परीक्षा पे चर्चा का 9वां संस्करण, पीएम मोदी ने छात्रों को दिए टिप्स।
- पढ़ाई, कौशल, आराम और शौक में संतुलन ही विकास की कुंजी।
- मोदी ने कहा- एआई का उपयोग समझदारी से करें।

### वाह चाय वाले को चाय!

सिक्किम की एक छात्रा ने उन्हें 'चाय' भेंट की, जिस पर पीएम मोदी ने हंसते हुए कहा कि 'चाय वाले को चाय'। एक छात्रा उनका स्केच लेकर आई। उत्तराखंड का एक छात्र पीएम मोदी के लिए खास तरह की टोकरी लेकर आया, जिसका धार्मिक महत्व है।

### गेम पर क्या बोले

PM ने कहा, पंचतंत्र पर गेम बनाने के बारे में सोचें, घर के लोगों को अच्छा लगेगा, फिर घर वाले आइडिया देने लगेंगे। हनुमान जी वाली कथा पर गेम बनाने के बारे में सोचें, घर वाले यह भी कहेंगे कि अभिमन्यु वाली घटना पर गेम बनाओ, कैसे अभिमन्यु बाहर निकलेगा? तो आपको नए-नए आइडियाज आएंगे। गेमिंग में आपकी रुचि है तो यह अच्छी चीज है। आप संकोच मत कीजिए।



### जीवन में संतुलन जरूरी: PM

पीएम ने कहा कि जीवन में संतुलन आवश्यक है, चाहे वह खाने और सोने के बीच हो, पढ़ाई और खेलने के बीच हो या कौशल और अंकों के बीच हो। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि किसी एक तरफ बहुत अधिक झुकाव असंतुलन पैदा करता है, जबकि उचित संतुलन स्थिरता सुनिश्चित करता है। उन्होंने समझाया कि कौशल दो प्रकार के होते हैं, जीवन कौशल और व्यावसायिक कौशल और दोनों ही समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि शिक्षा के बिना कोई भी कौशल विकसित नहीं हो सकता और कौशल की शुरुआत ज्ञान से होती है।

### भारत की समृद्ध कहानियों पर गेम बनाने की दी सलाह

एक छात्र ने पढ़ाई पर ही ध्यान केंद्रित करने के सामाजिक दबाव के बावजूद गेमिंग में अपना भविष्य बनाने के बारे में सवाल उठाया। प्रधानमंत्री ने समझाया कि माता-पिता को शुरुआत में संदेह होता है, लेकिन सफलता मिलने पर वे गर्व महसूस करते हैं और जश्न मनाते हैं। उन्होंने छात्र को पंचतंत्र या पौराणिक कथाओं जैसी भारत की समृद्ध कहानियों पर आधारित गेम बनाकर गेमिंग में अपनी रुचि को रचनात्मक रूप से इस्तेमाल करने और पहचान हासिल करने के लिए उन्हें सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म पर साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि गेमिंग एक ऐसा कौशल है, जिसमें गति और सतर्कता की आवश्यकता होती है, जो आत्म-विकास में योगदान देता है। पीएम ने गेमिंग में जुए के खिलाफ चेतावनी दी। यदि ध्यान, संतुलन और नैतिक मूल्यों के साथ अपनाया जाए तो गेमिंग एक उपयोगी कौशल और करियर का रास्ता बन सकता है।

# चुनाव आयोग ने UP में SIR की तारीख बढ़ाई

## 10 अप्रैल को आएगी वोटर लिस्ट, 6 मार्च तक किए जा सकेंगे दावे | SIR की प्रक्रिया शुरू होने के बाद यूपी में तीसरी बार तारीख बढ़ी है

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

**UP में SIR** के बाद जारी की गई ड्राफ्ट लिस्ट पर दावे और आपत्तियों की तारीख चुनाव आयोग ने एक महीने और आगे बढ़ा दी है। अब ड्राफ्ट वोटर लिस्ट पर 6 मार्च तक आपत्ति की जा सकेगी। वहीं, इस तारीख तक जो वोटर बनने के लिए आवेदन करेंगे उनका नाम भी अंतिम वोटर लिस्ट में शामिल होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी (CEO) नवदीप रिणवा ने बताया कि अब अंतिम वोटर लिस्ट 6 मार्च के बजाय 10 अप्रैल को प्रकाशित की जाएगी।

SIR की प्रक्रिया शुरू होने के बाद यूपी में तीसरी बार तारीख बढ़ी है। 27 मार्च तक नोटिस और उस पर सुनवाई की प्रक्रिया चलेगी। पहले 27 फरवरी तक सीमा तय की गई थी। CEO ने बताया कि ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में शामिल 3.36 करोड़ वोटरों को नोटिस भेजी जानी है। अब तक 2.37 करोड़ नोटिस जनरेट की गई है और 86.27 लाख लोगों तक नोटिस पहुंची है, जिसमें 30.30 लाख की सुनवाई हो चुकी है। यह संख्या नोटिस के दायरे में आने वालों की लगभग 9% है। 6 जनवरी को ड्राफ्ट लिस्ट जारी होने के बाद 37.80 लाख फॉर्म 6 वोटर बनने के लिए आए हैं, वहीं, 9.50 लाख से अधिक फॉर्म 8 एंट्री में सुधार के लिए मिले हैं। पिछले दिनों राजनीतिक दलों की बैठक में दलों की ओर से भी अवधि बढ़ाने का सुझाव दिया गया था।

**SIR पर जारी कुल नोटिस के 9% पर हुई सुनवाई।**

**फॉर्म 7 आने के दावे सही नहीं**

CEO ने विपक्ष सहित अन्य राजनीतिक दलों के उन दावों को गलत बताया है, जिसमें फर्जी ढंग से नाम काटे जाने के लिए लाखों फॉर्म 7 जमा किए जाने की बात कही गई है। उन्होंने कहा कि अब तक केवल 82,684 फॉर्म 7 जमा हुए हैं। इन पर भी सुनवाई के आधार पर नाम काटे या रखे जाने का फैसला लिया जाएगा। फॉर्म 7 में जिसके खिलाफ आपत्ति की गई है उसका नाम और वोटर आईडी और आपत्ति किए जाने का विवरण भी अनिवार्य है। दोनों को ही सुनवाई के लिए नोटिस जारी किया जाएगा। भारी संख्या में जमा किए जाने और नाम काटे जाने की शिकायतें सही नहीं हैं।



**प्रक्रिया जारी** उत्तर प्रदेश में SIR को लेकर 9.50 लाख से अधिक फॉर्म-8 एंट्री में सुधार के लिए मिले हैं।

**चुनाव आयोग का सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा**

## 'बंगाल में SIR प्रक्रिया में लगे अधिकारियों के साथ हो रही हिंसा, दी जा रही धमकी'

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल में SIR प्रक्रिया के दौरान चुनाव ड्यूटी निभा रहे अधिकारियों के साथ कथित रूप से हुई हिंसा, डराने-धमकाने और कार्य में बाधा डालने की घटनाओं को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक जवाबी हलफनामा दाखिल किया है। आयोग (ECI) ने आरोप लगाया है कि चुनाव अधिकारियों के खिलाफ दी जा रही धमकियों पर कार्रवाई करने और/या बूथ लेवल अधिकारियों (BLOs) की शिकायतों पर प्राथमिकी (FIR) दर्ज करने में राज्य मशीनरी की ओर से अनिच्छा दिखाई जा रही है। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हलफनामे में आयोग ने कहा कि पश्चिम बंगाल ही एकमात्र राज्य है, जहां SIR ड्यूटी कर रहे चुनाव अधिकारियों को इस तरह की बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है, जबकि अन्य राज्यों में यह प्रक्रिया काफी सुचारु रूप से चल रही है। ECI ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर डर का माहौल बनाने वाले और भड़काऊ भाषण देने का भी आरोप लगाया है। आयोग का कहना है कि इन भाषणों का प्रभाव यह पड़ा है कि चुनाव अधिकारियों के बीच इतना भय और दहशत का वातावरण बन गया कि कुछ अधिकारियों ने SIR ड्यूटी से खुद को हटाने के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी (CEO) को पत्र लिखे हैं। ECI ने ये सभी दावे सुप्रीम कोर्ट में दाखिल उस जवाबी हलफनामे में किए हैं। जिस याचिका में अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन तक राज्य पुलिस अधिकारियों को ECI के अधीन तैनात करने के निर्देश देने की मांग की गई है।



**कहा, राज्य का सहयोग आवश्यक है**

ECI ने रेखांकित किया है कि बंगाल के CEO देश के एकमात्र ऐसे निर्वाचन अधिकारी हैं जिन्हें भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा खतरे के आकलन के बाद 'Y+' श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गई है। मसौदा मतदाता सूची में राज्य में 58 लाख पंजीकृत मतदाताओं को अनुपस्थित, मृत या स्थानांतरित के रूप में चिह्नित किया गया है। मतदाताओं की स्थिति का पता लगाने के लिए निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों द्वारा लगभग 1.51 करोड़ नोटिस जारी किए जा रहे हैं। राज्य का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। अब सोमवार को सुनवाई होगी।

# SC ने PK से कहा- जनता ने नकारा तो न्यायिक मंच का ले रहे हैं सहारा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**सुप्रीम कोर्ट** ने प्रशांत किशोर (PK) की जन सुराज पार्टी की उस याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया, जिसमें बिहार विधानसभा चुनाव को चुनौती देकर नए सिरे से चुनाव कराने की मांग की गई थी। कोर्ट ने मौखिक टिप्पणी में कहा कि आपकी पार्टी को कितने वोट मिले? अगर जनता ने आपको नकार दिया है, तो फिर आप लोकप्रियता पाने के लिए न्यायिक मंच का सहारा ले रहे हैं।

पार्टी का आरोप था कि कर्ज में डूबे राज्य ने आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए चुनाव से ठीक पहले मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत 15,600 करोड़ रुपये वितरित किए, जिससे अन्य दलों को समान अवसर (लेवल प्लेइंग फील्ड) नहीं मिल सका। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने याचिका पर सुनवाई की अनिच्छा जाहिर की। तब याचिकाकर्ता ने याचिका वापस लेने की गुहार लगाई गई और कहा कि वह हाई कोर्ट में अर्जी दाखिल करने की स्वतंत्रता चाहते हैं। बेंच ने इसकी इजाजत देते हुए अर्जी खारिज कर दी।

पीके की पार्टी ने संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत दायर रिट याचिका में विशेष रूप से उस समय राज्य की महिला मतदाताओं को 10 हजार रुपये की प्रत्यक्ष धनराशि के हस्तांतरण को चुनौती दी, जब आदर्श आचार संहिता लागू थी। सुनवाई के दौरान जस्टिस बागची ने पूछा कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 100 की किस उपधारा के अंतर्गत पूरे चुनाव को रद्द किया जा सकता है?

याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता चंदर उदय सिंह ने कहा कि 'फ्रीबीज' (मुफ्त उपहार/लोक-लुभावन योजनाओं) के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट पहले से ही अन्य मामलों में विचार कर रहा है।



बिहार में दोबारा चुनाव कराने वाली याचिका पर सुनवाई से इनकार।

**कोर्ट ने मौखिक टिप्पणी में कहा कि आपकी पार्टी को कितने वोट मिले?**

### CJI क्या बोले?

CJI सूर्यकांत ने कहा कि यह एक कम्पोजिट इलेक्शन पिटिशन है, जिसमें पूरे चुनाव को रद्द करने के लिए एक समग्र आदेश मांगा गया है। हर प्रत्याशी के संबंध में भ्रष्ट चुनाव आचरण को लेकर विशिष्ट आरोप होने चाहिए। उचित उपाय यह है कि हर निर्वाचन क्षेत्र के संबंध में अलग-अलग चुनाव याचिकाएं दायर की जाएं।

**CJI बोले- नकद ट्रांसफर योजना को दी जानी चाहिए चुनौती:** CJI ने कहा कि नकद ट्रांसफर योजना को चुनौती दी जानी चाहिए थी। वादी के वकील सिंह ने कहा कि ऐसी चुनौती उठाई जा सकती है। तब सीजेआई ने यह इंगित किया कि रिट याचिका में नकद हस्तांतरण योजना के खिलाफ कोई प्रार्थना नहीं की गई है। प्रार्थनाएं पूरे चुनाव को रद्द करने से संबंधित हैं। सिंह ने कहा कि चुनाव से संबंधित प्रार्थनाओं को अलग कर 'फ्रीबीज' के मुद्दे पर विचार किया जा सकता है, तो सीजेआई ने उन्हें हाई कोर्ट जाने को कहा।

## BRS विधायकों की अयोग्यता पर फैसले का मौका

■ भाषा, नई दिल्ली : SC ने तेलंगाना विधानसभा अध्यक्ष को अंतिम मौका देते हुए शुक्रवार को कहा कि यदि वह (अध्यक्ष) कांग्रेस में शामिल हुए बीआरएस के 10 विधायकों की दलबदल संबंधित शेष अयोग्यता याचिकाओं पर तीन सप्ताह के भीतर निर्णय लेने में विफल रहते हैं तो उनके खिलाफ अवमानना की कार्रवाई शुरू की जाएगी।

**विधायकों द्वारा दायर अवमानना याचिका पर हुई सुनवाई।**

न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति ए. जी. मसीह की पीठ ने विधायकों द्वारा दायर अवमानना याचिका की सुनवाई करते हुए यह बात कही। न्यायमूर्ति करोल ने अध्यक्ष की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी से कहा, "हम आपसे अनुरोध करते हैं कि इसका तमाशा न बनाएं। यही हो रहा है। ऐसा न करें।" उन्होंने टिप्पणी की कि इस तरह की चीजें अब एक नया "उद्योग" बनती जा रही हैं, जो उचित नहीं है। सिंघवी ने कहा कि एक मामले में फैसला लिया जा चुका है, जबकि अध्यक्ष दो अन्य मामलों में फैसला लेने वाले हैं।

## जालंधर में AAP नेता की गोली मारकर हत्या

■ भाषा, चंडीगढ़

**आम आदमी** पार्टी (आप) पंजाब के नेता लक्की ओबेरॉय की शुक्रवार को जालंधर के मॉडल टाउन में एक गुरुद्वारे के बाहर अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक, यह घटना सुबह सुबह करीब साढ़े सात बजे हुई, जब 43 साल के ओबेरॉय अपनी एसयूवी में गुरुद्वारे से निकल रहे थे।



लक्की ओबेरॉय

सीसीटीवी फुटेज से पता चला है कि जब ओबेरॉय गुरुद्वारे से बाहर आए और गाड़ी में बैठे तो काले रंग की हुडी पहने एक हमलावर पैदल उनके पास आया और अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद अपने साथी के साथ भाग गया, जो थोड़ी दूरी पर स्कूटर पर उसका इंतजार कर रहा था।

सहायक पुलिस आयुक्त (जालंधर) परमिंदर सिंह ने बताया कि ओबेरॉय पर कई गोलियां चलाई गईं। उन्हें अचेत अवस्था में एक अस्पताल ले जाया गया, लेकिन गंभीर रूप से घायल होने के कारण उन्होंने दम तोड़ दिया।



गुरुद्वारे से निकलकर एसयूवी में बैठते ही लक्की ओबेरॉय पर बरसी ताबड़तोड़ गोलियां।

सतविंदरपाल सिंह उर्फ लक्की ओबेरॉय जालंधर स्थित आम आदमी पार्टी के नेता थे, जो जालंधर कैंट के एक वॉर्ड के प्रभारी थे। उन्होंने बताया कि इस घटना के संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले के विभिन्न पहलुओं की जांच की जा रही है, , जिसमें व्यक्तिगत दुश्मनी का पहलू भी शामिल है।

## फिल्म 'घूसखोर पंडत' के निर्देशक और टीम के खिलाफ FIR दर्ज

■ भाषा/ आईएएनएस, लखनऊ/नई दिल्ली/अयोध्या : यूपी की राजधानी लखनऊ की हजरतगंज कोतवाली पुलिस ने फिल्म 'घूसखोर पंडत' के निर्देशक और उनकी टीम के खिलाफ एक जाति विशेष को अपमानित करने और वैमनस्यता फैलाने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की है। हजरतगंज कोतवाली के एसएचओ विक्रम सिंह ने गुरुवार को खुद यह प्राथमिकी दर्ज कराई। पुलिस के मुताबिक, फिल्म से लोगों में नाराजगी फैल सकती है और कानून-व्यवस्था बिगड़ने का खतरा है।

**मायावती ने की निंदा :** बहुजन समाज पार्टी (BSP) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने फिल्म 'घूसखोर पंडत' में ब्राह्मण समाज के कथित अपमान की निंदा की है और मांग की है कि इस जातिसूचक फिल्म पर केंद्र सरकार को तुरंत प्रतिबंध लगाना चाहिए।

**VHP ने कहा- सरकार मामले को देखे:** VHP ने 'घूसखोर पंडत' के खिलाफ आपत्ति जताते हुए इसे समाज के 'सबसे सम्मानित' वर्ग पर हमला बताया। वहीं, देश के प्रमुख धार्मिक संतों और महंतों ने इस पर तीखी आपत्ति जताई है। अयोध्या के महंत सीताराम दास जी महाराज, महंत डॉ. देवेशाचार्य जी महाराज और संत अमित दास जी महाराज ने कहा कि किसी एक समुदाय को निशाना बनाना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है।



फिल्म के खिलाफ प्रयागराज में प्रदर्शन।

**BJP का दावा- फिल्म का टीजर हटाने को कहा था**

■ भाषा, नई दिल्ली : बीजेपी ने शुक्रवार को कहा कि केंद्र ने ओटीटी प्लैटफॉर्म नेटफ्लिक्स को फिल्म 'घूसखोर पंडत' का टीजर और अन्य प्रचार सामग्री सोशल मीडिया से हटाने के लिए कहा। बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने 'एक्स' पर कहा कि सनातन धर्म का अपमान अब कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बता दें कि फिल्म के निर्माता ने इस फिल्म का टीजर वापस ले लिया।

## भुला दिये जाने के हक पर सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**सुप्रीम कोर्ट** ने शुक्रवार को कहा कि दिल्ली हाई कोर्ट का वह आदेश, जिसमें एक न्यूजपेपर के डिजिटल प्लैटफॉर्म को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में एक पूर्व बैंकर की गिरफ्तारी से संबंधित कुछ समाचार रिपोर्टों को हटाने का निर्देश दिया गया था, अन्य मामलों में नजीर के रूप में लागू नहीं होगा। जस्टिस बीवी नागरत्ना ने टिप्पणी की कि इस मामले में यह प्रश्न शामिल है कि संविधान के अनुच्छेद 21 के अंतर्गत निजता का अधिकार और 'भुला दिए जाने का अधिकार' को संविधान के अनुच्छेद 19(1)(a) के तहत प्रेस की स्वतंत्रता के साथ किस प्रकार समन्वित किया जाए।

जस्टिस बी. वी. नागरत्ना की अगुवाई वाली बेंच ने पेपर की ओर से दायर उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें दिल्ली उच्च न्यायालय के उस निर्णय को चुनौती दी गई थी, जिसके तहत बैंकर को आरोप से मुक्त किए जाने के बाद कुछ लेखों को हटाने का निर्देश दिया गया था। जस्टिस नागरत्ना ने टिप्पणी की कि इस मामले में यह प्रश्न शामिल है कि संविधान के अनुच्छेद 21 के अंतर्गत निजता का अधिकार और 'भुला दिए जाने का अधिकार' को संविधान के अनुच्छेद 19(1)(a) के तहत प्रेस की स्वतंत्रता के साथ किस प्रकार समन्वित किया जाए। जस्टिस भुइयां ने कहा, 'निजता की एक दीवार खड़ी करने का प्रयास किया जा रहा है ताकि नागरिकों को जानकारी तक पहुंच न मिले। यह लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है।

AI Image



> निजता की एक दीवार खड़ी करने का प्रयास हो रहा है, ताकि नागरिकों को जानकारी तक पहुंच न मिले। यह लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है।
> – सुप्रीम कोर्ट

## सदन में जवाब देने के बजाय आरोप लगाकर अपमान करते हैं PM: खरगे

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**कांग्रेस अध्यक्ष** और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के जवाब में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने संसद में दिए गए अपने लंबे भाषण में विपक्ष द्वारा उठाए गए किसी भी मुद्दे का ठोस जवाब नहीं दिया, बल्कि केवल आरोप, अपमानजनक टिप्पणियां और इतिहास की बातें दोहराईं।

खरगे ने कहा कि प्रधानमंत्री के 97 मिनट के भाषण में न तो रक्षा, न अर्थव्यवस्था और न ही आंतरिक सुरक्षा जैसे गंभीर मुद्दों पर कोई स्पष्ट जवाब मिला। उन्होंने पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल नरवणे की प्रकाशित पुस्तक का हवाला देते हुए कहा कि सरकार ने संसद में उसके अस्तित्व से ही इनकार कर दिया जो संसदीय विशेषाधिकारों का उल्लंघन है। प्रधानमंत्री द्वारा सिख समुदाय के अपमान के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए खरगे ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सिखों का हमेशा सम्मान करती रही है। डॉ. मनमोहन सिंह दो बार प्रधानमंत्री बने।



खरगे ने कहा, संसद को बाधित किया जाना लोकतंत्र की विफलता है।

**राज्यसभा में उठे दुर्लभ रोगों के इलाज और साइबर ठगी के मुद्दे :** शून्यकाल में बीजेपी के डॉ. अनिल सुखदेवराव बोंडे ने 'लाइसोसोमल स्टोरेज डिसऑर्डर' कहलाने वाली दुर्लभ बीमारियों के इलाज के लिए केंद्र सरकार की ओर से हर बच्चे को दी जाने वाली 50 लाख रुपये की राशि बढ़ाने की मांग की। बीजेपी सांसद मेधा विश्राम कुलकर्णी ने पुणे-दिल्ली के बीच सीधी प्रमुख ट्रेन नहीं होने का मुद्दा उठाया। पुणे से दिल्ली के बीच राजधानी, तेजस, वंदे भारत जैसी ट्रेनों को चलाने की मांग की।

### लोकसभा में विपक्ष का विरोध जारी, नहीं हो पाया कुछ काम

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : लोकसभा में पूर्व सेना प्रमुख एमएम नरवणे के अप्रकाशित संस्मरण से जुड़े विषय और कुछ दूसरे मुद्दों को लेकर शुक्रवार को भी गतिरोध बरकरार रहा। विपक्षी सदस्यों के विरोध की वजह से सदन की बैठक एक बार के स्थगन के बाद सोमवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। सदन में सोमवार से गतिरोध की स्थिति बनी रही। कांग्रेस समेत विपक्ष के सदस्यों ने आरोप लगाया कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को बोलने नहीं दिया जा रहा है। राहुल गांधी जनरल नरवणे की अप्रकाशित किताब के हवाले से भारत-चीन गतिरोध से जुड़ी बातें सदन में बोलना चाहते थे।

संवाद
नवभारत टाइम्स
नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । शनिवार, 7 फरवरी 2026

# सिस्टम की ख़ामी

## दिल्ली में युवक की मौत व्यवस्था के सिर

**दिल्ली के** जनकपुरी इलाके में गड्ढे में गिरकर एक युवक की मौत होना सिस्टम की लापरवाही का नतीजा है, जो आम लोगों की जान लेकर भी नहीं जा रही। इंदौर से दिल्ली तक - पूरे देश में अब इस तरह की घटनाओं का एक पैटर्न बन चुका है। जहां कोई हादसा होता है, दुख जाहिर किया जाता है, जांच समिति बैठाई जाती है और कुछ दिनों में सब भूलकर अगले हादसे का इंतजार शुरू हो जाता है।

**हर कदम लापरवाही** । कमल ध्यानी के केस में कदम दर कदम व्यवस्था की खामी नजर आती है। दिल्ली जल बोर्ड ने बीच सड़क इतना गहरा गड्ढा खोद दिया, पर इतनी-सी जरूरत नहीं समझी कि बैरिकेड किया जाए, चेतावनी के बोर्ड लगाए जाएं और रोशनी का पर्याप्त इंतजाम हो। युवक के घरवाले रातभर एक से दूसरे थाने भटकते रहे, पर आरोप है कि उन्हें मदद नहीं मिली।


गड्ढे से हुआ हादसा

**कार्रवाई या औपचारिकता** । अब कार्रवाई के नाम पर तीन अफसरों को निलंबित कर दिया गया है और दिल्ली जल बोर्ड ने जांच समिति बनाई है, जो 24 घंटे में रिपोर्ट देगी। हालांकि ये निलंबन और ये समितियां कितनी कारगर हैं, देश पहले भी देख चुका है। नोएडा में बेसमेंट के लिए खोदे गए गड्ढे में गिरकर सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की मौत के मामले में गठित SIT की रिपोर्ट का इंतजार अब भी है। वहां दिखाई गई सारी शुरुआती तेजी हवा हो चुकी है। कोई जिम्मेदार कुछ कहने से बच रहा है और गिरफ्तार बिल्डर जमानत पर छूट चुके हैं।

**बचने की कोशिश** । पिछले साल दिसंबर में इंदौर में दूषित पेयजल की वजह से मौतों का सिलसिला शुरू हुआ था। वहां भी अभी जांच चल ही रही है। सच तो यह है कि इस तरह की घटनाओं के बाद होने वाले एक्शन आमतौर पर जनता के तात्कालिक गुस्से को दबाने और अपनी छवि बचाने के लिए किए जाते हैं। गुस्सा शांत होता है, तो चीजें फिर पुराने ढर्रे पर लौट आती हैं।

**जिम्मेदारी समझनी होगी** । एकाध कर्मचारियों और अफसरों पर दोष डालने से स्थिति नहीं सुधरेगी, जब तक पूरे सिस्टम को जवाबदेह नहीं बनाया जाएगा। सजा से ज्यादा जरूरी है संवेदनशीलता, जिसका अभी देश की ज्यादातर सरकारी एजेंसियों में अभाव दिखता है। ऐसी व्यवस्था किसी काम की नहीं, जो घटना के बाद जागे। जनता के सिविक सेंस पर बातें की जाती हैं, लेकिन सिविक एजेंसियां जब तक यह सेंस डिवेलप नहीं करेंगी कि एक खुला गड्ढा भी उनकी जिम्मेदारी बनता है, ऐसे हादसे नहीं रुकेंगे।

## और सुनाओ

### बैंकिंग 2.0


रमेश तिवारी

**बैंकिंग का** चेहरा बदलने जा रहा है। न सिर्फ ग्राहकों की शिकायतों को निपटाने की व्यवस्था बदलने जा रही है, बल्कि पूरे सेक्टर की ही समीक्षा होने जा रही है। इसमें कोई शक नहीं कि बैंकिंग सुधार अब और टाले नहीं जा सकते।

आम धारणा यह है कि पब्लिक सेक्टर बैंकों में ही सारी शिकायतें हैं। लेकिन रिजर्व बैंक के आंकड़े बताते हैं कि पब्लिक सेक्टर बैंकों के खिलाफ शिकायतें घट रही हैं, जबकि प्राइवेट सेक्टर के खिलाफ बढ़ रही हैं। ग्राहकों की शिकायतों को देखते हुए पहली जुलाई से इंटिग्रेटेड ओम्बुड्समैन स्कीम का नया वर्जन लागू होने जा रहा है। इसमें ग्राहक को नुकसान होने पर 30 लाख रुपये तक का मुआवजा दिलाया जा सकता है।

शिकायतों की जड़ें उन इंसेंटिव में हो सकती हैं, जिनके तहत बैंक कर्मचारी ग्राहकों को किसी भी तरीके से बीमा और म्यूचुअल फंड जैसे थर्ड-पार्टी प्रॉडक्ट बेचते हैं, क्योंकि इनमें भारी कमिशन मिलता है। अक्सर बैंक कर्मचारियों पर क्रेडिट कार्ड या पर्सनल लोन देने के कड़े टारगेट थोपे जाते हैं, जिससे डिफॉल्ट का खतरा बढ़ जाता है। रिजर्व बैंक ग्राहकों की सुरक्षा मजबूत करने के लिए जिन तीन मसलों पर काम कर रहा है, उनमें मिस-सेलिंग पर रोक की भी बात है। कर्ज वसूली और रिकवरी एजेंटों से जुड़े नियमों पर भी काम हो रहा है। इसके अलावा गलत इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग लेन-देन में ग्राहकों की जिम्मेदारी नए सिरे से तय होगी। धोखाधड़ी के शिकार ग्राहकों को 25,000 तक मुआवजा देने का भी प्रस्ताव है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पूरे बैंकिंग सेक्टर की समीक्षा के लिए बजट भाषण में उच्च-स्तरीय समिति बनाने की घोषणा की है। इस सेक्टर के सामने जो अहम सवाल हैं, उनमें यह भी शामिल होगा कि क्या कॉरपोरेट घरानों को बैंक चलाने की इजाजत दी जाए। मौजूदा हालात को देखते हुए यह जल्दबाजी हो सकती है। इससे बाजार में अनिश्चितता बढ़ सकती है और पूरे वित्तीय सिस्टम के लिए जोखिम पैदा हो सकता है। बैंक जितनी रकम जमा के तौर पर जुटा पा रहे हैं, उसके मुकाबले जो कर्ज दे रहे हैं, वो रेश्यो चिंता पैदा करने वाला है। डिपॉजिट में बढ़ोतरी धीमी है, जबकि कर्ज की मांग तेज है। ऐसे में बैंक महंगे सोर्स से पैसा उधार ले रहे हैं। इससे उनका मुनाफा प्रभावित हो रहा है।

इस बात पर भी विचार करना होगा कि क्या पब्लिक सेक्टर के बैंकों में विलय आगे बढ़ना चाहिए। ये समझा जा रहा है कि बैंकों को अपना स्केल बड़ा करने के लिए इसे प्रोत्साहित करना चाहिए। पब्लिक सेक्टर बैंकों को अधिक स्वायत्तता की भी आवश्यकता है। उनके निर्णयों में सरकार की भूमिका कम करने से मैनेजमेंट अधिक प्रोफेशनल बनेगा।

## ऑफ़ दि ट्रैक

### विमान हो सकते हैं 'अमर'

दिलीप लाल

**आज विमानों** के निर्माण में फाइबर रिइन्फोर्स्ड पॉलिमर (FRP) कंपोजिट का बड़े पैमाने पर उपयोग होता है। ये सामग्री हल्की होती हैं, ईंधन की खपत कम करती हैं और कार्बन उत्सर्जन घटाती हैं। हालांकि, किसी टक्कर के बाद इनमें सूक्ष्म दरारें बन जाती हैं। और आगे चलकर संरचना कमजोर हो जाती है। इन्हें ठीक करना और रिसाइकल करना अब तक बेहद मुश्किल रहा है। लेकिन नॉर्थ कैरोलाइना स्टेट यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने इस का समाधान खोजा है। नई सामग्री दिखने में पारंपरिक FRP जैसी ही है, लेकिन इसमें दो अहम इनोवेशन किए गए हैं। पहला, 3डी प्रिंटिंग से तैयार किया गया एक थर्मोप्लास्टिक मरम्मत एजेंट, जिसे सीधे फाइबर पर लगाया जाता है, जो टूट-फूट को रोकता है। दूसरा, इसमें बेहद पतली कार्बन परतें जोड़ी गई हैं। जब इनमें विद्युत धारा प्रवाहित की जाती है, तो ये परतें तुरंत गर्म हो जाती हैं और पिघलकर दरारों में भर जाता है, जिससे संरचना फिर से मजबूत हो जाती है। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि इस सामग्री की उम्र 500 वर्षों तक हो सकती है, जबकि मौजूदा कंपोजिट 15 से 40 वर्ष ही टिकते हैं। पवन चक्कियों, कारों और अन्य ढांचों में भी इसका इस्तेमाल किया जा सकता है। यह खोज उन्नत इंजीनियरिंग के भविष्य की एक साफ झलक देती है।

## भारतीय संविधान तमाम चुनौतियों का सामना करते हुए यहां तक पहुंचा

# ख़तरा है धर्म-जाति की सियासत से


सुधांशु रंजन

अपने देश में आजकल संविधान पर खतरे की बात आक्रामक तरीके से उठाई जा रही है। ऐसे में यह याद करना महत्वपूर्ण है कि जहां भारत स्वाधीनता के ढाई वर्षों के अंदर गणतंत्र बन गया, वहीं साथ में आजाद हुआ पाकिस्तान 23 मार्च 1956 को गणतंत्र बना। यानी लगभग 9 साल वह डोमिनियन बना रहा और आगे भी उसके लोकतंत्र का चीरहरण होता रहा। पर गर्व करने की बात है कि भारत का लोकतंत्र और संविधान तमाम उतार-चढ़ावों से गुजरते हुए भी सुरक्षित है। ध्यान रहे, एक अध्ययन के अनुसार विभिन्न देशों में संविधान की औसत आयु नौ साल है।

AI Image


**कसौटियों पर खरा** । भारतीय संविधान की रचना के बारे में ग्रैनविल ऑस्टिन ने लिखा है कि 1787 में फिलाडेल्फिया में अमेरिकी संविधान बनाए जाने के बाद यह सबसे बड़ा राजनीतिक उद्यम है। उनके मुताबिक, किसी संविधान की परख यह है कि उन परिस्थितियों से निपटने में वह कितना सक्षम है, जिन्हें ध्यान में रखते हुए उसे बनाया गया। उन्होंने लिखा कि जवाहरलाल नेहरू के निधन के बाद सत्ता का हस्तांतरण जितने शांतिपूर्ण तरीके से हुआ, उससे स्पष्ट है कि भारतीय संविधान सफल है।

**आलोचकों को जवाब** । संविधान लागू होने के बाद प्रसिद्ध राजनीतिशास्त्री आइवर जेनिंग्स भारत आए। अपने भाषणों में उन्होंने भारतीय संविधान की धज्जियां उड़ाते हुए कहा कि यह अपने ही भार से टूटकर जल्द ही खत्म हो जाएगा। दिलचस्प है कि कुछ समय बाद सिलोन (वर्तमान श्रीलंका) ने उन्हें अपने देश का संविधान लिखने के लिए बुलाया और जो संविधान उन्होंने लिखा, वह छह साल में खत्म हो गया। भारतीय संविधान आज भी जीवंत है।

**जातिवाद की चुनौती** । आज सांप्रदायिकता एवं जातिवाद को विचारधारात्मक स्तर पर समर्थन मिल रहा है। अब जातीय जनगणना होने जा रही है। राहुल गांधी ने इसके पक्ष में लंबा अभियान चलाया था। लेकिन इसी कांग्रेस पार्टी ने 1955 में नई दिल्ली में आयोजित पार्टी के 60वें सत्र में प्रस्ताव पारित किया था कि हर पृथकतावादी प्रवृत्ति को कुचलना होगा; जाति पृथकतावादी होने के साथ ही लोकतंत्र विरोधी भी है।

**सबक सीखें**
- विभिन्न देशों में संविधान की औसत आयु नौ साल
- भारतीय संविधान की मजबूती अब स्वतःसिद्ध है
- मिली-जुली सरकार संवैधानिक संस्थान के हित में

**नेहरू की चेतावनी** । इससे पहले 16 जुलाई और 1 अगस्त 1953 को तत्कालीन प्रधानमंत्री नेहरू ने मुख्यमंत्रियों को देश की एकता के विरुद्ध सक्रिय ताकतों के बारे में पत्र लिखा कि प्रांतीय भावना, सांप्रदायिक भावना, जातीय भावना, भाषाई भावना देश की एकता को तोड़ती है। तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने 1960 के स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि इन भावनाओं को राष्ट्रीय भावना के अधीन होना चाहिए।

**SIR पर विवाद** । अभी चुनाव आयोग द्वारा किए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) को लेकर गंभीर विवाद है। विपक्ष का आरोप है कि विरोधी दलों के समर्थकों को मतदाता सूची से बाहर करने के लिए SIR किया जा रहा है। मामला शीर्ष अदालत के समक्ष भी लाया गया, लेकिन उसने इस पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। हालांकि पहचान के लिए कुछ अन्य दस्तावेजों को शामिल करने का निर्देश दिया। जाहिर है पुनरीक्षण तो होना ही चाहिए लेकिन निष्पक्ष तरीके से।

**'लिटिल प्रेग्नेंसी'** । भ्रष्टाचार शुरू से देश के लिए बड़ी चुनौती रहा है। सितंबर 1946 में अंतरिम सरकार के गठन के बाद महात्मा गांधी को प्रतिदिन औसतन अस्सी चिट्ठियां भ्रष्टाचार की शिकायतों को लेकर आती थीं। 1948 में ही जीप घोटाला हुआ, जिसमें ब्रिटेन में तत्कालीन भारतीय उच्चायुक्त वी के कृष्ण मेनन पर आरोप लगा था। भ्रष्टाचार के बारे में एक सांसद ने सवाल उठाया तो नेहरू ने कहा कि माननीय सदस्य को इधर-उधर के 'लिटिल करप्शन' की चर्चा नहीं करनी चाहिए। इस पर उन सांसद ने टिप्पणी की कि लिटिल करप्शन 'लिटिल प्रेग्नेंसी' की तरह है, जो समय के साथ बढ़ता जाएगा। यह भविष्यवाणी सच साबित हुई। भ्रष्टाचार आज सबसे बड़ी चुनौती है।

**एक दल की सरकार के खतरे** । भारतीय लोकतंत्र का एक अनुभव यह भी रहा है कि मिली-जुली सरकार होने पर विकास थोड़ा बाधित होता है। लेकिन गौर करने की बात है कि इससे संविधानिक संस्थान मजबूत हो जाते हैं। एक दल की सरकार, चाहे केंद्र में हो या राज्य में, अन्य संस्थाओं का सम्मान नहीं करती है। उससे कैबिनेट सिस्टम भी कमजोर होता है, केवल प्रधानमंत्री या मुख्य मंत्री की प्रधानता रह जाती है। ऐसा नहीं होना चाहिए।

*(लेखक वरिष्ठ टीवी पत्रकार और संविधानिक मामलों के जानकार हैं)*

AI Image


## ईरान पर क्यों नरम ट्रंप

**अमेरिका और ईरान के बीच रिश्ते करीब 50 साल से तनावपूर्ण हैं। पिछले साल US-इस्राइल ने एयर स्ट्राइक भी की। लेकिन, डॉनल्ड ट्रंप अब नतीजों की परवाह किए बगैर इस संघर्ष को पूरी तरह खत्म करना चाहते हैं, आखिर क्यों?**

**5 पॉइंट**

**1 हो जाएगी वादाखिलाफी**
ट्रंप ने अमेरिकी जनता से वादा किया है कि अपने सैनिकों को घर वापस लाएंगे। पिछले टर्म में उन्होंने अफगानिस्तान से वापसी कराई थी। अब वह मिडल ईस्ट में एक और बड़ा युद्ध नहीं छेड़ सकते।

**2 भरोसे की कमी**
ट्रंप को जीत का भरोसा चाहिए, लेकिन उनके सलाहकार यकीन नहीं दिला पाए हैं कि अमेरिकी हमले से तेहरान की सत्ता व्यवस्था ढह जाएगी। कई MAGA नेताओं ने भी ईरान पर सैन्य हमले का विरोध किया है।

**3 संसाधनों पर सवाल**
अमेरिका हमला करता है, तो ईरान जवाब जरूर देगा। ट्रंप सरकार को डर है कि क्षेत्र में उनके पास एक बड़ी लड़ाई लड़ने के लिए पर्याप्त सैन्य संसाधन मौजूद नहीं हैं। जंग लंबी खिंच सकती है।

**4 सीजफायर नहीं चाहिए**
ट्रंप ईरान के मामले में इस्राइल जैसा रुख नहीं अपनाएंगे। वह चाहते हैं कि ईरान के साथ चल रहा तनाव पूरी तरह खत्म हो, चाहे नतीजा जो हो। अमेरिका किसी भी हाल में संघर्ष होने पर सीजफायर नहीं चाहता।

**5 समझौते की आस**
ओमान में वॉशिंगटन-तेहरान वार्ता की तैयारी है। ईरान को लग रहा है कि ट्रंप समझौता चाहते हैं और प्रतिबंधों में ढील देंगे। USA को लग रहा है कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम को सीमित कर पाएगा।

*प्रस्तुतिः अभिषेक मिश्र*

## www.nbt.in

# वह 'काश' के पीछे चल पड़ा



**खुद अपनी आंख से**
रवि ठाकुर

**हर सुबह** की तरह उस दिन की शुरुआत भी दौड़-भाग से हुई। समय कम था, इसलिए मेट्रो छोड़ बाइक-टैक्सी सर्विस लेना तय किया। ऐप पर बाइक बुक की, कुछ ही मिनटों में एक युवक मेरी कॉलोनी के गेट पर था। उसके साथ चल पड़ा।

रास्ते में वैसा कुछ नहीं हुआ- रोज की तरह वही भीड़, ट्रैफिक। ऑफिस के सामने मैंने जैसे ही बाइक रुकवाई, वह मेरी तरफ मुड़कर मुस्कुराया और बोला, 'सर, आप यहां?' उसके चेहरे पर हैरानी साफ झलक रही थी। मैंने सहजता से कहा, 'हां, यही मेरा ऑफिस है। मैं मीडिया हाउस में काम करता हूं।' वह कुछ देर सोचता रहा, फिर बोला, 'सर, आपके पास दो मिनट होंगे?' मैंने घड़ी देखी - अभी ऑफिस कार्ड स्वाइप करने में 30 मिनट थे। मैंने कहा, 'बिलकुल, बोलिए।' उसने बाइक साइड में खड़ी की, और थोड़ा हिचकिचाते हुए बोला, 'सर, मैं भी कभी पत्रकार बनना चाहता था। जब भी इस बिल्डिंग के सामने से गुजरता हूं, बस देखता रहता हूं। सोचता हूं काश! मैं भी किसी दिन यहां काम कर पाता। लेकिन हालात कुछ और ही कह गए।'

मैंने पूछा, 'फिर किया क्यों नहीं?' उसकी आंखों में एक थकी हुई, लेकिन उम्मीद भरी चमक थी। 'घर में मैं सबसे बड़ा हूं, पापा बीमार रहते हैं, चार छोटे भाई-बहन हैं। पढ़ाई छोड़ दी। अब बाइक सर्विस दे रहा हूं, ताकि घर चल सके।' मैं थोड़ी देर चुप रहा। फिर कहा, 'पर तुम अब भी पढ़ाई कर सकते हो। ऑनलाइन कोर्सेज हैं, ओपन यूनिवर्सिटीज हैं, टाइम निकालो, कोशिश करो।'

वह मुस्कुराया और बोला, 'सर, बुरा ना मानिए तो एक बात कहूं... क्या आप बस एक बार अंदर से ऑफिस दिखा सकते हैं?' मैं एक पल को सोच में पड़ गया। अंदर का एंट्री सिस्टम टाइट था, विजिटर्स कार्ड चाहिए होता था। फिर मैंने कहा, 'पूरा ऑफिस नहीं, लेकिन रिसेप्शन तक चल सकते हैं। बोलो, चला जाए?' उसकी आंखों में बच्चे जैसी चमक आ गई, 'प्लीज सर, यही बहुत हो जाएगा।'

अंदर दीवारों पर लगी अखबारों की कटिंग्स, तस्वीरें, सुर्खियों से भरे फ्रेम - वह हर चीज को ऐसे देख रहा था, जैसे किसी किताब के पन्ने पढ़ रहा हो। कुछ देर बाद धन्यवाद कहा और बस इतना ही बोला, 'काश...।' और वह चुप हो गया। मैंने उसके कंधे पर हाथ रखा और कहा, 'कोशिश करना, क्या पता तुम्हारा 'काश' हकीकत बन जाए।' उसकी आंखें एकदम से चमक उठीं। उसने कहा, 'आपकी बातों ने मेरे उम्मीद के परों को हवा दे दी है। मैं यह करके रहूंगा।' उस दिन अपनी सीट पर लौटा, उसकी आंखों की चमक मेरे जेहन में उतर रही थी।

हम सब के जीवन में कहीं न कहीं कोई 'काश' दबा रह जाता है। फर्क इतना होता है कि कुछ लोग उसे वहीं दफन कर देते हैं, कुछ उसे जीने की हिम्मत बटोरकर चल पड़ते हैं।

## चलते-चलते...

**वैज्ञानिकों ने** एक नई मेडिकल इमेजिंग तकनीक विकसित की है, जो बिना रेडिएशन और Contrast Dye के मानव शरीर के ऊतकों की संरचना और रक्त-नलिकाओं को 3D रंगों में दिखा सकती है। इससे स्तन कैंसर की पहचान, डायबिटीज से जुड़े नर्व डैमेज की निगरानी में बड़ी मदद मिल सकती है। शोध Nature Biomedical Engineering में प्रकाशित हुआ है।

# लड़कियां अपने सपनों संग भी भागती हैं

*रंगमंच की दुनिया से निकलकर रुपहले पर्दे पर अपनी पहचान बनाने वाले पंकज त्रिपाठी और उनकी पत्नी मृदुला ने 'रूपकथा' रंगमंच की शुरुआत की है। थियेटर को सब कुछ मानने वाली मृदुला त्रिपाठी का कहना है कि जब यहीं से सब कुछ मिला है, तो यह हमारी तरफ से रिटर्न गिफ्ट जैसा है। कभी स्कूल में बच्चों को पढ़ाने वाली शिक्षिका की भूमिका थोड़ी बदल गई है और अब कलाकारों का व्यक्तित्व निखार रही हैं। पेश है* ***आलोक गागड़ेकर*** *के साथ उनकी बातचीत के प्रमुख अंश :*


सप्ताह का इंटरव्यू
मृदुला त्रिपाठी

> अब मेरा एकमात्र उद्देश्य रंगमंच को दोनों पक्षों के लिए उपयोगी साबित करना है। पहला, रंगमंच से जुड़े कलाकार सशक्त बनें, उन्हें रोजगार मिले, अपने सपनों को पंख दे सकें। दूसरा, रंगमंच के दर्शक कुछ न कुछ सीखकर जाएं।

■ **रूपकथा रंगमंच का विचार किसका था और इसकी उपयोगिता क्या है?**

यह हम दोनों का विचार था। हमारी जिंदगी भी थियेटर से ही शुरू हुई थी। हमारे प्रेम का आधार भी थियेटर ही रहा। हां, कहीं न कहीं इसमें साहित्य यानी रेणु जी की कहानियां और राग दरबारी जैसे उपन्यास भी हैं। मुंबई से पहले दिल्ली और उससे पहले पटना और कलकत्ता में हम रहते थे। इन महानगरों में हमारे पास सिर्फ रंगमंच ही था। आज उसी की देन है कि बड़े पर्दे पर नाम है। पंकज के अभिनय से लोग खुश हैं और उनके अभिनय में आज भी थियेटर की खुशबू है। जब रंगमंच से हमें इतना मिला है, तो हमारा दायित्व है कि हम भी कुछ करें। यह थियेटर को हमारी तरफ से रिटर्न गिफ्ट है। जहां तक मुंबई की बात है, तो इस शहर का अपना रंग है। उसमें हमारी कोशिश है कि लोग मोबाइल और सोशल मीडिया के जमाने में भी जीवंत कला को देखें। हिंदी के दर्शकों का नया वर्ग तैयार करना उद्देश्य है।

■ **आप शिक्षक रह चुकी हैं। आपके हिसाब से एक शिक्षक और फिल्म निर्माता की भूमिका में क्या अंतर है?**

कोई अंतर नहीं है। जब मैं शिक्षक थी तो विद्यार्थियों को संस्कार सिखाती थी। अब भी वही काम कर रही हूं, लेकिन अब मेरे साथ कलाकार हैं। स्कूल में भी जोर व्यक्तित्व निर्माण पर था और आज भी यही है। अब मेरा मकसद रंगमंच को दोनों पक्षों के लिए उपयोगी साबित करना है। पहला, जो रंगमंच से जुड़े कलाकार हैं, वे सशक्त बनें। उन्हें रोजगार मिले और अपने सपनों को पंख दे सकें। दूसरा, जो लोग रंगमंच देखने आएं, वे कुछ न कुछ सीख कर जाएं।

■ **आपकी पहली प्रस्तुति 'लाइलाज' है। इसमें क्या है?**

यह काफी मनोरंजक और शिक्षाप्रद है। इसमें म्यूजिक है, कॉमिडी है और कुछ ऐसे सवाल भी हैं, जो समाज के लिए जरूरी हैं। यह देखने के बाद आपको कवि आलोक धन्वा की 'भागी हुई लड़कियां' कविता याद आएगी। आपको लगेगा कि जब कोई लड़की घर से भागती है, तो जरूरी नहीं कि वह किसी लड़के के साथ भागी हो। हो सकता है कि वह अपने सपनों के साथ भागी हो। वह खुद के साथ भी भाग सकती है। फैज मोहम्मद ने इस नाटक को लिखा है और उन्होंने ही इसका निर्देशन भी किया है। इसकी प्रस्तुति देखकर पंकज इतने प्रेरित हुए कि अब वह भी इसमें एक किरदार निभाने जा रहे हैं। हमें भी खुशी है कि वह इतना व्यस्त होने के बाद भी समय निकाल रहे हैं।

■ **आगे क्या योजनाएं हैं?**

फिलहाल मुंबई में इसके शो हो रहे हैं। इसके बाद हम इस साल भारत रंग महोत्सव में भी इसका मंचन करेंगे। अच्छी बात है कि उसी महोत्सव में मेरी बेटी आशी का एक और नाटक होने वाला है। इससे वह काफी खुश है। इसके बाद हम कोलकाता, पुणे, अहमदाबाद, भोपाल में भी शो करने वाले हैं। हमारा यह प्लेटफॉर्म महज मुंबई तक सीमित नहीं होने वाला। हम इसे पूरे देश में ले जाने वाले हैं। इसलिए सभी को जोड़ने के लिए देश के अधिकतर शहरों में प्रस्तुति देंगे। इसके अलावा, हम एक और योजना पर काम कर रहे हैं। रूपकथा रंगमंच का अपना स्थान होने वाला है, जहां कलाकार खुद से अपनी कला को और निखार सकेंगे।

■ **आपकी बेटी आशी भी इसमें अभिनय कर रही है। आजकल अभिनय सिखाने के लिए तो कई बड़े संस्थान हैं, मगर आप लोगों ने थियेटर ही क्यों चुना?**

अभिनय उसकी अपनी पसंद है। हमें जब पता चला तो हमने बस अच्छे रंग संस्कार भरने की कोशिश की। हम तो बस उसे रास्ता दिखा रहे हैं और थियेटर तो अपने आप में एक दर्शन है। जो यहां रच बस जाएगा, वह सब कुछ सीख जाएगा। थियेटर में वह न सिर्फ अभिनय सीखेगी बल्कि एक अच्छी इंसान भी बन जाएगी। इसका प्रत्यक्ष प्रमाण मेरे पास है। महंगे संसाधन जैसा कुछ नहीं है। अभिनय का संसाधन सिर्फ एक है और वह अभिनेता या अभिनेत्री का व्यक्तित्व होता है। हम दोनों को आशा है कि आशी अपने सपनों के साथ खुलकर जिए।

## रीडर्स मेल

**दूर हो गतिरोध**

6 फरवरी का संपादकीय 'सार्थक बहस हो' पढ़ा। संसद का यह बजट सत्र भी हंगामे की भेंट चढ़ता नजर आ रहा है। सरकार और विपक्ष के बीच तीखी टिप्पणियों, हंगामे और कटु शब्दों के इस्तेमाल ने संसदीय नियमों व मर्यादाओं को झकझोर दिया है। जनता इसलिए अपना प्रतिनिधि चुनकर सदन में भेजती है, ताकि उसके मुद्दों को आवाज मिल सके। हर जनप्रतिनिधि को यह बात भलीभांति समझनी चाहिए, लेकिन वे तो उलझे हैं हंगामे और विरोध-प्रदर्शन में। इस समय देश के सामने कई बड़े मुद्दे हैं। अमेरिका के साथ डील पर सहमति बनी है, लेकिन कुछ बातों को लेकर स्पष्टता चाहिए। उस पर बात ही नहीं हो रही है। जो सवाल सदन के बाहर पूछे जा रहे हैं, उन पर सदन के भीतर चर्चा क्यों नहीं हो सकती? सरकार और विपक्ष, दोनों को मिलकर इस गतिरोध को दूर करना चाहिए।

**पैथर तोमर, किशन गंज**

**खेलों में राजनीति**

**क्रिकेट विश्व** कप का इंतजार रहता है कि रोचक मुकाबले देखने को मिलेंगे, लेकिन इस बार गजब की राजनीति से सामना हो रहा है। पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ मैच खेलने से इनकार कर दिया है। अजीब बात है कि फैसला उनका क्रिकेट बोर्ड नहीं, सरकार सुना रही है। यह सीधे-सीधे खेल का राजनीतिकरण है। वैसे, जब बोर्ड का चेयरमैन कोई मंत्री हो और संरक्षक देश का प्रधानमंत्री, तो राजनीति होगी ही। पाकिस्तान क्रिकेट के मंच का इस्तेमाल पॉलिटिक्स के लिए कर रहा है और उसने बांग्लादेश को मोहरा बनाया हुआ है। उसे लग रहा है कि क्रिकेट के जरिये वह भारत को चोट पहुंचा सकता है। हालांकि यह उसकी गलतफहमी है। इस मामले में ICC को कड़े कदम उठाने चाहिए। अगर इंटरनैशनल क्रिकेट काउंसिल ने अब सख्ती नहीं की, तो विश्व क्रिकेट को नुकसान पहुंचेगा।

**संतोष रावत, दिल्ली**

[illegible]

## फटाफट खबरें

### खदान विस्फोट में 2 अरेस्ट, 7 शव मिले

■ पीटीआई, शिलॉन्ग : अवैध कोयला खदान में विस्फोट के सिलसिले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को सात और शव मिलने से मृतकों की संख्या 25 हो गई है। मेघालय हाई कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक को अवैध खनन में शामिल खदान मालिकों और संचालकों को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया है।

### क्रिकेटर रिंकू का FB अकाउंट हैक

■ NBT न्यूज, अलीगढ़ : इंटरनैशनल क्रिकेटर रिंकू सिंह की फेसबुक आईडी हैक हो गई। आरोप है कि हैकरों ने पे-आउट से मिलने वाली रकम भी हड़प ली। रिंकू के छोटे भाई की शिकायत पर शुक्रवार को साइबर थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसएसपी नीरज जादौन ने बताया कि रिंकू सिंह ने फोन पर जानकारी दी थी।

### नेपाल बस हादसे में 13 बरातियों की मौत

■ भाषा, काठमांडू : नेपाल में बरातियों की बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से 13 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि यह हादसा गुरुवार रात आठ बजे नेपाल के सुदूर पश्चिम प्रदेश में हुआ था, जो उत्तराखंड से सटा हुआ है। आठ की मौके पर ही मौत हो गई थी, पांच ने अस्पताल में दम तोड़ दिया।

### इंदौर में गंदे पानी से 33वीं मौत का दावा

■ भाषा, इंदौर : इंदौर के भागीरथपुरा इलाके में 70 साल के शख्स की मौत के बाद परिजनों ने शुक्रवार को कहा कि दूषित पेयजल से फैले उल्टी-दस्त के प्रकोप के कारण उनकी जान गई है। स्थानीय लोगों ने इससे अब तक 33 लोगों की मौत का दावा किया है। परिजनों के मुताबिक, अलगूराम यादव (70) ने निजी अस्पताल में गुरुवार रात आखिरी सांस ली।

### मलयालम अभिनेता हिट एंड रन में अरेस्ट

■ आईएएनएस, तिरुवनंतपुरम : मलयालम अभिनेता मनियन पिल्लई राजू कार एक्सिडेंट को लेकर विवादों में आ गए हैं। आरोप है कि देर रात त्रिवेंद्रम क्लब से बाहर निकलते समय उनकी गाड़ी से दोपहिया वाहन की टक्कर हुई और वे मदद करने के बजाय भाग गए। पुलिस ने अब अभिनेता को गिरफ्तार कर लिया है।

# 'बच्ची नाबालिग, इसलिए प्रेग्नेंसी अवैध, जारी रखने को कैसे कहें'

## सुप्रीम कोर्ट ने 30 हफ्ते की गर्भवती लड़की के गर्भपात की दी इजाज़त

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : 'कोई भी अदालत किसी महिला खासकर नाबालिग को बिना उसकी मर्जी के मां बनने के लिए मजबूर नहीं कर सकती है।' शुक्रवार को यह टिप्पणी करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने 30 हफ्ते की गर्भवती नाबालिग लड़की के गर्भपात की इजाजत दे दी। जस्टिस बीवी नागरत्ना की अगुवाई वाली बेंच ने इस बात पर जोर दिया कि गर्भवती लड़की की प्रजनन स्वायत्तता (रिप्रोडक्टिव ऑटोनॉमी) को महत्व दिया जाना चाहिए, खासकर उन परिस्थितियों में जब उसने स्पष्ट रूप से गर्भावस्था जारी न रखने की इच्छा जताई हो। अपने आदेश में कोर्ट ने कहा कि नाबालिग बच्ची को गर्भावस्था जारी रखने का अधिकार है। लेकिन इस पहलू पर ध्यान देने की जरूरत है कि इस स्थिति में गर्भावस्था पहली नजर में अवैध (इलेजिटिमेट) है। क्योंकि वह नाबालिग है और एक रिश्ते से उत्पन्न दुर्भाग्यपूर्ण परिस्थिति के कारण गर्भावस्था का सामना कर रही है। बेंच ने स्पष्ट किया कि मुद्दा यह नहीं है कि वह संबंध सहमति से था या यौन उत्पीड़न का परिणाम है। अंतिम तथ्य यह है कि गर्भावस्था अवैध है, क्योंकि लड़की नाबालिग है। इस तरह जन्म लेने वाला बच्चा वैध नहीं होगा। दूसरा यह कि होने वाली मां उस बच्चे को जन्म नहीं देना चाहती। याचिका स्वीकार करते हुए बेंच ने मुंबई के जे.जे. अस्पताल को निर्देश दिया कि मेडिकल ऐहतियात का पालन करते हुए नाबालिग की गर्भावस्था का मेडिकल टर्मिनेशन करे।

**Q क्या है मौजूदा कानून, SC के पहले के फैसले?**
केंद्र सरकार ने अक्टूबर 2021 में प्रेग्नेंसी खत्म करने के लिए कानून में बदलाव करते हुए कुछ शर्तों के साथ मियाद 20 से बढ़ाकर 24 हफ्ते कर दी थी। इसके लिए मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी (संशोधन) रूल्स 2021 का नोटिफिकेशन जारी किया था। इसके तहत विशेष कैटिगरी की महिलाओं के लिए प्रेग्नेंसी टर्मिनेशन की मियाद 24 हफ्ते कर दी गई थी। इसमें रेप विक्टिम से लेकर शादी का स्टेटस बदले जाने की स्थिति में प्रेग्नेंसी खत्म करने की इजाजत दी गई थी।

**Q क्या है 20 और 24 हफ्ते का फर्क?**
एक्ट की धारा-3 (2)(ए) कहता है कि अगर 20 हफ्ते तक की प्रेग्नेंसी है तो खत्म किया जा सकता है। धारा- 3 (2)(बी) कहता है कि अगर प्रेग्नेंसी 20 हफ्ते से ज्यादा और 24 हफ्ते तक की हो तो भी महिला के जीवन को खतरा होने या गंभीर इंजरी (मेंटल या फिजिकल) के आधार पर प्रेग्नेंसी खत्म किया जा सकता है। बच्चे में विकृति या रिस्क, रेप की शिकार और नाबालिग की प्रेग्नेंसी खत्म की जा सकती है।

**Q विवाहित-अविवाहित के बारे में क्या कहा था?**
सुप्रीम कोर्ट के तत्कालीन जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली बेंच ने कहा था कि अविवाहित महिला को एमटीपी ऐक्ट और नियमों के दायरे से बाहर रखना गैर संवैधानिक है। ऐसी अविवाहित महिला, जो सहमति से गर्भवती हुई है, उसे गर्भपात के अधिकार से वंचित करना गैर संवैधानिक है। एमटीपी ऐक्ट कहीं से भी विवाहित-अविवाहित महिलाओं में भेदभाव नहीं करता है।

मुंबई के अस्पताल को निर्देश दिया कि मेडिकल ऐहतियात का पालन हो

जस्टिस बीवी नागरत्ना की अगुवाई वाली बेंच सुन रही थी यह केस



यह हमारे लिए भी कठिन है, लेकिन क्या किया जाए। क्या हमें उसे बच्चे को जन्म देने के लिए मजबूर करना चाहिए? क्योंकि जो बच्चा पैदा होगा, वह भी अंततः एक जीवन होगा। फिर एक और सवाल उठता है कि अगर वह 24 सप्ताह तक में गर्भपात करवा सकती है, तो 30 सप्ताह में क्यों नहीं? आखिर वह गर्भावस्था जारी नहीं रखना चाहती। *-फैसला सुनाते वक्त जस्टिस बीवी नागरत्ना*



**Q MTP ऐक्ट की व्याख्या कर क्या दिया था फैसला?**
सुप्रीम कोर्ट ने 2022 में अपने ऐतिहासिक फैसले में कहा था कि प्रजनन महिला का अधिकार है। अपने शरीर पर उसकी स्वायत्तता है। सभी महिलाएं 24 हफ्ते वाले नियम के तहत सेफ प्रेग्नेंसी खत्म करने की हकदार हैं। अविवाहित महिला को इससे वंचित करना संवैधानिक तौर पर नहीं टिकने वाला है। मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी (MTP) ऐक्ट के तहत रेप के दायरे में मैरिटल रेप भी आएगा। सभी महिलाएं लीगल तरीके से 24 हफ्ते तक की प्रेग्नेंसी खत्म करा सकती हैं।

### कैसे बढ़ता गया दायरा?

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

केंद्र सरकार के कानून ने पहले 20 हफ्ते तक प्रेग्नेंसी खत्म करने की इजाजत दी थी। बाद में 24 हफ्ते तक कुछ विशेष परिस्थिति में इजाजत दी गई। फिर सुप्रीम कोर्ट ने 29 सितंबर 2022 को अविवाहिता को भी इस परिभाषा में शामिल किया और मैरिटल रेप को भी इस दायरे में लाया गया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि हर महिला प्रजनन का अधिकार रखती है। अब सुप्रीम कोर्ट ने ताजा फैसले में इससे आगे 30 हफ्ते के गर्भ को खत्म करने की इजाजत देते हुए कहा कि नाबालिग की अनिच्छा के बाद उसे मां बनने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता है। इसे बेहद अहम माना जा रहा है।

# सुप्रीम कोर्ट बोला, जान की कीमत तय करना असंभव



■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि कानून को मानवीय जीवन की वास्तविकताओं के प्रति संवेदनशील रहना चाहिए, विशेषकर उन मामलों में जहां पारिवारिक बॉन्ड अचानक टूट जाता हो। किसी प्रियजन के जीवन की कीमत तय करना असंभव है। यह टिप्पणी अदालत ने सड़क दुर्घटना में मारे गए एक शख्स के परिजनों को दिए जाने वाले मुआवजे की राशि बढ़ाते हुए की। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने कहा कि जब किसी की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो जाती है और उसके आश्रित मुआवजे के लिए आवेदन करते हैं, तो कोई भी धनराशि वास्तव में उस क्षति की भरपाई नहीं कर सकती। दरअसल, जून 2011 में 37 साल के शख्स की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, चेन्नै ने परिवार को 9.37 लाख रुपये का मुआवजा दिया था। मद्रास हाई कोर्ट ने राशि बढ़ाकर 10.51 लाख रुपये कर दी थी। अब शीर्ष अदालत ने मुआवजा 20.80 लाख रुपये कर दिया।

### 'कटऑफ में कमी का कारण बताएं'

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को नैशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज (NBEMS) से कहा कि वह NEET-PG 2025-26 के लिए क्वालिफाइंग कट-ऑफ प्रतिशत में की गई कमी के पीछे के कारण स्पष्ट करते हुए हलफनामा दाखिल करे। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की पीठ, NBEMS के 13 जनवरी को जारी उस नोटिस को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिसके तहत क्वालिफाइंग कट-ऑफ प्रतिशत घटाया गया था।

### 'पूछताछ के लिए अरेस्टिंग ठीक नहीं'

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि किसी की गिरफ्तारी केवल सवाल पूछने के लिए नहीं की जा सकती। पुलिस अधिकारी द्वारा की जाने वाली गिरफ्तारी मात्र एक वैधानिक विवेकाधिकार (स्टैच्यूटरी डिस्क्रेशन) है, जिसे अनिवार्य नहीं कहा जा सकता। जस्टिस एमएम सुंदरेश की अगुवाई वाली बेंच ने कहा कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNSS), 2023 के प्रावधानों के तहत गिरफ्तारी की शक्ति की व्याख्या एक सख्त ऑब्जेक्टिव आवश्यकता के रूप में की जानी चाहिए।

### अमेरिका ने जारी की सबसे बुरे अपराधियों की लिस्ट, 89 भारतीय भी इसमें शामिल

■ NBT रिपोर्ट : अमेरिका ने इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट (ICE) द्वारा गिरफ्तार किए गए अपराधियों और अवैध लोगों की देशवार लिस्ट जारी की है। इसमें इसमें कम से कम 89 भारतीयों के नाम हैं। TOI के अनुसार, अमेरिकी डिपार्टमेंट ऑफ होमलैंड सिक्योरिटी (DHS) सबसे बुरे विदेशी अपराधियों को उजागर कर रहा है। अंडर सेक्रेटरी नोएम के नेतृत्व में, DHS और ICE राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प के वादे को पूरा कर रहे हैं और बड़े पैमाने पर डिपोर्टेशन कर रहे हैं। लिस्ट में शामिल भारतीयों को घरेलू हिंसा, ड्रग तस्करी, यौन उत्पीड़न, धोखाधड़ी, डकैती, मनी लॉन्ड्रिंग के लिए दोषी ठहराया गया है।

### मणिपुर में बंद, रैली भी निकाली गई


PTI

■ पीटीआई, चुराचांदपुर/इंफाल : मणिपुर में नई सरकार के गठन के अगले ही दिन भड़की हिंसा की चिंगारी शुक्रवार को भी जारी रही। सरकार गठन में कुकी समुदाय के तीन विधायकों की भागीदारी के खिलाफ राज्य के तीन पहाड़ी जिलों में हजारों लोगों ने रैली निकाली। प्रदर्शनकारियों ने संबंधित विधायकों पर समुदाय के साथ विश्वासघात करने का आरोप लगाया। इसी मामले में दो आदिवासी संगठनों ने चुराचांदपुर में 'पूर्ण बंद' का आह्वान किया था, जिससे इस कुकी-जो बहुल जिले में जनजीवन प्रभावित रहा। अधिकारियों के मुताबिक, बंद के समर्थकों ने शुक्रवार सुबह जिला मुख्यालय में वाहनों को रोक दिया।

### गढ़चिरौली में 7 नक्सली ढेर, घायल जवान ने तोड़ा दम

■ भाषा, गढ़चिरौली (महाराष्ट्र)



**महाराष्ट्र के** गढ़चिरौली जिले में जारी एक अभियान में 25 लाख के इनामी शीर्ष नक्सली प्रभाकर समेत सात माओवादी मारे गए। जबकि, पहले मुठभेड़ में घायल एक सी-60 जवान ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि तीन दिन पहले शुरू किए गए इस अभियान में अब तक 7 नक्सलियों को मार गिराया गया है। भामरागढ़ के एसडीपीओ के नेतृत्व में सी-60 की 14 इकाइयों को शामिल करते हुए यह अभियान मंगलवार को गढ़चिरौली-नारायणपुर (छत्तीसगढ़) सीमा पर फोडेवाड़ा गांव के पास माओवादियों की कंपनी नंबर-10 के नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद शुरू किया गया। पुलिस ने बुधवार को दो नक्सली शिविरों का भंडाफोड़ किया था और गुरुवार सुबह सी-60 की चार और इकाई, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की क्यूआरटी की एक इकाई तैनात की गई। पुलिस के मुताबिक, गुरुवार को एक नक्सली का शव, एक एके-47 राइफल और एक सेल्फ-लोडिंग राइफल (एसएलआर) बरामद की गई। पुलिस के मुताबिक, गुरुवार रात तीन नक्सलियों के शव और शुक्रवार को चार शव बरामद किए गए। इनमें चार पुरुष, तीन महिलाएं शामिल हैं।

25 लाख रुपये का इनामी तेलंगाना का शीर्ष नक्सली प्रभाकर भी ढेर

### भारत-पाक के बॉर्डर पहुंचे शाह



केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने जम्मू दौरे पर शुक्रवार को भारत-पाक बॉर्डर पर गुरनाम और बोबिया पोस्ट का दौरा किया। उन्होंने शहीदों को श्रद्धांजलि देकर 280 करोड़ रुपये की योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

# जम्मू पहुंचे आर्मी चीफ, ऑपरेशनल तैयारियां और सुरक्षा व्यवस्था परखीं

Poonam.Pandey
@timesofindia.com


PTI

सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी (लेफ्ट) ने ईस्टर्न नेवल कमांड के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस एडमिरल संजय भल्ला (राइट) के साथ बैठक की।

■ नई दिल्ली : भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने सेना की व्हाइट नाइट कोर (16वीं कोर) के जिम्मेदारी वाले इलाके का दौरा किया। यहां पिछले दो दिनों में ही दो अलग-अलग ऑपरेशंस में तीन आतंकियों को मार गिराया गया है। 16वीं कोर का इलाका पिछले एक महीने से लगातार सक्रिय है और यहां अलग अलग जगह आतंकियों की जानकारी मिलने पर घेराबंदी की हुई थी। कई जगह ऑपरेशंस अभी भी जारी हैं। जनरल द्विवेदी ने यहां मौजूदा सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की और यहां तैनात यूनिट की ऑपरेशनल तैयारियों का आकलन किया। इस दौरान सेना प्रमुख को नगरोटा में मौजूदा सुरक्षा माहौल की जानकारी दी गई। इसमें आतंकवादी-रोधी ग्रिड, खुफिया तंत्र और दूसरे सुरक्षा बलों के साथ चलाए जा रहे जॉइंट ऑपरेशंस की डिटेल भी दी गई। जनरल द्विवेदी ने यहां विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के प्रतिनिधियों से बातचीत की और रिसोर्स के प्रभावी उपयोग, खुफिया जानकारी साझा करने और कोऑर्डिनेटेड ऑपरेशंस के लिए सभी की सराहना की। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों से इलाके की सुरक्षा व्यवस्था काफी मजबूत हुई है। कर्मचारियों, अधिकारियों, अन्य सुरक्षा एजेंसियों के लोगों से बातचीत करते हुए सेना प्रमुख ने उनके पेशेवर रवैये की तारीफ की।

16वीं कोर के इलाके में आतंकियों के खिलाफ जारी है ऑपरेशंस

**तैयारी जोरों पर** भारत जेन AI बनेगा पहला सरकारी सॉवरेन AI सिस्टम, इसी माह टेक्स्ट मॉडल का काम पूरा होगा

# 22 भाषाओं में बोलेगा देसी 'भारत जेन AI'

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**भारत अब** विदेशी AI सिस्टम पर निर्भर रहने के बजाय अपना देसी, सुरक्षित और भारतीय भाषाओं पर आधारित AI प्लैटफॉर्म तैयार कर रहा है, जो आने वाले समय में डिजिटल इंडिया को नई दिशा देगा। देश का पहला सरकारी और देसी सॉवरेन AI मॉडल भारत GenAI इसी महीने 22 संविधानिक भाषाओं में टेक्स्ट मॉडल के रूप में पूरा कर लिया जाएगा। यह जानकारी केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने राज्यसभा में दी। उन्होंने बताया कि यह AI सिस्टम अंग्रेजी तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि हिंदी, तमिल, तेलुगु, बंगाली, मराठी, उर्दू सहित देश की सभी प्रमुख भाषाओं में संवाद कर सकेगा। बोलने और देखने की क्षमता वाला AI मॉडल स्पीच और विजन तकनीक से लैस होगा। भारत GenAI, इंडिया AI मिशन के तहत विकसित किया जा रहा है और यह भारत का पहला राष्ट्रीय फाउंडेशनल लार्ज लैंग्वेज मॉडल होगा जिसे पूरी तरह भारतीय जरूरतों और सामाजिक-सांस्कृतिक संदर्भों के अनुसार डिजाइन किया गया है। भारत जेन AI का उपयोग कृषि, आयुर्वेद, स्वास्थ्य सेवाओं और कानूनी सहायता जैसे क्षेत्रों में भी किया जाएगा, ताकि आम लोगों को सीधे लाभ मिल सके।

केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने राज्यसभा में दी जानकारी

AI image




### एक लाख करोड़ से तकनीक को बढ़ावा

सरकार ने एक लाख करोड़ का रिसर्च, डिवेलपमेंट एंड इनोवेशन फंड शुरू किया है, जिससे AI और नई तकनीकों के विकास को वित्तीय समर्थन मिलेगा। इसमें निजी क्षेत्र की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी। इसके उपयोग, डेटा सुरक्षा और कीमत को लेकर नियम बनाए जा रहे हैं। इस परियोजना का नेतृत्व IIT बॉम्बे कर रहा है, जिसमें IIT मद्रास, IIT हैदराबाद, IIT कानपुर, IIT मंडी और IIT इंदौर जैसे प्रमुख संस्थान शामिल हैं।


BLS INTERNATIONAL

**BLS INTERNATIONAL SERVICES LIMITED**
CIN: L51909DL1983PLC016907

Regd. Office: G-4, B-1, Extension, Mohan Co-operative Industrial Estate, Mathura Road, New Delhi-110044
Tel. No.: 011-45795002 Fax: 011-23755264 Email: compliance@blsinternational.net, Website: www.blsinternational.com

**STATEMENT OF UNAUDITED CONSOLIDATED AND STANDALONE FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND NINE MONTHS ENDED DECEMBER 31, 2025**

43.60% Rs. 736 Cr. REVENUE
25.23% Rs. 198 Cr. EBITDA
33.08% Rs. 170 Cr. PAT

Figures above depict year on year comparison

**MANAGEMENT DISCUSSION & ANALYSIS OF RESULTS**

- Company reported strong financial performance in Quarter 3 and in 9 months of Financial year 2025-2026 - almost achieved Financial year 2024-2025 full year performance in 9 months of financial year 2025-2026 driven by increase in application counts in Visa & consular services and through operational efficiencies.
- The Company has declared an interim dividend of 200% on the face value of its equity shares.
- The company continues to strengthen its global footprint and diversify its portfolio with key contract wins and various strategic initiatives across multiple geographies.
- Growth in EBITDA and profitability was driven by Visa & Consular Services business due to higher application counts and continuing benefits due to change in business model from partner run to self-managed centers.

Consolidated financial results:- (Rs. in Crores)

| PARTICULARS | Quarter Ended | | Nine Months Ended | | Year Ended |
|---|---|---|---|---|---|
| | December 31, 2025 Unaudited | December 31, 2024 Unaudited | December 31, 2025 Unaudited | December 31, 2024 Unaudited | March 31, 2025 Audited |
| Total Income from Operations | 736.46 | 512.85 | 2,183.65 | 1,500.53 | 2,193.30 |
| Net Profit for the period (before tax & exceptional items) | 190.56 | 140.20 | 593.58 | 438.87 | 605.52 |
| Net Profit for the period (after tax & exceptional items) | 170.22 | 127.91 | 536.90 | 394.43 | 539.65 |
| Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 157.88 | 162.43 | 606.51 | 409.21 | 559.86 |
| Paid Up Equity Share Capital ( Face Value Re. 1/- each) | 41.17 | 41.17 | 41.17 | 41.17 | 41.17 |
| Earning per Share (EPS)(not Annualised) | | | | | |
| (a) Basic EPS - Rs. | 3.95 | 2.93 | 12.36 | 9.06 | 12.34 |
| (b) Diluted EPS - Rs. | 3.95 | 2.93 | 12.35 | 9.06 | 12.33 |

Notes:
1. Key Standalone financial Information is as under :- (Rs. in Crores)

| PARTICULARS | Quarter Ended | | Nine Months Ended | | Year Ended |
|---|---|---|---|---|---|
| | December 31, 2025 Unaudited | December 31, 2024 Unaudited | December 31, 2025 Unaudited | December 31, 2024 Unaudited | March 31, 2025 Audited |
| Total Income from Operations | 50.43 | 41.19 | 140.98 | 113.13 | 138.49 |
| Net Profit for the period (before tax & exceptional items) | 23.61 | 0.38 | 29.56 | 20.48 | 23.12 |
| Net Profit for the period (after tax & exceptional items) | 25.29 | 0.27 | 30.94 | 20.38 | 21.96 |
| Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 25.11 | 0.25 | 30.75 | 20.34 | 21.74 |

2. The above Financial Results were reviewed and recommended by the Audit Committee and subsequently approved by the Board of Directors at their respective meetings held on February 06, 2026. These results have been subjected to limited review by the statutory auditors who have expressed an unmodified conclusion.
3. On November 21, 2025, the Government of India notified the four Labour Codes, consolidating 29 prior laws. The Ministry of Labour & Employment released draft Central Rules and FAQs to assess financial impacts.
The Group has assessed and disclosed the incremental impact consisting of gratuity of Rs. 0.67 crores within the employee benefit expense. The Group continues to monitor the finalisation of Central / State Rules and clarifications from the Government on other aspects of the Labour Code and would provide appropriate accounting effect on the basis of such developments as needed.
4. The Board of Directors at its meeting held on February 06, 2026, has declared an Interim Dividend of Rs. 2/- per equity share.
5. Group's subsidiary BLS E Services Ltd. (BLSE) got listed on BSE Limited ("BSE") and National Stock Exchange of India Limited ("NSE") on February 06, 2024. The Subsidiary has received an amount of Rs 309.29 crores being Gross proceeds from fresh issue of equity shares. Net proceeds after issue expenses in relation to Fresh issue are proposed to be utilized and the utilization thereof are summarized as below : (Rs. In Crores)

| OBJECT(S) | Amount proposed to be utilized | Amount utilized upto December 31, 2025 | Total unutilized amount upto December 31, 2025 |
|---|---|---|---|
| Strengthening our technology infrastructure to develop new capabilities and consolidating our existing platforms | 97.59 | 15.38 | 82.20 |
| Funding initiatives for organic growth by setting up of BLS Stores | 74.78 | - | 74.78 |
| Achieving inorganic growth through acquisitions | 28.71 | 28.71 | - |
| General corporate purpose | 76.69 | 76.41 | 0.28 |
| Total | 277.77 | 120.50 | 157.27 |

IPO proceeds which were un-utilized as at December 31, 2025 were temporarily invested in term deposit amounting to Rs 157.20/- crores with scheduled bank and the balance amount lying in the Monitoring account.

Place : New Delhi
Date : 6th February, 2026

For BLS International Services Limited
sd/-
Diwakar Aggarwal
Chairman
DIN 00144645

**मुस्कुराहट और ब्रैंड वैल्यू**
रिसर्च बताते हैं कि जब एक सेल्सपर्सन मुस्कुराहट से स्वागत करता है, तो ग्राहक का संशय भरोसे में बदल जाता है। मुस्कुराने से आर्थिक लेनदेन सहज हो जाता है।

## विचार

कुछ लोग हमेशा किसी खूबसूरत जगह की तलाश में भटकते रहते हैं। और कुछ लोग जहां जाते हैं, उसी जगह को अपनी मौजूदगी से खूबसूरत बना देते हैं।
– हजरत इनायत खान
(Hazrat Inayat Khan)

## ज़रा हंस लें

**मरीज़ :** डॉक्टर साहब, मुझे सब कुछ दो-दो दिखाई देता है।
**डॉक्टर :** (आराम से) कोई बात नहीं, पहले आप सामने वाली इस एक कुर्सी पर बैठ जाइए।
**मरीज़ :** कौन सी वाली पर?

## कविता

### हौसला जिद पर अड़ाए



इतनी आसानी से हम कैसे हार जाएं
विफलताएं मेरे रक्त का स्तर बढ़ाएं,
पर हौसला मुझे जिद पर अड़ाए,
मिलेगी मंजिल – मन को यही सुहाए,
इतनी आसानी से हम कैसे हार जाएं।
लिया है जो संकल्प,
उसे पूरा कर दिखाएं,
चाहे जीवन में कितनी भी बाधाएं आएं,
हम अपने लक्ष्य से न डगमगाएं,
इतनी आसानी से हम कैसे हार जाएं।
माता-पिता की भी यही है दुआएं,
हम जीवन में जो चाहें वो पाएं,
उनका नाम रोशन करने की
ओर हम भी
कदम बढ़ाएं और कर्तव्य निभाएं,
इतनी आसानी से हम कैसे हार जाएं।
मेहनत से नसीब खुद ही बनाएं,
किस्मत के भरोसे न बैठे रह जाएं,
कहीं फिर वक्त बीते और हम पछताएं,
इतनी आसानी से हम कैसे हार जाएं।

– चंदर कुमार,
NBT रीडर

पॉजिटिव सोच के साथ आपने भी कोई कविता लिखी है, तो हमें ईमेल nbtreader@timesofindia.com पर भेजें। जिसे मिल सकता है अगले अंक में छपने का मौका।

# मुंबई से आया क्रूज़, यमुना की लहरों पर गोवा जैसा मज़ा

**दिल्ली की धड़कनों के बीच बहती यमुना अब सिर्फ पानी की धारा नहीं, बल्कि सैर, संस्कृति और सुकून का नया ठिकाना बनने जा रही है। मुंबई से चलकर दिल्ली पहुंचा खास क्रूज नदी की सतह पर तैरता हुआ शहर को एक अलग नजर से देखने का मौका देगा। यह 20 फरवरी के आसपास लॉन्च होगा और राजधानी को पहली बार गोवा जैसी सैरगाह का अनुभव देगा।**



वजीराबाद बैराज से जगतपुर शनि मंदिर तक 7-8 किलोमीटर लंबा होगा यह सफर। इसके लिए वजीराबाद में एक जेटी तैयार की गई है।

क्रूज आधुनिक सोलर इलेक्ट्रिक हाइब्रिड तकनीकों पर आधारित होगा, जिससे पर्यावरण को कोई नुकसान नहीं होगा। मॉनसून के दौरान क्रूज को सुरक्षा कारणों से नहीं चलाया जाएगा।



Photos : PTI



एक बार में क्रूज में कुल 40 लोग सवार हो पाएंगे। एक फेरा पूरे एक घंटे का होगा। जहां से सफर शुरू करेगा, यात्रियों को वहीं पर उतारेगा।

## म्यूज़िकल गार्डन : फूलों ने छेड़ दी सुरों की तान!



Shailesh Jadhav

मुंबई के ऐतिहासिक जीजामाता उद्यान में एनुअल फ्लावर शो। गेंदे और मखमली फूलों से सजे ये तबला, हारमोनियम और शहनाई प्रकृति की गोद में किसी मधुर शास्त्रीय महफिल का अहसास करा रहे हैं। पंखुड़ियों के रूप में संगीत की स्वर लहरियां जीवंत हो उठी हैं।

# नौकरी छोड़ी, 40 साल से चैंपियन गढ़ रहे, अब मिला लाइफटाइम अवॉर्ड



**1200** से अधिक युवा नाविकों को प्रशिक्षण दिया है हुसैनसागर के संजीवैया पार्क स्थित इस क्लब ने अब तक

**254** राष्ट्रीय पदक और 28 अंतरराष्ट्रीय सम्मान जीते हैं जिन्होंने मिलकर

**1000** रुपये से भी कम कमाते हैं युवा नाविकों के माता-पिता। दिहाड़ी मजदूर, निर्माण श्रमिक हैं



Ajay.Tomar@timesofindia.com

■ **हैदराबाद:** हैदराबाद यॉट क्लब के संस्थापक अध्यक्ष और अनुभवी नाविक सुहैम शेख को हाल ही में भारतीय याटिंग संघ (YAI) द्वारा खेल में उनके 40 वर्षों के योगदान के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

शेख ने कहा कि यह पुरस्कार खास तौर पर विशेष लगता है, क्योंकि यह सम्मान उनके साथियों की ओर से मिला है। उन्होंने कहा, 'मैंने करीब 10 या 12 साल की उम्र में नौकायन शुरू किया था। तब से यह खेल मेरी जिंदगी का लगातार हिस्सा रहा है, एक नाविक के रूप में भी और एक प्रशासक के रूप में भी।'

### सॉफ्टवेयर करियर छोड़ा

शेख ने 2009 में अपने जुनून को आगे बढ़ाने के लिए सॉफ्टवेयर करियर छोड़कर हैदराबाद यॉट क्लब की स्थापना की। हुसैनसागर के संजीवैया पार्क स्थित इस क्लब ने अब तक 1,200 से अधिक युवा नाविकों को प्रशिक्षण दिया है, जिन्होंने मिलकर 254 राष्ट्रीय पदक और 28 अंतरराष्ट्रीय सम्मान जीते हैं।

शेख ने बताया, 'किसी भी समय क्लब में लगभग 100 युवा नाविक प्रशिक्षण लेते हैं, और नई प्रतिभाओं को खोजने और निखारने का काम लगातार चलता रहता है।'

उन्होंने साझा किया कि सभी नाविक साधारण पृष्ठभूमि से आते हैं, जिनके माता-पिता दिहाड़ी मजदूर, निर्माण श्रमिक हैं या रोज 1,000 रुपये से भी कम कमाते हैं। क्लब केवल प्रशिक्षण ही नहीं देता, बल्कि छात्रों की पढ़ाई, पोषण और स्वास्थ्य खर्च में भी मदद करता है।

हाल ही में दो युवा नाविक सिद्दिपेट के 15 वर्षीय लाहिरी कोमारावल्ली और सूर्यापेट के 14 वर्षीय एसवा सुरगानी एशियाई खेलों के मजबूत दावेदार बनकर उभरे हैं। दोनों ने चयन की पहली दो ट्रायल जीत ली हैं। दोनों बेहद कमजोर आर्थिक पृष्ठभूमि से आते हैं।

मुंबई में एशियन गेम्स ट्रायल से बात करते हुए लाहिरी ने अपने कोच की तारीफ करते हुए कहा, 'सुहैम सर हमें बेहतरीन प्रशिक्षण देते हैं। अगर हमें पहली बार में समझ नहीं आता, तो वे तब तक अभ्यास करवाते हैं जब तक हम सीख नहीं लेते। 40 साल का अनुभव बहुत होता है, और वे इस उपलब्धि के हकदार हैं। मैं उनके लिए बहुत खुश हूं, और इससे हमें प्रतियोगिताओं में बेहतर करने की प्रेरणा मिलती है।'

ओलिंपिक श्रेणी 49er FX में नाविक धारणी और तनुजा दूसरे स्थान पर रहीं और एशियाई खेलों के लिए रिजर्व के रूप में चुने जाने की राह पर हैं। दोनों राष्ट्रीय चैंपियन हैं और नियमित रूप से अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेती हैं।

### क्लब की ताकत दोगुनी करना चाहते हैं

भविष्य की योजनाओं के बारे में बताते हुए अनुभवी नाविक ने कहा कि क्लब अगले साल अपनी संख्या बढ़ाकर 200 नाविक करने का लक्ष्य रखता है। उन्हें राष्ट्रीय नौकायन चैंपियनशिप आयोजित कराने की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है, जो 7 फरवरी से मुंबई में होगी।

शेख ने TOI से कहा, 'किसी भी खेल को बढ़ाने का एक ही तरीका है, ज्यादा खिलाड़ी होना। हमारा ध्यान भागीदारी बढ़ाने और बड़े स्तर पर नौकायन को आगे ले जाने पर है।' उन्होंने जेट्टी, बोट शेड, जिम सुविधा और कार्यालय स्थान जैसी आधारभूत सुविधाओं के लिए तेलंगाना सरकार का धन्यवाद किया और भारतीय याटिंग संघ की पारदर्शी और निष्पक्ष चयन प्रणाली की भी सराहना की।

## NBT जन्मदिन मुबारक

### प्रकाश करात



7 फरवरी 1948 को जन्मे प्रकाश करात 2005 से 2015 तक सीपीएम के जनरल सेक्रेटरी रहे। Ph.D. करने के दौरान वह JNUSU के वाइस प्रेसिडेंट चुने गए थे।

### किदांबी श्रीकांत



7 फरवरी 1993 को जन्मे किदांबी श्रीकांत इंडियन बैडमिंटन प्लेयर हैं। 2018 में प्रकाश पादुकोण के बाद वह वर्ल्ड नंबर-1 रैंकिंग हासिल करने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने।

### दीपिका ठाकुर



दीपिका ठाकुर का जन्म 7 फरवरी 1987 को हुआ था। वह महिला हॉकी टीम की डिफेंडर हैं। 200 से ज्यादा मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए अब तक 24 गोल किए हैं।

### शिखा सिंह शाह



शिखा सिंह शाह का जन्म 7 फरवरी 1986 को हुआ था। उन्होंने कुमकुम भाग्य, ना आना इस देस लाडो, महाभारत जैसे शोज से खास पहचान बनाई है।

# THE ECONOMIC TIMES

## फटाफट खबरें

### 8 कंपनियों के IPO को मंज़ूरी

■ **पीटीआई, नई दिल्ली :** शेयर बाजार नियामक सेबी (Sebi) ने इन्क्रेड होल्डिंग्स और एलीवेट कैपसेस समेत कुल 8 कंपनियों को अपना IPO लाने की मंजूरी दे दी है। शुक्रवार को सेबी की ओर से जारी जानकारी के मुताबिक, ये कंपनियां मिलकर बाजार से करीब 10,000 करोड़ रुपये जुटाने की तैयारी में हैं।

### 'चीन से कई चीजों का आयात घटा'

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** वित्त वर्ष 2024-25 में चीन से उर्वरक, रसायन, लोहा और इस्पात जैसे कई सेक्टरों में आयात घटा। वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने शुक्रवार को राज्यसभा को एक लिखित जवाब में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सालभर पहले के मुकाबले 2024-25 में चीन से उर्वरकों का आयात 61.4%, केमिकल्स और संबंधित उत्पादों का 19.7%, लोहा एवं इस्पात का 10.3% और मैन मेड यार्न का इंपोर्ट 9.5% घटा।

### टाटा स्टील और MRF को लाभ

■ **पीटीआई, नई दिल्ली :** टाटा स्टील ने शुक्रवार को बताया कि दिसंबर तिमाही में उसका कुल मुनाफा बढ़कर 2,730.37 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में उसे 295.49 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था। **MRF** का शुद्ध मुनाफा दोगुना से ज्यादा बढ़कर 692 करोड़ रुपये हो गया है। नैशनल स्टॉक एक्सचेंज **(NSE)** का शुद्ध मुनाफा सालाना आधार पर 37 प्रतिशत गिरकर 2,408 करोड़ रुपये रह गया है।

### क्रिप्टो मार्केट में भारी गिरावट

■ **NBT रिपोर्ट :** पिछले एक हफ्ते के दौरान क्रिप्टोकरेंसी मार्केट की कुल वैल्यू से करीब 500 बिलियन डॉलर साफ हो गया है। ET के मुताबिक, इस दौरान बिटकॉइन में करीब 20% की गिरावट आई। Ethereum भी 7.89% गिरकर 2,091 डॉलर के पास आ गई।

# गलती से बता दिया OTP? मिल जाएगा पैसा

## ऑनलाइन ठगी के केस में 25,000 रुपये तक की भरपाई करने का RBI का प्रस्ताव



AI Image

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** ऑनलाइन धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों के बीच रिजर्व बैंक (RBI) ने शुक्रवार को एक बड़ा एलान किया। अब डिजिटल ठगी का शिकार होने वाले बैंक ग्राहकों को 25,000 रुपये तक का हर्जाना मिलेगा। रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने पत्रकारों को बताया कि अगर ग्राहक ने अनजाने में जालसाजों को अपना ओटीपी (OTP) भी बता दिया है, तब भी उसे यह मुआवजा दिया जाएगा।



संजय मल्होत्रा

केंद्रीय बैंक के अधिकारियों ने साफ किया कि यह पैसा 85,000 करोड़ रुपये के 'डिपॉजिटर एजुकेशन एंड अवेयरनेस' (DEA) फंड से दिया जाएगा। हालांकि, यह राहत किसी ग्राहक को पूरी जिंदगी में सिर्फ एक ही बार मिल सकेगी, बशर्ते इसमें ग्राहक की खुद की कोई मिलीभगत या गलत नीयत न पाई जाए।

RBI के अधिकारियों ने बताया कि देश में होने वाली दो-तिहाई डिजिटल ठगी 50,000 रुपये से कम की होती है। ऐसे में इस नई सुविधा से ठगी के शिकार हुए ज्यादातर लोगों को फायदा होगा।

गवर्नर मल्होत्रा ने कहा, जब तक ग्राहक के साथ ठगी हुई है, चाहे वह उनकी अपनी गलती से हुई हो या किसी और की, बिना कोई सवाल किए 25,000 रुपये तक दिए जाएंगे। हम ग्राहकों को मुआवजा तब देंगे जब कि वह ट्रांजैक्शन अनजाने में हुआ हो और उन्होंने अपना पैसा खोया हो।

उन्होंने यह भी जोड़ा कि इस पूरी प्रक्रिया में ग्राहक की भी थोड़ी जिम्मेदारी होना जरूरी है। इसलिए ठगी गई रकम का 15 प्रतिशत हिस्सा खुद खाताधारक को उठाना होगा, भले ही ठगी 25,000 रुपये से कम की ही क्यों न हो। अगर बड़ी रकम की ठगी होती है, तब भी हर्जाने की अधिकतम सीमा 25,000 रुपये ही रहेगी। मल्होत्रा ने बताया कि नियम का ड्राफ्ट जल्द ही जारी किया जाएगा।

### पोर्टफोलियो में मज़बूती का वक्त

RBI का नजरिया न्यूट्रल है, लेकिन यह ग्रोथ को बढ़ावा देने वाला है। घरेलू मांग से जुड़ी चीजें जैसे खपत में सुधार, GST से बढ़ने वाली कार्यक्षमता और सरकारी खर्च पर फोकस बना रहेगा। ऐसे में निवेशकों को केवल हालिया ऊंचे रिटर्न के लालच में पड़ने से बचना चाहिए। इसकी जगह उन्हें पोर्टफोलियो में स्थिरता लाने पर ध्यान देना चाहिए।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

### मिस-सेलिंग पर सख्ती, एजेंटों पर लगाम

फाइनेंशल प्रोडक्ट्स की गलत तरीके से बिक्री (Mis-selling) पर चिंता जताते हुए मल्होत्रा ने कहा कि अगर बैंक या कोई भी संस्था गलत जानकारी देकर कुछ बेचती है, तो इसका असर ग्राहकों और खुद उस संस्था पर भी पड़ता है। यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि बैंक काउंटर पर जो भी थर्ड पार्टी प्रोडक्ट (जैसे बीमा या अन्य स्कीम) बेचे जा रहे हैं, वे ग्राहक की जरूरत और जोखिम उठाने की क्षमता के हिसाब से हों। उन्होंने कहा, इसलिए हमने विज्ञापन, मार्केटिंग और बिक्री को लेकर सभी वित्तीय संस्थाओं के लिए सख्त निर्देश जारी करने का फैसला किया है। इसका ड्राफ्ट भी जल्द ही जनता के सामने रखा जाएगा।

गवर्नर ने आगे बताया कि अभी अलग-अलग संस्थाओं के लिए रिकवरी एजेंटों को लेकर नियम अलग-अलग हैं। अब फैसला लिया गया है कि लोन रिकवरी और रिकवरी एजेंटों के बर्ताव से जुड़े सभी पुराने नियमों को एक जैसा बनाया जाए।

### MPC : ब्याज दरों में बदलाव नहीं

भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने शुक्रवार को उम्मीद के मुताबिक अपनी मुख्य ब्याज दर (रीपो रेट) में कोई बदलाव नहीं किया। मॉनिटरी पॉलिसी कमेटी (MPC) ने रीपो रेट को 5.25 प्रतिशत पर बनाए रखने का फैसला किया। रीपो वह रेट है जिसपर आरबीआई बैंकों को लोन देती है।

### MSME और रियल एस्टेट को तोहफा

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों (MSME) के लिए बिना गारंटी वाले कर्ज (collateral-free loans) की सीमा 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 20 लाख रुपये करने का प्रस्ताव रखा गया है। साथ ही, बैंकों को REITs को कर्ज देने की अनुमति दी गई है ताकि रियल एस्टेट सेक्टर को पैसा मिल सके। छोटे NBFCs (जिनकी संपत्ति 1000 करोड़ रुपये से कम है और जो सीधे पब्लिक से डील नहीं करते) को रजिस्ट्रेशन की जरूरत से छूट देने का प्रस्ताव है। कुछ NBFCs को 1,000 से ज्यादा शाखाएं खोलने के लिए अब पहले से मंजूरी लेने की जरूरत नहीं होगी।

### GDP ग्रोथ का अनुमान बढ़ाया

मौजूदा वित्त वर्ष के लिए महंगाई (रिटेल इन्फ्लेशन) 2.1 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह पहले के 2% के अनुमान से ज्यादा है। हालांकि RBI के 4% के लक्ष्य से नीचे है। FY26 की चौथी तिमाही में महंगाई 3% से ऊपर और FY27 की पहली छमाही में 4% के पार जा सकती है। RBI ने मौजूदा वित्त वर्ष (FY26) के लिए GDP ग्रोथ का अनुमान 7.3% से बढ़ाकर 7.4% कर दिया है। वित्त वर्ष 2027 की पहली छमाही के लिए भी ग्रोथ का अनुमान 6.75% से बढ़ाकर 6.95% कर दिया गया है। हालांकि, पूरे वित्त वर्ष 2027 का अनुमान अभी नहीं दिया गया है।

### RBI के 'नो चेंज' से शेयर बाजार हरे निशान पर बंद



AI Image

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई :** भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) द्वारा उम्मीद के मुताबिक ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं करने के फैसले के बाद शुक्रवार को शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। बाजार में उतार-चढ़ाव के बावजूद आखिरी कारोबार में हुई खरीदारी से सेंसेक्स 266.47 अंक (0.32%) चढ़कर 83,580.40 पर बंद हुआ। इसी तरह, निफ्टी भी 50.90 अंक (0.20%) की बढ़त के साथ 25,693.70 पर बंद हुआ। वहीं, अमेरिकी बाजार गुरुवार को गिरावट के साथ बंद हुए थे। नैस्डैक 1.59 प्रतिशत, S&P 500 1.23 प्रतिशत और डाउ जोंस 1.20 प्रतिशत लुढ़क गया था। वहीं, ऑल इंडिया ज्वैलर्स असोसिएशन के मुताबिक, शुक्रवार को दिल्ली में चांदी की कीमतों में 13,000 रुपये (4.85%) की गिरावट आई। इसी तरह, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 3,400 रुपये (2.12%) सस्ता हुआ।

# 'लेबर कोड से सोशल सिक्योरिटी मज़बूत होगी'

## श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा, श्रमिकों और उद्योगों को लाभ होगा

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** संयुक्त किसान मोर्चा और 10 सेंट्रल ट्रेड यूनियनों की हड़ताल से पहले श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को कहा कि सरकार ने जो श्रम सुधार किए हैं, उनका फोकस वर्कर्स की सोशल सिक्योरिटी सुनिश्चित करना और उन्हें सशक्त बनाना है। मांडविया RSS से जुड़े भारतीय मजदूर संघ के अखिल भारतीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय विकास का सरकार का जो विजन है, श्रमिकों का कल्याण इसके केंद्र में है।



PTI

पुरी में शुक्रवार को BMS के कार्यक्रम में मनसुख मांडविया

ओडिशा के पुरी में BMS के 21वें अखिल भारतीय त्रैवार्षिक अधिवेशन के उद्घाटन सत्र में मांडविया ने कहा, 'श्रम राष्ट्र निर्माण का आधार है और श्रमिकों का सम्मान विकसित भारत की दिशा तय करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम इस संकल्प को साकार कर रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'मुझे युवा शक्ति और श्रम शक्ति के लिए काम करने का अवसर मिला है। ये दोनों शक्तियां भारत की प्रगति का आधार हैं और विकसित भारत का विजन हासिल करने में निर्णायक भूमिका निभाएंगी।'

मांडविया ने कहा कि आर्थिक प्रगति में इंडस्ट्री और वर्कर, दोनों ही अहम होते हैं। उन्होंने कहा कि एक मजबूत अर्थव्यवस्था बनाने के लिए इन दोनों में तालमेल होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि सरकार इस संतुलन को मजबूत करने के उद्देश्य से लेबर कोड्स ले आई है, जिससे श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा भी मजबूत होगी।

**हड़ताल से अलग हुईं 16 ट्रेड यूनियन**

इस बीच, जहां 10 सेंट्रल ट्रेड यूनियनों ने लेबर कोड सहित अन्य मुद्दों को लेकर 12 फरवरी को हड़ताल का आह्वान किया है, वहीं 16 सेंट्रल ट्रेड यूनियनों के समूह कन्फेडरेशन ऑफ सेंट्रल ट्रेड यूनियंस ने इस हड़ताल से दूर रहने की घोषणा की है। इसके राष्ट्रीय संयोजक डॉ. दीपक जायसवाल ने कहा कि यह हड़ताल राजनीति से प्रेरित लग रही है और इसका उद्देश्य श्रमिकों का कल्याण नहीं है। इससे पहले BMS भी हड़ताल से दूर रहने की घोषणा कर चुका है।

### ऐप बेस्ड ड्राइवर आज करेंगे हड़ताल

इंडियन फेडरेशन ऑफ ऐप बेस्ड ट्रांसपोर्ट वर्कर्स (IFAT) ने शनिवार को पूरे देश में हड़ताल का आह्वान किया है। उन्होंने एक बयान में कहा, 'हड़ताल में ओला, उबर, रैपिडो, पोर्टर और अन्य प्लैटफॉर्म्स से जुड़े ऐप बेस्ड ट्रांसपोर्ट वर्कर शामिल होंगे।' IFAT के राष्ट्रीय महासचिव और TGPWU के फाउंडर प्रेसिडेंट शेख सलाउद्दीन ने कहा कि 'मान्यताप्राप्त वर्कर यूनियंस से बातचीत कर एग्रीगेटर गाइडलाइंस 2025 के अनुसार ऐप बेस्ड ट्रांसपोर्ट सर्विसेज के लिए मिनिमम बेस फेयर तुरंत नोटिफाई किया जाए।'

### AIFs को पब्लिक करनी होगी NAV

■ **पीटीआई, नई दिल्ली :** शेयर बाजार नियामक सेबी (Sebi) ने शुक्रवार को अल्टरनेटिव इन्वेस्टमेंट फंड्स (AIFs) के लिए एक नया निर्देश जारी किया है। इसके तहत अब इन फंड्स को अपनी यूनिट्स की ताजा नेट असेट वैल्यू (NAV) डिपॉजिटरी सिस्टम पर अपलोड करनी होगी। यह काम उन्हें अपने रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंटों (RTAs) के जरिए करना होगा। सेबी के सर्कुलर के मुताबिक, AIFs को 1 मई से पहले या निवेश पोर्टफोलियो के मूल्यांकन की तारीख से 30 दिनों के भीतर अपनी NAV अपलोड करनी होगी। इन दोनों में से जो भी तारीख बाद में आएगी, उसे ही आखिरी समय सीमा माना जाएगा। अगर किसी बाहरी स्वतंत्र वैल्यूअर को नियुक्त किया गया है, तो उसकी रिपोर्ट की तारीख ही वैल्यूएशन डेट मानी जाएगी।

# बोर्ड की मंज़ूरी, एक हो जाएंगी PFC-REC



AI Image

■ **पीटीआई, नई दिल्ली :** पॉवर फाइनैंस कॉरपोरेशन (PFC) के बोर्ड ने शुक्रवार को गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कॉर्पोरेशन (REC) के अपने साथ विलय को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। विलय के बाद भी PFC एक पब्लिक सेक्टर कंपनी बनी रहेगी। PFC और REC के विलय को बोर्ड की यह मंजूरी रविवार को बजट में किए गए ऐलान के बाद मिली है।

इससे पहले, आर्थिक मामलों की कैबिनेट कमेटी (CCEA) की मंजूरी मिलने के बाद मार्च 2019 में PFC ने REC में सरकार की 52.63 प्रतिशत हिस्सेदारी 14,500 करोड़ रुपये में खरीदी थी। तब से REC, PFC की एक सहायक कंपनी के तौर पर काम कर रही है।

एक रेगुलेटरी फाइलिंग में कंपनी ने बताया गया है कि PFC के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने बजट ऐलान पर गौर किया और विलय को अपनी सैद्धांतिक मंजूरी दे दी। बोर्ड ने यह सुनिश्चित किया है कि मर्जर के बाद भी PFC कंपनी अधिनियम, 2013 और अन्य कानूनों के तहत एक पब्लिक सेक्टर कंपनी बनी रहे।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को अपने बजट भाषण में कहा था, विकसित भारत के लिए NBFC कंपनियों का विजन तैयार कर लिया गया है, जिसमें कर्ज बांटने और टेक्नोलॉजी अपनाने के स्पष्ट लक्ष्य रखे गए हैं।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 07-02-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH13 User: cci Time: 02-06-2026 23:06 Color:



20 20 WORLD CUP अल्टीमेट रोमांच



भारत टी20 वर्ल्ड कप जीतने का प्रबल दावेदार है, लेकिन टी20 क्रिकेट में कुछ भी हो सकता है। इस फॉर्मेट में किसी टीम की प्रतिष्ठा का कोई खास मतलब नहीं होता। -केविन पीटरसन, पूर्व कप्तान इंग्लैंड

**172** रन के अंतर से हराया था श्रीलंका ने केन्या को 2007 के टी20 वर्ल्ड कप के एक मैच में। यह इस टूर्नामेंट में जीत का सबसे बड़ा अंतर है

## वर्ल्ड कप स्पेशल QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है

1. अर्शदीप सिंह ने टी20 वर्ल्ड कप में कितने विकेट लिए हैं? A) 27 B) 26 C) 29 D) 30
2. स्कॉटलैंड और वेस्टइंडीज के बीच कितने टी20I मुकाबले हुए हैं? A) 6 B) 2 C) 1 D) 8

**कल के जवाब**
1. B) मोनांक पटेल
2. C) श्रीलंका

**लकी WINNERS**



1 अभिषेक चौधरी, द्वारका, दिल्ली



2 दिनेश वर्मा, जोगेश्वरी, मुंबई | 3 वरुण कौशल, अंबाला, हरियाणा

**आप अपने जवाब हमें 9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

## फटाफट खबरें

### हेजलवुड भी बाहर

■ मेलबर्न: फिटनेस समस्याओं से जूझ रही ऑस्ट्रेलियन टीम को टी20 वर्ल्ड कप से पहले बड़ा झटका लगा है। स्टार तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड हैमस्ट्रिंग चोट से उबर नहीं पाने के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने फिलहाल उनके विकल्प की घोषणा नहीं करने का फैसला किया है। चयनकर्ता टोनी डोडेमेड ने कहा कि जल्दबाजी जोखिम भरी हो सकती है।

### ज्ञानेश्वरी को गोल्ड

■ मोदीनगर: ज्ञानेश्वरी यादव ने नैशनल वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में 53 किलोग्राम वर्ग का गोल्ड मेडल जीता। उन्होंने कुल 186 किलोग्राम वजन उठाया। वेस्ट बंगाल की कोयल बार ने युवा और जूनियर वर्गों में पांच राष्ट्रीय रेकॉर्ड बनाकर शानदार प्रदर्शन किया। रेलवे की वीरजीत कौर ने 182 किलोग्राम के कुल वजन के साथ ब्रॉन्ज जीता।

### स्टैनजिन को हरी झंडी

■ नई दिल्ली: खेल मंत्रालय ने क्रॉस कंट्री स्कीयर स्टैनजिन लुंडुप को इटली में हो रहे शीतकालीन ओलिंपिक खेलों में सरकार पर किसी वित्तीय बोझ के बिना भाग लेने की मंजूरी दे दी है। यह फैसला IOA द्वारा दल में बदलाव संभव न होने की जानकारी देने के बाद लिया गया।

वैभव सूर्यवंशी की रेकॉर्ड शतकीय पारी से भारत ने इंग्लैंड को हराकर छठी बार जीता विश्व खिताब

# जूनियर टीम बनी वर्ल्ड चैंपियन, अब सीनियर्स की बारी





फाइनल में भारत ने इंग्लैंड को 100 रन के अंतर से हराया

SOCIAL MEDIA

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: इसे संयोग कहिये या नियति, एक सूर्य भारत को विश्व खिताब दिलाने का सूत्रधार बना है तो दूसरा सूर्य अपनी अगुआई में भारत को विश्व खिताब दिलाने के लिए आज से मैदान में उतर रहा है। भारतीय जूनियर टीम अंडर-19 वर्ल्ड कप में कुल दसवीं और लगातार छठी बार फाइनल में पहुंची थी। पिछले एडिशन में भारत के खिताबी राह में ऑस्ट्रेलियाई टीम आ गई थी लेकिन इस बार महज 14 साल के दमदार बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने मैच के सिर्फ 80 गेंदों में ही भारतीय टीम की जीत की कहानी लिख डाली। प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे वैभव (175 रन, 80 गेंद, 15 छक्के) ने अंडर-19 विश्व कप के इतिहास की शायद सबसे प्रभावशाली पारी खेली जिससे भारत ने फाइनल में इंग्लैंड को 100 रन से हराकर छठा खिताब अपने नाम किया। भारत ने पिछली बार 2022 में वेस्टइंडीज में इंग्लैंड को हराकर ही खिताब जीता था। भारत ने इससे पहले 2000, 2008, 2012, 2018 और 2022 में आईसीसी ट्रॉफी जीती थी जो टूर्नामेंट के इतिहास में देश के दबदबे को दिखाता है। भारत की जूनियर टीम तो एक बार फिर विश्व चैंपियन बन गई है, अब देशवासियों को भारत की सीनियर टीम से भी आज से शुरू हो रहे टी20 वर्ल्ड कप के रूप में विश्व खिताब की उम्मीद होगी।

**दूसरी फिफ्टी सिर्फ 23 बॉल में:** भारतीय टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए सूर्यवंशी के शतक से नौ विकेट पर 411 रन का रेकॉर्ड स्कोर खड़ा किया। सूर्यवंशी महज 55 गेंद में तीन अंक का आंकड़ा छूकर इस टूर्नामेंट में दूसरा सबसे तेज शतक लगाने वाले खिलाड़ी बन गए। यह अंडर-19 विश्व कप फाइनल में किसी खिलाड़ी का सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत स्कोर का रेकॉर्ड है और टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में यह टीम का सबसे बड़ा स्कोर भी है। भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के सामने इंग्लैंड की टीम कालेब फाल्कोनर (115 रन, 67 गेंद) के शतक और सलामी बल्लेबाज बेन डॉकिन्स (66 रन) के अर्धशतक के बावजूद 40.2 ओवर में 311 रन ही बना सकी। सूर्यवंशी ने यह पारी तब खेली जब इसकी सबसे ज्यादा जरूरत थी। उन्होंने सिर्फ 32 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया और इसी अंदाज में खेलते हुए दूसरा अर्धशतक सिर्फ 23 गेंद में बना लिया। उनकी 175 रन की पारी में से 150 रन सिर्फ बाउंड्री से ही आए जिसमें 15 छक्के और इतने ही चौके शामिल थे। इस पारी के दौरान उन्होंने विपक्षी टीम के गेंदबाजों की पूरी तरह से धज्जियां उड़ा दीं। अब उनके नाम यूथ वनडे पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रेकॉर्ड है। उन्होंने दिसंबर में दुबई में संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ अपने ही 14 छक्कों के रेकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया।

**15** सिक्स लगाए वैभव ने अपनी पारी में। वह वनडे में एक पारी में किसी प्लेयर द्वारा लगाए सर्वाधिक सिक्स है

**110** सिक्स लगाए हैं सूर्यवंशी ने 25 यूथ वनडे में। वह यूथ वनडे में 100+ सिक्स जमाने वाले पहले बैटर हैं

**150** रन बनाए वैभव ने सिर्फ सिक्स और फोर के जरिए। यह यूथ वनडे की एक पारी में बाउंड्री के जरिए बनाए गए सर्वाधिक रन है



SOCIAL MEDIA

**1** पहले स्थान पर पहुंच गए वैभव यूथ वनडे में भारत के लिए सर्वाधिक रन बनाने के मामले में। उनके यूथ वनडे में 1412 रन हैं

### हैरान करते आंकड़े!

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

फाइनल के सितारे वैभव सूर्यवंशी अपनी बिग हिटिंग की वजह से एक खतरनाक बैटर हैं। उन्होंने यूथ वनडे में सिर्फ 25 मैच खेले हैं, लेकिन वह सिक्स लगाने के मामले में किसी भी बैटर से आगे निकल गए हैं। उन्होंने 25 वनडे में 110 सिक्स जमा दिए हैं। वह यूथ वनडे में इतने 60+ सिक्स जमाने वाले इकलौते बैटर हैं। वैभव हर मैच में औसतन 4.4 सिक्स जमाते हैं। यूथ वनडे में 1412 रन के साथ वो भारत के हाईएस्ट स्कोरर हैं। ओवरऑल सूची में वो चौथे स्थान पर हैं। उनके 165.72 का स्ट्राइक रेट यूथ वनडे में सर्वश्रेष्ठ है। उनके नाम इस फॉर्मेट में चार शतक भी हैं, जो संयुक्त तीसरे सर्वाधिक हैं।

# चैंपियन टीम इंडिया का खिताबी अभियान आज से चढ़ेगा परवान

## अपने पहले ग्रुप मैच में अमेरिकी टीम से टकराएगा भारत

Bhavin.Pandya@timesofindia.com



Kaushik Naik

■ मुंबई: दो साल पहले पिछले टी20 वर्ल्ड कप फाइनल में जिन सूर्यकुमार यादव ने करिश्माई कैच लपक कर भारत को विश्व चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई थी, उन्हीं सूर्यकुमार की अगुआई में टीम इंडिया आज से टी20 खिताब को बचाने के मिशन के साथ मैदान पर होगी। आज अमेरिका के खिलाफ मैच के साथ भारत अपने इस अभियान की शुरुआत करेगा। इस मैच को मजाक में 'आधार कार्ड बनाम ग्रीन कार्ड' कहा जा रहा है। अमेरिकी टीम की जर्सी में कई ऐसे चेहरे होंगे जिन्होंने भारत में ही क्रिकेट का ककहरा सीखा। लेकिन, उलटफेर करने में माहिर इस अमेरिकी टीम को हल्के में लेने की गलती टीम इंडिया नहीं करेगी। शनिवार शाम को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाने वाला यह मुकाबला दोनों टीमों के लिए टूर्नामेंट का महज औपचारिक आगाज नहीं, बल्कि इरादों का ऐलान है। जहां भारत अपनी बादशाहत बनाए रखने उतरेगा और अमेरिका यह साबित करने कि क्रिकेट में उसकी मौजूदगी महज संयोग नहीं।

**बैटिंग में सुपर स्ट्राइकर्स की भरमार:** टी20 वह फॉर्मेट बन चुका है जिसमें भारत सबसे सहज, सबसे संतुलित और सबसे आत्मविश्वासी दिखता है। यह भारतीय टीम टी20 को 'खेलती' नहीं, नियंत्रित करती है। भारतीय बैटिंग ऑर्डर किसी तय स्क्रिप्ट पर नहीं चलता। जरूरत पड़ी तो पावरप्ले में जोखिम, जरूरत पड़ी तो मध्य ओवरों में धैर्य और आखिरी ओवरों में निर्दयी प्रहार- टीम के पास हर मोड़ के लिए तैयार जवाब है। भारतीय टीम का आत्मविश्वास सिर्फ नामों पर नहीं, आंकड़ों पर भी टिका है। पिछले एक साल (6 फरवरी 2025 से 6 फरवरी 2026 तक) में टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में अभिषेक शर्मा का स्ट्राइक रेट 195, हार्दिक पंड्या का 168 और सूर्यकुमार यादव का 157 का रहा है। उनके साथ ईशान किशन ने वापसी के बाद लगातार प्रभाव छोड़ा है और 4 मैचों में 231 के स्ट्राइक रेट से 215 रन बनाए हैं। अभिषेक शर्मा की आक्रामक बल्लेबाजी पावरप्ले में भारत की बड़ी ताकत रही है। उनके द्वारा दी गई बेहतरीन शुरुआत का फायदा उठाने के लिए मध्यक्रम में कप्तान सूर्य, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह और हार्दिक पंड्या जैसे खिलाड़ी हैं। रिंकू सिंह जैसे फिनिशर की मौजूदगी भारत को आखिरी ओवरों में बढ़त देती है।

**बोलिंग में अनुभव और नियंत्रण:** गेंदबाजी में भारत का सबसे बड़ा हथियार जसप्रीत बुमराह हैं, जिनकी टी20 विश्व कप में इकॉनमी 5.44 रही है। वर्ल्ड कप में 26 विकेट ले चुके बुमराह को साथी पेसर अर्शदीप का अच्छा साथ मिलेगा, जो टी20 वर्ल्ड कप में 27 विकेट ले चुके हैं। हालांकि उनका इकॉनमी रेट 7.42 रन प्रति ओवर है। स्पिन में वरुण चक्रवर्ती और कुलदीप यादव जैसे उम्दा विकल्प हैं, जिन्होंने पिछले एक साल में क्रमशः 26 और 25 विकेट टी20 इंटरनैशनल मैचों में लिए हैं। हालांकि दोनों का इकॉनमी रेट इस साल क्रमशः 9 और 9.63 रन प्रति ओवर का रहा है।

**नए जरूर, पर कमजोर नहीं:** वैश्विक मंच पर अमेरिकी टीम थोड़ी नई जरूर है पर इसे कमजोर टीम नहीं कह सकते। कप्तान मोनांक पटेल ने पिछले एक साल में टी20 में लगातार रन बनाए हैं (9 मैचों में 365 रन, 1 सेंचुरी और 3 फिफ्टी), जबकि साइतेजा मुक्कमल्ला और मिलिंद कुमार ने मध्यक्रम में स्थिरता दी है। साइतेजा अपनी टीम के सबसे अधिक रैंकिंग (25वीं) वाले बैटर हैं और उनके नाम दो फॉर्मेट में इंटरनैशनल सेंचुरी है। शुभम रंजने और हरमीत सिंह जैसे खिलाड़ी भारतीय हालात से वाकिफ हैं। गेंदबाजी में सौरभ नेत्रवलकर अमेरिका का सबसे भरोसेमंद नाम है (टी20I में 40 विकेट, इकॉनमी रेट 6.85), जबकि अली खान डेथ ओवरों में गति और उछाल से बल्लेबाजों को परेशान करते हैं।

**टी20 वर्ल्ड कप 2026**

**ICC रैंकिंग**
भारत 1, अमेरिका 18

**आमने-सामने**
कुल मैच 1
भारत जीता 1,
अमेरिका जीता 0

**संभावित प्लेइंग XI**
**भारत:** अभिषेक शर्मा, ईशान किशन (विकेटकीपर), तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), रिंकू सिंह, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह
**अमेरिका:** आंद्रिस गौस, साइतेजा मुक्कमल्ला, शायन जहांगीर, मोनांक पटेल (कप्तान और विकेटकीपर), मिलिंद कुमार, हरमीत सिंह, संजय कृष्णमूर्ति, शुभम रंजने, शादले वान शाल्कविक, अली खान, सौरभ नेत्रवलकर।

**पिच व मौसम**
पिच बल्लेबाजों की मददगार मानी जा रही है। मैदान छोटा होने के कारण बाउंड्रीज में रन ज्यादा आ सकते हैं। शाम के मुकाबले में ओस अहम भूमिका निभा सकती है, जिससे स्पिनरों को बाद में चुनौती मिलेगी। बारिश की संभावना नहीं है। तापमान 28 से 30 डिग्री के बीच रहेगा। यह क्रिकेट खेलने के लिए न तो बहुत गरम है और न ही बहुत ठंडा।

**टेलिकास्ट:** शाम 7 बजे से स्टार स्पोर्ट्स और जियोहॉटस्टार पर

**8** द्विपक्षीय टी20 इंटरनैशनल सीरीज खेली है भारत ने 29 जून 2024 को टी20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद से लेकर अब तक और सभी में जीत दर्ज की है

**80** रन और चाहिए मोनांक पटेल को टी20I में 1000 रन पूरा करने वाला पहला अमेरिकी खिलाड़ी बनने के लिए

# चोटिल राणा बाहर, सिराज अंदर

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: टी20 वर्ल्ड कप की शुरुआत से कुछ घंटों पहले भारतीय टीम मैनेजमेंट के लिए परेशान करने वाली खबर आई। तेज गेंदबाज हर्षित राणा चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए। राणा को अभ्यास मैच में घुटने में चोट लगी थी। शुक्रवार को जब भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव प्रेस कॉन्फ्रेंस में आए थे तब तक राणा के टूर्नामेंट खेलने पर संशय था।

**प्रेस कॉन्फ्रेंस से**

राणा के फिट नहीं होने की आशंका पर उन्होंने संयमित अंदाज में कहा, 'चिंता की बात नहीं है, हमारे पास कल (शनिवार) के लिए 11 खिलाड़ी हैं। निश्चित रूप से यह एक झटका है, क्योंकि 15 खिलाड़ियों की टीम काफी सोच-समझकर चुनी जाती है, लेकिन हमारे पास अलग-अलग संयोजन मौजूद हैं।'

देर रात राणा के टूर्नामेंट से बाहर होने पुष्टि हो गई और उनकी जगह पेसर मोहम्मद सिराज को टीम में शामिल करने के लिए ICC ने अनुमति भी दे दी। साउथ अफ्रीका के खिलाफ अभ्यास मैच के दौरान राणा को घुटने में चोट लगी थी। उन्होंने उस मुकाबले में केवल एक ओवर डाला, जिसमें 16 रन बने। राणा के अलावा वॉशिंगटन सुंदर मांसपेशियों में खिंचाव की समस्या से जूझ रहे हैं और उनकी उपलब्धता पर भी सवाल बने हुए हैं।

**दो स्पिनरों के साथ उतर सकते हैं:** राणा की अनुपस्थिति में सूर्यकुमार ने उपलब्ध विकल्पों के बारे में कहा, 'हम देखेंगे कि पिछले एक-दो वर्षों में किन (अन्य) तेज गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया है या क्या कोई ऐसा गेंदबाज है जो बल्लेबाजी भी कर सकता है। जरूरी नहीं है कि हर बोलर लोअर ऑर्डर में आकर फोर-सिक्स की बौछार कर सके। हमारा मानना है कि अगर टीम के टॉप 8 बैटर अपना काम ठीक से कर रहे हैं, तो नौवें या दसवें नंबर पर आने वाले बैटर से बाउंड्री की उम्मीद करना सही सोच नहीं है।' सूर्य ने यह भी संकेत दिया कि जरूरत पड़ने पर टीम दो स्पिनरों (कुलदीप और वरुण) के साथ उतरने से पीछे नहीं हटेगी। उन्होंने कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती को लेकर चयन की दुविधा को 'अच्छा सिरदर्द' बताते हुए कहा कि हालात और विरोधी टीम को देखते हुए फैसला किया जाएगा।'



भारतीय तेज गेंदबाज हर्षित राणा

यह मेरे लिए एक तरह से मानो किसी चक्र के पूरा होने जैसा है क्योंकि मैंने यहीं क्रिकेट सीखा है। मैं मुंबई में पला-बढ़ा हूं और वानखेड़े में खेलने का मौका मिलना। यह बचपन से मेरा सपना रहा है, बहुत खुशी की बात है। यह बहुत ही भावुक कर देने वाला और यादगार पल है। मैं अपने परिवार और दोस्तों की मौजूदगी का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दूंगा। - सौरभ नेत्रवलकर, बोलर, अमेरिकी क्रिकेट टीम



# रुद्रांक्ष को गोल्ड, अर्जुन का सिल्वर पर निशाना

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में जारी एशियन राइफल/पिस्टल चैंपियनशिप में भारतीय निशानेबाजों का दबदबा कायम है। मेंस 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में रुद्रांक्ष पाटिल ने गोल्ड जबकि अर्जुन बबूता ने सिल्वर जीतकर भारत को दो मेडल दिलाए। रुद्रांक्ष ने फाइनल में 251.9 अंक जुटाए, जबकि अर्जुन 250.7 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहे। जापान के नाओया ओकादा को ब्रॉन्ज मिला। इसी स्पर्धा के टीम इवेंट में रुद्रांक्ष, अर्जुन और विशाल सिंह की तिकड़ी ने गोल्ड मेडल अपने नाम किया। जूनियर मेंस एयर राइफल में भारत ने पूरा पोडियम अपने नाम किया। हिमांशु ढिल्लों ने गोल्ड, अंश डाबस ने सिल्वर और नरेन प्रणव वीएस ने ब्रॉन्ज पदक जीता। टीम स्पर्धा में भी भारत को सोना मिला मिक्स्ड टीम स्पर्धाओं में मुकेश नेलावली-वंशिका चौधरी ने 10 मीटर एयर पिस्टल और गिरीश गुप्ता-शिक्षा नरवाल की जोड़ी ने यूथ मिक्स्ड इवेंट में गोल्ड मेडल दिलाए। तीसरे दिन के बाद भारत के खाते में कुल 26 मेडल हो चुके हैं, जिनमें 16 गोल्ड शामिल हैं।

**एशियन शूटिंग चैंपियनशिप**



SOCIAL MEDIA

अर्जुन बाबूता और रुद्रांक्ष (दाएं)

# बॉयकॉट विवाद के बीच पाक का आग़ाज़ आज



पाकिस्तान के शादाब खान प्रैक्टिस के दौरान

AFP

**टी20 वर्ल्ड कप 2026**

**टेलिकास्ट:** सुबह 11 बजे से स्टार स्पोर्ट्स और जियोहॉटस्टार पर

**आमना-सामना**
कुल मैच: 2
पाकिस्तान: 2, नीदरलैंड्स: 0

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: वर्ल्ड कप से पहले क्रिकेट के अलावा बाकी सभी कारणों से चर्चा में रही पाकिस्तान कोलंबो में नीदरलैंड्स के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेगी। पिछले एडिशन में ग्रुप स्टेज से ही बाहर होने वाली पाकिस्तान इस टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करना चाहेगी। हालांकि, भारत के खिलाफ मुकाबला बॉयकॉट करने की चर्चाओं के बीच उनके लिए सिर्फ क्रिकेट पर फोकस करना आसान नहीं होगा। अगर भारत के खिलाफ पाकिस्तान मुकाबला बॉयकॉट करने का फैसला लेता है तो उन्हें अपने ग्रुप-ए के सभी मुकाबले जीतना भी जरूरी होगा। अगर टीम नीदरलैंड्स, अमेरिका या नामीबिया के खिलाफ किसी भी मैच में उलटफेर का सामना करती है तो उनके लिए ग्रुप स्टेज से आगे बढ़ना मुश्किल हो जाएगा।

**अच्छी रही है तैयारी:** पाकिस्तान की टीम टूर्नामेंट में बेहतरीन लय के साथ आ रही है। इस एशियन टीम ने वर्ल्ड कप से पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हुई तीन मैच की टी20I सीरीज 3-0 से जीती थी। सीरीज जीत में शादाब खान, सईम आयूब, सलमान आगा और मोहम्मद नवाज ने उम्दा प्रदर्शन किया था। दूसरी ओर, नीदरलैंड्स उलटफेर करने का दम रखती है। टीम की बैटिंग मैक्स ओ'डोड और स्कॉट एडवर्ड्स के इर्द-गिर्द घूमेगी।

# पहली पारी में मुंबई के बल्लेबाजों का सरेंडर

■ एजेंसियां, मुंबई: प्रसिद्ध कृष्णा, विद्वथ कावेरप्पा और श्रेयस गोपाल की शानदार गेंदबाजी के बाद मयंक अग्रवाल की नाबाद अर्धशतकीय पारी से कर्नाटक ने शुक्रवार को रणजी ट्रॉफी क्वॉर्टर फाइनल के पहले दिन मुंबई के खिलाफ अपनी स्थिति काफी मजबूत कर ली। मुंबई का पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय उल्टा पड़ गया क्योंकि कर्नाटक के गेंदबाजों ने मेजबान टीम की बल्लेबाजी को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। तेज गेंदबाज प्रसिद्ध (3/21) और कावेरप्पा (3/38) तथा लेग स्पिनर श्रेयस गोपाल (3/4) ने तीन-तीन विकेट लेकर मुंबई को 48.1 ओवर में 120 रन पर आउट कर दिया। दिन का खेल खत्म होते समय कर्नाटक ने दो विकेट पर 110 रन बना लिए।

कल्याणी में एक अन्य क्वॉर्टर फाइनल में अनुभवी रिकी भुई की 83 रन की पारी से बड़े स्कोर की ओर बढ़ रहे आंध्र के खिलाफ मुकेश कुमार (3/50) की शानदार गेंदबाजी से बंगाल ने पहले दिन के आखिरी ओवरों में दो विकेट झटककर अच्छी वापसी की। आंध्र ने पहले दिन का खेल खत्म होने तक छह विकेट पर 264 रन बना लिए।

**रणजी ट्रॉफी क्वॉर्टर फाइनल**





FILE

कर्नाटक के पेसर प्रसिद्ध कृष्णा

# क्वॉर्टर फाइनल में हारे, भारतीय चुनौती खत्म

■ एजेंसियां, किंगदाओ: भारत के लिए शुक्रवार का दिन बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में निराशाजनक रहा, जहां महिला और पुरुष टीमों का सफर क्वॉर्टर फाइनल में हार के साथ समाप्त हो गया। पिछली चैंपियन भारतीय महिला टीम चीन से 0-3 से हारकर बाहर हो गई। सिंगल्स में तन्वी शर्मा को गाओ फांग जि ने 9-21, 9-21 से हराया। विमिंस डबल्स में गायत्री गोपीचंद और ट्रीसा जॉली व निर्णायक सिंगल्स में रक्षिता रामराज की हार के साथ भारत का खिताब बचाने का सपना टूट गया। पुरुष वर्ग में भारतीय टीम कोरिया की चुनौती का सामना नहीं कर पाई और 1-3 से हार गई। कोरिया के खिलाफ सिंगल्स में आयुष शेट्टी और डबल्स में हरिहरन अम्साकरुणन व चिराग शेट्टी की जोड़ी हार गई। श्रीकांत किदांबी ने चोई जीहू को हराकर एकमात्र गेम जिताया, लेकिन दूसरे डबल्स में भी भारत हार गया।

**बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप**



SOCIAL MEDIA

किदांबी श्रीकांत

# भारतीय टीम के सामने आज से डच चैलेंज

■ एजेंसियां, बेंगलुरु: मेजबान भारत शनिवार से यहां नीदरलैंड्स के खिलाफ डेविस कप क्वॉलिफायर के पहले दौर में उतरेगा, जहां तेज कोर्ट पर शीर्ष सिंगल्स प्लेयर्स सुमित नागल से ज्यादा दक्षिणेश्वर सुरेश को अनुकूल परिस्थितियां मिलने की उम्मीद है। कूल्हे की चोट से जूझ रहे नागल के बाहर रहने से भारत की सिंगल्स चुनौती काफी हद तक दक्षिणेश्वर पर टिकी होगी। दक्षिणेश्वर का आक्रामक खेल इस कोर्ट के मिजाज के अनुरूप है।

**नागल को लेकर संशय:** दक्षिणेश्वर ने पिछले साल स्विट्जरलैंड में अहम एकल जीत दर्ज कर भारत की ऐतिहासिक विदेशी सफलता में बड़ी भूमिका निभाई थी। नागल हालांकि तेजी से उबर रहे हैं और अभ्यास में सहज दिखे, लेकिन मैच फिटनेस को लेकर संशय बना हुआ है। नीदरलैंड्स के खिलाड़ी भी तेज कोर्ट के अभ्यस्त हैं। हालांकि टालोन ग्रीकस्पूर और बोटिच वान डे जैंडस्कल्प की गैरमौजूदगी से भारत को बराबरी का मौका मिलेगा। डबल्स में युकी भांबरी की वापसी से भारत की स्थिति मजबूत हुई है।

**डेविस कप क्वॉलिफायर**



FILE

मैच की पूर्व संध्या पर भारतीय टीम

**टेलिकास्ट:** शाम चार बजे से डीडी स्पोर्ट्स के यूट्यूब चैनल पर

# भारतीय बॉक्सरों ने पक्के किए 19 मेडल

■ एजेंसियां, लानुसिया (स्पेन): नीतू घंघास, प्रीति पवार और जादुमणि सिंह ने बॉक्सम एलीट इंटरनैशनल बॉक्सिंग टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाकर भारत के लिए कम से कम 19 मेडल पक्के कर दिए हैं। नए हेड कोच सैंटियागो नीवा के मार्गदर्शन में भारतीय महिला बॉक्सर्स ने 12 मेडल सुनिश्चित किए, जबकि पुरुष वर्ग में सात बॉक्सर अंतिम चार में पहुंचे। नीतू (51 किग्रा) ने कनाडा की मैकेंजी राइट को हराया। प्रीति (54 किग्रा) ने मेजबान स्पेन की मारिया गोंजालेस पर जीत दर्ज की। पूनम ने इसी वर्ग में थाईलैंड की एन चोनक्रोंगकलांग को 5-0 से हराया। प्रिया (60 किग्रा), प्रांजल (65 किग्रा) और कानल (65 किग्रा) ने भी प्रभावशाली जीत दर्ज की।

**बॉक्सम एलीट टूर्नामेंट**



FILE

नीतू घंघास

### स्कॉटलैंड का सामना वेस्टइंडीज से

**कोलकाता:** बांग्लादेश को बाहर किए जाने के बाद ऐन मौके पर टूर्नामेंट में शामिल हुई स्कॉटलैंड की टीम टी20 वर्ल्ड कप के पहले मैच में दो बार की चैंपियन वेस्टइंडीज के खिलाफ खुद को साबित करने उतरेगी। बांग्लादेश के हटने के बाद रैंकिंग के आधार पर स्कॉटलैंड को मौका मिला, हालांकि टूर्नामेंट शुरू होने से महज दो हफ्ते पहले मिली एंट्री उसकी तैयारी के लिए चुनौती रही। स्कॉटलैंड 2022 टी20 वर्ल्ड कप में वेस्टइंडीज को हरा चुकी है, जिससे उसका आत्मविश्वास बढ़ा है।

**आमना-सामना**
कुल मैच: 1
वेस्टइंडीज: 0, स्कॉटलैंड: 1

**टेलिकास्ट:** दोपहर 3 बजे से स्टार स्पोर्ट्स और जियोहॉटस्टार पर



NBT AI टाइम मशीन

## नौसेना को मिली पहली स्वदेशी पनडुब्बी

भारत में बनी पहली पनडुब्बी आईएनएस शाल्की (INS Shalki) आज ही के 1992 में नौसेना में शामिल हुई। मझगांव डॉक लिमिटेड में बनी यह पनडुब्बी भारत की स्वदेशी क्षमता का पहला बड़ा प्रतीक बनी। इसकी सबसे बड़ी खासियत इसका 'एस्केप स्कीपर' है, जो संकट के समय पूरे चालक दल की जान बचाने में सक्षम है। रफ्तार और अचूक मारक क्षमता से यह आज भी समुद्री सीमाओं की सुरक्षा में सक्रिय है।

नवभारत टाइम्स। नई दिल्ली

# NBT

Front Page-2

शनिवार, 7 फरवरी 2026

## सुपर सोनिक पनडुब्बियां AI से चलेंगी

ChatGPT के अनुसार, भविष्य में भारत की पनडुब्बियां पूरी तरह AI-संचालित और सुपर-सोनिक होंगी। ये महासागर की गहराइयों में महीनों तक रह सकेंगी, रिसर्च करेंगी और मूक निगरानी निभाएंगी। परमाणु और हाइपर-स्ट्राइक के खिलाफ कवच बनकर भारत को स्ट्रैटेजिक सुपरपावर बनाएंगी। टेक्नॉलजी और ऊर्जा में पकड़ बनने पर भारत बड़े पनडुब्बी निर्यातकों में आ सकता है। भविष्य की ये पनडुब्बियां देश की सुरक्षा और महासागरीय प्रभुत्व की रीढ़ होंगी।



AI Images

SPEED News

### रेसिस्ट व्यवहार के लिए डॉनल्ड ट्रंप की



आलोचना हुई। उन्होंने विडियो पोस्ट किया था, जिसमें पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और उनकी पत्नी को बंदर की तरह दिखाया था।

AI Image



### रूसी सैन्य खुफिया विभाग के उप प्रमुख

लेफ्टिनेंट जनरल व्लादिमीर एलेक्सेव (Vladimir Alekseev) को अज्ञात हमलावर ने गोली मार दी। उनका इलाज जारी है।

### पाक में गटर के ढक्कन चोरी के मामलों पर



पाक पंजाब की CM मरियम नवाज ने कहा, दोषियों को 10 साल तक की जेल होगी। कुछ दिन पहले महिला और बच्ची की गटर में गिरने से मौत हो गई थी।

### क्रेमलिन ने कहा कि रूस और अमेरिका

ने परमाणु हथियार संधि की अवधि खत्म होने पर शुक्रवार को चर्चा की और नई हथियार नियंत्रण बातचीत जल्द शुरू करने पर सहमति जताई। दोनों देशों के बीच 'न्यू स्टार्ट' संधि गुरुवार को समाप्त हो गई।

### पाकिस्तान में शिया मस्जिद पर हमले के चश्मदीद ने बताया

# 'नमाज़ियों पर फायरिंग की फिर खुद को उड़ा लिया'

■ एएफपी/एपी, इस्लामाबाद (पाकिस्तान)

**पाकिस्तान की** राजधानी इस्लामाबाद के बाहरी इलाके में शुक्रवार की नमाज के दौरान एक शिया मस्जिद में फिदायीन बम धमाका हुआ। इस हमले में 31 लोगों की जान चली गई, और 169 लोग घायल हो गए। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने चश्मदीद के हवाले से कहा, सुरक्षा कर्मियों ने हमलावर को रोकने की कोशिश की थी। इसके बाद हमलावर ने गोलीबारी शुरू कर दी। उन्होंने कहा कि इसके बाद हमलावर मस्जिद में नमाजियों की आखिरी पंक्ति में खड़ा हो गया और वहीं खुद को बम से उड़ा लिया।

किसी भी आतंकी संगठन ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

**बड़ी शिया मस्जिद को बनाया निशाना :** धमाका एक बड़ी शिया मस्जिद में हुआ। टीवी फुटेज और सोशल मीडिया पर पुलिस और स्थानीय लोगों को घायलों को अस्पताल ले जाते देखा गया। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने मस्जिद में हुए बम धमाके की कड़ी निंदा की, जांच के आदेश दिए।

**'अफरातफरी थी, घायल फर्श पर पड़े थे' :** वहां मौजूद लोगों के अनुसार, मस्जिद के अंदर अफरा-तफरी मच गई थी। नमाज पढ़ रहे हुसैन शाह ने बताया कि तेज धमाके के बाद मस्जिद में कई शव और घायल फर्श पर पड़े थे।

**हमले के पीछे IS या तालिबान?:** अभी तक किसी संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन शक पाकिस्तानी तालिबान या इस्लामिक स्टेट जैसे आतंकी संगठनों पर है, जो पहले भी पाकिस्तान में शिया समुदाय को निशाना बनाते रहे हैं।

AFP





**बचाने की कवायद** धमाके के बाद मस्जिद के बाहर अफरातफरी मच गई। एजेंसियां राहत-बचाव के लिए पहुंचीं।

### हाल के दिनों में बढ़ी हैं हिंसक घटनाएं

पाकिस्तान में हाल के महीनों में हिंसक घटनाएं बढ़ी हैं। इसके लिए मुख्य रूप से बलूच बागी समूहों और पाकिस्तानी तालिबान को जिम्मेदार माना जा रहा है इस्लामिक स्टेट का एक क्षेत्रीय गुट भी पाकिस्तान में सक्रिय है।

### उज़्बेकिस्तान के राष्ट्रपति थे पाक में

यह हमला उस समय हुआ, जब उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शावकत मिर्जियोयेव दो दिवसीय दौरे पर पाकिस्तान में थे और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के साथ इस्लामाबाद में एक कार्यक्रम में शामिल हो रहे थे।

### हमेशा की तरह भारत पर मढ़ा आरोप

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि जो मस्जिदों में लोगों की हत्या करते हैं, वे न तो धर्म के हितैषी हैं और न ही देश के। आसिफ ने लिखा, हमले में शामिल आतंकी अफगानिस्तान से आया था। भारत और अफगानिस्तान के बीच मिलीभगत सामने आ रही है।' हालांकि भारत हमेशा से ऐसे बेतुके बयानों का खंडन करता रहा है।

### खैबर पख्तूनख्वा में 24 आतंकी ढेर: पाकिस्तानी सेना

■ पीटीआई, पेशावर : पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने शुक्रवार को खैबर पख्तूनख्वा में दो अलग-अलग खुफिया अभियानों में 24 आतंकियों को मार गिराया। इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशन्स (ISPR) ने एक बयान में कहा, 'आतंकी प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) से जुड़े थे। ये दो खुफिया-आधारित अभियान प्रांत के ओरकजई और खैबर जिलों में संचालित किए गए। सैनिकों ने आतंकियों को घेर लिया और 14 को मार गिराया। जबकि दूसरी जगह एक और अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने 10 आतंकवादियों को मार गिराया। इससे पहले जनवरी में, खैबर पख्तूनख्वा में दो अलग-अलग अभियानों में 11 आतंकवादी मारे गए थे।

### बांग्लादेश: यूनुस के घर के बाहर प्रदर्शन

AFP



सुरक्षा बलों ने बैरिकेडिंग की, वाटर कैनन, साउंड ग्रेनेड का भी इस्तेमाल।

■ पीटीआई, ढाका: बांग्लादेश में दक्षिणपंथी इंकलाब मंच के नेता शरीफ उस्मान हादी की पिछले साल हुई हत्या के मामले में तत्काल न्याय की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस से झड़प में 50 लोग घायल हो गए। अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस के आधिकारिक आवास के पास सुरक्षा घेरा तोड़ने की कोशिश के बाद पुलिस ने लाठीचार्ज और वॉटर कैनन का इस्तेमाल किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों पर पुलिस ने 'साउंड ग्रेनेड' भी दागे।




NBT इरा

भीड़ का हिस्सा बनना उसकी फितरत नहीं। वह आज की नारी है, वह 'Gen She' है।

IRA 2026

बिना दिखावे के। बिना किसी बनावट के। अपनी शर्तों पर जीने वाली निडर लड़कियां।

सुंदरता अब किसी की मोहताज नहीं।

हुनर और सौंदर्य की मिसाल बनें। आज ही रजिस्टर करें।

वट्सऐप नंबर 7003890071





केंद्रीय बजट ने ऑरेंज अर्थव्यवस्था को महत्व दिया है!

# US ने अपने लोगों से कहा, जल्द ईरान से बाहर निकलें

AFP



ओमान के विदेश मंत्री बद्र अल-बुसैदी (दाएं) और अमेरिकी प्रतिनिधि मिले।

■ NBT रिपोर्ट

**अमेरिका ने** ईरान में रह रहे अपने नागरिकों को तुरंत देश छोड़ने की सलाह जारी की है। यह चेतावनी अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप द्वारा ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई को दी गई नई चेतावनी के कुछ घंटों बाद आई है। TOI के अनुसार, यह सलाह ऐसे समय दी गई है, जब ईरान हाल के महीनों में हुए बड़े प्रदर्शनों के असर से उबर रहा है, जिससे क्षेत्र में तनाव और बढ़ गया है। अमेरिकी विदेश विभाग ने असामान्य रूप से सख्त भाषा में कहा कि उड़ानों में बाधा आ सकती है। जो लोग तुरंत ईरान नहीं छोड़ सकते, उन्हें सुरक्षित स्थान पर रहने और खाने-पीने, पानी और दवाइयों का पर्याप्त इंतजाम रखने को कहा गया है।

### US-ईरान के बीच ओमान में बातचीत

**एपी, मस्कट (ओमान):** ओमान की मध्यस्थता में शुक्रवार को ईरान-US में बातचीत हुई। अप्रत्यक्ष बातचीत ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर हुई। ओमान के विदेश मंत्री बद्र अल-बुसैदी ने पहले ईरान के विदेश मंत्री अराघची से मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने अमेरिका के पश्चिम एशिया मामलों के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और डॉनल्ड ट्रंप के दामाद जैरेड कुशनर से बातचीत की। बातचीत में अमेरिकी नौसेना के एडमिरल ब्रैड कूपर भी मौजूद थे। अराघची ने बातचीत को 'एक बहुत अच्छी शुरुआत' बताया।





SHOWROOMS: NOIDA: RENAULT SECTOR 2 Ph: 7290041479, RENAULT SECTOR 63 Ph: 7603976213. RENAULT GHAZIABAD CITY Ph: 9319994356. DELHI: SOUTH DELHI: RENAULT BHIKAJI CAMA Ph: 7428190235, RENAULT MATHURA ROAD Ph: 7428201764. WEST DELHI: RENAULT MAYAPURI Ph: 7290039351. NORTH DELHI: RENAULT DELHI NORTH (AZADPUR) Ph: 9289631442. GURGAON: RENAULT SECTOR 61 Ph: 9311700637, RENAULT SOHNA ROAD Ph: 7428190234. RENAULT FARIDABAD Ph: 8860681876. RENAULT SONIPAT Ph: 9289631444. RENAULT HAPUR Ph: 8448890314. RENAULT BULANDSHAHR Ph: 8448890316. RENAULT REWARI Ph: 9643335838. RENAULT ROHTAK CITY Ph: 9311700651.

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 07-02-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAFL2 User: cci Time: 02-06-2026 22:38 Color:

20 20 WORLD CUP अल्टीमेट रोमांच

# T20 में सुपर-20 की महाजंग

टी20 वर्ल्ड कप का 10वां एडिशन आज से भारत और श्रीलंका में शुरू हो रहा है। बीस-बीस ओवर्स की इस महाजंग में शामिल होने जा रही दुनिया की 20 सुपर टीमों पर एक नजर-

**साल 2025 में टी20I रेकॉर्ड** — मैच खेले | जीते | हारे | नो रिजल्ट | ICC टी20 रैंकिंग्स

## GROUP A

### भारत
ICC टी20 रैंकिंग: 1 | मैच खेले: 21 | जीते: 16 | हारे: 3 | नो रिजल्ट: 2

**खास बात**
टीम लगातार दूसरे और कुल तीसरे खिताब की प्रबल दावेदार होगी। वर्ल्ड रैंकिंग्स में टॉप पर है और टीम में मैच विनर्स की भरमार है।

**स्टार प्लेयर**
सूर्यकुमार यादव: पिछले वर्ल्ड कप फाइनल में मैच पलट देने वाला कैच लपकने वाले सूर्यकुमार टीम की कमान संभालेंगे। वह लय में लौट आए हैं।

### नामीबिया
ICC टी20 रैंकिंग: 15 | मैच खेले: 12 | जीते: 9 | हारे: 3

**खास बात**
टीम ने 2021, 2022 और 2024 में टी20 वर्ल्ड कप के लिए क्वॉलिफाई किया है। साल 2027 के टी20 वर्ल्ड कप के संयुक्त मेजबानी में नामीबिया भी है।

**स्टार प्लेयर**
गेरहार्ड इरास्मस: लगातार चौथे टी20 वर्ल्ड कप में टीम की कमान संभाल रहे इरास्मस ने पिछले साल अक्टूबर में साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी20I में नामीबिया को ऐतिहासिक जीत दिलाई थी।

### नीदरलैंड्स
ICC टी20 रैंकिंग: 13 | मैच खेले: 11 | जीते: 5 | हारे: 5 | नो रिजल्ट: 1

**खास बात**
साल 2009 में अपने डेब्यू पर ही इंग्लैंड को हराकर सनसनी फैला दी थी। 2022 में साउथ अफ्रीका को बाहर किया था। टीम का छठा वर्ल्ड कप है।

**स्टार प्लेयर**
स्कॉट एडवर्ड्स: इनकी अगुआई में ही टीम ने पिछले दो वर्ल्ड कप में साउथ अफ्रीका को हराया था। अनुभवी प्लेयर्स में से एक स्कॉट विकेटकीपर बैटर हैं।

### पाकिस्तान
ICC टी20 रैंकिंग: 6 | मैच खेले: 34 | जीते: 21 | हारे: 13

**खास बात**
2009 की चैंपियन 'अंडर डॉग' के तौर पर उतरेगी। फहीम अशरफ, शादाब खान, मो. नवाज के रूप में कुछ अच्छे ऑलराउंडर्स हैं।

**स्टार प्लेयर**
बाबर आजम: टी20I में सर्वाधिक रन बनाने वाले बाबर पर सारा फोकस रहेगा। पिछले कुछ समय में खास प्रदर्शन नहीं, पर उनसे बड़ी उम्मीदें हैं।

### अमेरिका
ICC टी20 रैंकिंग: 18 | मैच खेले: 9 | जीते: 8 | हारे: 1

**खास बात**
लगातार दूसरा टी20 वर्ल्ड कप होगा। 2024 में सुपर-8 तक का सफर तय किया। इस दौरान सात मैच में उसने दो जीत भी हासिल की।

**स्टार प्लेयर**
सौरभ नेत्रवलकर: पिछले टी20 वर्ल्ड कप में अमेरिकी टीम के सनसनी बनकर उभरे। सौरभ पर फिर होंगी निगाहें। भारतीय मूल के इस पेसर को यहां सपोर्ट भी मिलने की उम्मीद है।

## GROUP B

### ऑस्ट्रेलिया
ICC टी20 रैंकिंग: 2 | मैच खेले: 16 | जीते: 10 | हारे: 3 | नो रिजल्ट: 3

**खास बात**
वनडे की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को टी20 वर्ल्ड कप जीतने के लिए 7 एडिशंस का इंतजार करना पड़ा। पहला टी20 खिताब 2021 में जीता।

**स्टार प्लेयर**
ट्रेविस हेड: तीनों फॉर्मेट में उपयोगिता साबित की है। बड़े मैचों में रनों की भूख बढ़ जाती है। 2023 वनडे वर्ल्ड कप फाइनल और 2023 WTC में शतकीय पारी खेल चुके हैं।

### आयरलैंड
ICC टी20 रैंकिंग: 11 | मैच खेले: 9 | जीते: 1 | हारे: 6 | नो रिजल्ट: 2

**खास बात**
टीम ने टी20 वर्ल्ड कप के अपने डेब्यू मैच में ही बांग्लादेश को हरा दिया था। साल 2024 में हुए वर्ल्ड कप में आयरलैंड एक भी जीत हासिल नहीं कर पाया था।

**स्टार प्लेयर**
पॉल स्टर्लिंग: आयरलैंड के सारे टी20 वर्ल्ड कप स्क्वॉड का हिस्सा रहे हैं। टी20 वर्ल्ड कप में कुल 24 मैचों में 419 रन बनाए हैं। टी20I में आयरलैंड के लिए सर्वाधिक 3798 रन बनाए हैं।

### श्रीलंका
ICC टी20 रैंकिंग: 8 | मैच खेले: 18 | जीते: 9 | हारे: 9

**खास बात**
टीम 2014 में पहली बार टी20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद लगातार चार एडिशंस के सेमीफाइनल तक भी नहीं पहुंच पाई। 2022 में 16 टीम में सातवें पर रही।

**स्टार प्लेयर**
वानिंदु हसरंगा: टी20 में 240 मैच में 2000+ रन बनाए हैं और 337 विकेट लिए हैं। वह टी20I बोलिंग रैंकिंग्स में छठे और ऑलराउंडर्स में 12वें पर हैं।

### जिंबाब्वे
ICC टी20 रैंकिंग: 12 | मैच खेले: 25 | जीते: 10 | हारे: 13 | नो रिजल्ट: 2

**खास बात**
जिंबाब्वे ने अब तक नौ टी20 वर्ल्ड कप के छह संस्करणों में भाग लिया है। 2022 में सुपर-12 तक पहुंचना इस टीम का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

**स्टार प्लेयर**
सिकंदर रजा: कप्तान सिकंदर को दुनिया भर की टी20 लीग्स में खेलने का अनुभव है। वह ऑलराउंडर्स की टी20I रैंकिंग्स में दूसरे स्थान पर हैं।

### ओमान
ICC टी20 रैंकिंग: 20 | मैच खेले: 15 | जीते: 8 | हारे: 7

**खास बात**
टीम ने डेब्यू टी20 वर्ल्ड कप मैच में आयरलैंड को हराया था। टीम वर्ल्ड कप के 10 में सिर्फ दो मैच ही जीत सकी है। पिछली बार आखिरी स्थान पर रही थी।

**स्टार प्लेयर**
जतिंदर सिंह: कप्तान जतिंदर ने ओमान के लिए 72 मैचों में 1605 रन बनाए हैं, जो सर्वाधिक है। टीम के लिए दूसरे सर्वाधिक टी20I खेलने वाले प्लेयर भी हैं।

## GROUP C

### इंग्लैंड
ICC टी20 रैंकिंग: 3 | मैच खेले: 15 | जीते: 8 | हारे: 5 | नो रिजल्ट: 2

**खास बात**
साल 2010 और 2022 की टी20 वर्ल्ड चैंपियन और एक बार की रनरअप रही। टीम इस बार भी दावेदारों में शामिल है।

**स्टार प्लेयर**
हैरी ब्रूक: टीम की कमान युवा हैरी ब्रूक के हाथों में है। टी20 फॉर्मेट में उनका 150+ का स्ट्राइक रेट बताता है कि वह अपना दिन होने पर कितने विध्वंसक साबित हो सकते हैं।

### इटली
ICC टी20 रैंकिंग: 27 | मैच खेले: 3 | जीते: 2 | हारे: 1

**खास बात**
फुटबॉल का पावरहाउस माना जाने वाला इटली पहली बार किसी क्रिकेट वर्ल्ड कप में हिस्सा ले रहा है। क्वॉलिफायर्स में बेहतर रन रेट होने के कारण टीम यहां तक पहुंची।

**स्टार प्लेयर**
वेन मैडसेन: दुनिया भर की टी20 लीग में 219 मैच का अनुभव है। उन्होंने टी20 फॉर्मेट में कुल 5516 रन बनाए हैं। वेन मेंस हंड्रेड, वाइटैलिटी ब्लास्ट, एसए20 और पीएसएल में खेल चुके हैं।

### नेपाल
ICC टी20 रैंकिंग: 16 | मैच खेले: 17 | जीते: 12 | हारे: 4 | नो रिजल्ट: 1

**खास बात**
टीम कुल तीसरी बार टी20 वर्ल्ड कप में हिस्सा लेने जा रही है। साल 2024 में हुए वर्ल्ड कप में नेपाल एक भी मैच नहीं जीत सका था।

**स्टार प्लेयर**
दीपेंद्र सिंह ऐरी: दीपेंद्र 2000 टी20I रन पूरे करने वाले पहले नेपाली प्लेयर बन सकते हैं। इनके नाम टी20I में सबसे तेज (नौ बॉल में) फिफ्टी लगाने का रेकॉर्ड है।

### वेस्टइंडीज
ICC टी20 रैंकिंग: 7 | मैच खेले: 23 | जीते: 7 | हारे: 15 | नो रिजल्ट: 1

**खास बात**
टीम में जेसन होल्डर, रोमारियो शेफर्ड, रोस्टन चेज और मैथ्यू फोर्ड जैसे हरफनमौला हैं। रोवमैन पॉवेल, हेटमायर जैसे बिग हिटर्स भी हैं।

**स्टार प्लेयर**
शिमरॉन हेटमायर: हेटमायर का प्रदर्शन टीम के लिए सबसे अहम होगा। बाएं हाथ का यह बैटर टीम के लिए एक्स-फैक्टर साबित हो सकता है।

### स्कॉटलैंड
ICC टी20 रैंकिंग: 14 | मैच खेले: 7 | जीते: 3 | हारे: 4

**खास बात**
क्वॉलिफाई ना कर पाने के कारण टीम का लगातार पांचवां टी20 वर्ल्ड कप खेलने का सपना टूट गया था, लेकिन बांग्लादेश के हटने से एंट्री मिल ही गई।

**स्टार प्लेयर**
जॉर्ज मन्सी: मन्सी दुनिया के उन 10 प्लेयर्स में हैं, जिन्होंने टी20I में 30+ औसत और 140+ स्ट्राइक रेट से 2000+ रन बनाए हैं। देश के लिए 100+ सिक्स लगा चुके हैं।

## GROUP D

### न्यूजीलैंड
ICC टी20 रैंकिंग: 4 | मैच खेले: 22 | जीते: 12 | हारे: 6 | नो रिजल्ट: 4

**खास बात**
टूर्नामेंट के पहले ही एडिशन में सेमीफाइनल तक का सफर तय करने वाली इस टीम को अपने पहले खिताब का इंतजार है।

**स्टार प्लेयर**
टिम सीफर्ट: सीफर्ट टीम में इस फॉर्मेट के सबसे खतरनाक नाम हैं। वह बैटर्स की टी20I रैंकिंग्स में टॉप-10 में शामिल इकलौते कीवी बल्लेबाज हैं।

### अफगानिस्तान
ICC टी20 रैंकिंग: 10 | मैच खेले: 15 | जीते: 8 | हारे: 7

**खास बात**
साल 2010 टी20 वर्ल्ड कप में पहली बार मौका मिला। टूर्नामेंट के पिछले संस्करण में अफगान टीम ने सेमीफाइनल में जगह बनाकर सभी को हैरान कर दिया था।

**स्टार प्लेयर**
राशिद खान: अफगानी टीम के पहले ग्लोबल स्टार हैं। वह सबसे कम उम्र में वनडे बोलिंग रैंकिंग्स में पहला स्थान हासिल करने वाले बोलर हैं। सबसे तेज 100 वनडे विकेट का रेकॉर्ड भी बनाया।

### यूएई
ICC टी20 रैंकिंग: 17 | मैच खेले: 23 | जीते: 11 | हारे: 12

**खास बात**
टीम कुल तीसरी बार मेंस टी20 वर्ल्ड कप में भाग लेगी। 2014 और 2022 में पहले ही राउंड में बाहर हो गई थी। इस बार भी राह आसान नहीं होगी।

**स्टार प्लेयर**
मुहम्मद वसीम: कमान मुहम्मद वसीम के पास है। उनके नाम टी20I में तीन शतक हैं। उन्होंने टी20I में 150+ स्ट्राइक रेट से तीन हजार से ज्यादा रन बनाए हैं।

### साउथ अफ्रीका
ICC टी20 रैंकिंग: 5 | मैच खेले: 18 | जीते: 6 | हारे: 12

**खास बात**
इस फॉर्मेट के वर्ल्ड कप के हर एडिशन में भाग लेने वाली साउथ अफ्रीकी टीम को अपने पहले टी20 वर्ल्ड कप खिताब का इंतजार है।

**स्टार प्लेयर**
एडेन मार्करम: मार्करम ICC वर्ल्ड कप में साउथ अफ्रीका को जीत दिलाने वाले इकलौते कप्तान हैं। हालांकि, यह जीत उन्होंने 2014 में अंडर-19 वर्ल्ड कप में हासिल की थी।

### कनाडा
ICC टी20 रैंकिंग: 19 | मैच खेले: 17 | जीते: 13 | हारे: 4

**खास बात**
टी20 वर्ल्ड कप में कनाडा की यह दूसरी भागीदारी होगी। उन्होंने साल 2024 एडिशन में हिस्सा लिया था, जहां उन्होंने आयरलैंड को हराया था।

**स्टार प्लेयर**
दिलप्रीत बाजवा: मिडल ऑर्डर के हार्ड हिटिंग बैटर हैं। कुल 17 टी20I में स्ट्राइक रेट 133.22 है। घर फिफ्टी में 57 और 68 रन की उनकी दो पारियां क्रमशः 18 और 22 गेंदों पर थीं।



*सभी जीत-हार के आंकड़े 2025 में खेले गए मुकाबलों के हैं।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 07-02-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAHFP User: cci Time: 02-06-2026 23:14 Color:

नई दिल्ली > शनिवार, 7 फरवरी 2026 > माघ 18, शक 1947, फाल्गुन कृष्ण षष्ठी, विक्रम संवत 2082 WATCH GOD WATCHDOG वर्ष 80, संख्या 33 > पेज 24* > मूल्य ₹5.00 या ₹11.50* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित www.nbt.in
*मासिक खरीद पर ही लागू



'कोरियन कल्चर जान देने को प्रेरित नही करता'
DelhiTimes

# NBT नवभारत टाइम्स

एनबीटी मे विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

US ने कहा, जल्द ईरान से निकलें अमेरिकी ▶p16



# मौत का गड्ढा: पहले नोएडा, अब दिल्ली

## जनकपुरी में जल बोर्ड के खोदे गए 14 फुट के गड्ढे में 25 साल के कमल की गई जान

नवीन निश्चल/सुवामा यादव

■ नई दिल्ली : फिर एक गड्ढा, फिर एक मौत, फिर वही लापरवाही। इस बार जगह देश की राजधानी दिल्ली का जनकपुरी इलाका था। एक बैंक के कॉल सेंटर में काम करने वाले 25 साल के कमल ध्यानी दफ्तर से घर लौट रहे थे। गुरुवार रात 11:53 बजे उन्होंने परिवार को फोन किया कि बस 10 मिनट में पहुंच रहा हूं, लेकिन तभी B3B ब्लॉक के सामने जल बोर्ड के खोदे गड्ढे में वह बाइक समेत जा गिरे। कमल जब घर नहीं पहुंचे, तो परिवार ने खोजबीन शुरू की। परिवार का कहना है कि पांच थानों में जाकर कमल को ढूंढने की फरियाद की। लास्ट कॉल जनकपुरी इलाके से आया था, इसलिए वहां ढूंढा गया, लेकिन कमल नहीं मिले। सुबह एक महिला ने देखा कि गड्ढे में बाइक समेत युवक पड़ा है, वह कमल ही थे। उन्हीं के फोन से पुलिस ने परिवार को जानकारी दी। पुलिस उन्हें DDU अस्पताल ले गई, जहां मृत घोषित कर दिया गया। परिवार का आरोप है कि गड्ढे वाली जगह को ठीक से घेरा होता तो उनके घर का चिराग न बुझता। ये भी आरोप है कि उस जगह पर्याप्त रोशनी नहीं थी और न ही प्रॉपर साइनेज या इंस्ट्रक्शन।

> हम कई थानों में गए, लेकिन किसी ने मदद नहीं की। सुबह जब मैंने फिर कमल के फोन पर कॉल की तो पुलिस ने उठाया और हमें बताया कि कमल मृत मिला है।
> - करण (कमल के जुड़वां भाई)

घटना के बाद सरकार और प्रशासन में हड़कंप मच गया। दिल्ली के गृह मंत्री आशीष सूद जनकपुरी से ही विधायक हैं, वह मौके पर पहुंचे। जल मंत्री प्रवेश वर्मा ने भी स्पॉट पर जाकर दौरा किया। साथ ही बोर्ड के सीनियर अफसरों की कमिटी से जांच का आदेश दिया। उन्होंने जल बोर्ड के एग्जेक्युटिव इंजीनियर समेत तीन को सस्पेंड कर दिया। जल बोर्ड के एक अधिकारी और कॉन्ट्रैक्टर के खिलाफ FIR दर्ज की गई। मंत्री का कहना है कि रोड के दोनों तरफ 100-100 मीटर की दूरी पर बैरिकेड लगाए जाने के बाद भी हादसा होना दुखद है।

पालम के कैलाशपुरी में रहने वाले कमल के घर मातम है। उनके पैरेंट्स की शुक्रवार को ही 28वीं एनवर्सिरी थी, कीर्तन की तैयारी थी। भाई ने कहा कि रात में पुलिस से रिस्पॉन्स नहीं मिला, सुबह किसी ऑफिसर की मदद से पता चला, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी।

» स्पेशल कवरेज देखें पेज 5 और 6



गड्ढे में शव की तस्वीर किसी का भी दिल विचलित कर सकती है, इसलिए हमने यहां उसकी स्थिति दिखाने रेखाएं प्रदर्शित की है।

कमल ध्यानी



IANS

16 जनवरी 2026 की रात 27 साल के इंजिनियर युवराज मेहता की नोएडा सेक्टर 150 में मॉल के लिए खोदे गए गड्ढे में भरे पानी में कार समेत डूबने से जान गई थी।

## परिवार से कहा था, 10 मिनट में पहुंच रहा हूं

**11:53** बजे गुरुवार रात कमल ने फोन पर बताया था, 10 मिनट में पहुंच रहा हूं, लेकिन नहीं आए।

**01:35** बजे गुरुवार रात परिवार विकासपुरी थाने पहुंचा। फिर 2:05 बजे जनकपुरी थाने।

**08:03** बजे शुक्रवार सुबह PCR (पुलिस) को एक युवक के गड्ढे में पड़े होने की सूचना मिली। वह 25 साल के कमल ध्यानी ही थे।



> यह हत्या है और हत्यारी है जवाबदेही से भागती सत्ता। असली कातिल सड़क नहीं, गैर-जिम्मेदार सत्ता है, क्योंकि यहां न इस्तीफा होता है, न सजा मिलती है, न अंतरात्मा जागती है। - राहुल गांधी, कांग्रेस नेता



> घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। तीन इंजिनियर सस्पेंड किए गए हैं। सीनियर अफसरों की जांच कमिटी से 24 घंटे में रिपोर्ट मांगी है। पीड़ित परिवार को मुआवजा देंगे। - प्रवेश साहिब सिंह वर्मा, दिल्ली के जल मंत्री

## सिस्टम को पता है, कोई मरे, उसका कुछ नहीं हो सकता

■ आशीष पांडे

सरकारी तंत्र की क्रूरता देखनी हो तो इन दो नामों को देख लीजिए, नोएडा का युवराज और दिल्ली का कमल। दोनों की जान किसी दुश्मन ने नहीं, बल्कि उस सिस्टम ने ली है जिसे हम टैक्स देते हैं। एक की मौत पर 5 दिन में रिपोर्ट का झुनझुना थमाया गया, लेकिन वह रिपोर्ट 20 दिन बाद भी लापता है। दूसरे की जान जल बोर्ड के उसी खुले गड्ढे ने ले ली, जिसकी सुध लेने वाला कोई नहीं था। वह रातभर गड्ढे में तड़पता रहा, किसी को पता तक नहीं चला।





युवराज की मौत के बाद कहा गया था कि 5 दिन में रिपोर्ट आ जाएगी, लेकिन रिपोर्ट छोड़िए अब उसकी बात भी नहीं हो रही। सरकारी सिस्टम को पता है- कोई मरे, उसका कुछ नहीं हो सकता है। इसीलिए नोएडा में युवराज की मौत के बाद अब दिल्ली में कमल की जान चली गई... एक गड्ढे में गिरकर। हैरानी की बात है कि जल बोर्ड ने माना है कि यह घटना नोएडा के हादसे जैसी है। इस बोर्ड ने नोएडा हादसे के बाद सभी साइटों पर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए थे।

यह हादसा नहीं, प्रशासनिक मर्डर है, सच तो यह है कि सरकारी फाइलों में हमारी जान की कीमत एक रिफ्लेक्टर से भी कम है। नोएडा से लेकर दिल्ली तक, अफसरों को पता है कि जनता की याददाश्त कमजोर है। वे जानते हैं कि कुछ दिन शोर मचेगा, टीवी पर बहस होगी, अखबारों में सुर्खियां लगेंगी और फिर सब शांत... इसीलिए वे बेपरवाह हैं। उनके लिए हमारी मौत सिर्फ एक आंकड़ा है और जांच सिर्फ वक्त काटने का जरिया।

जवाबदेही का भद्दा मजाक यह है कि शोर मचता है तो बलि का बकरा बनाकर कुछ लोग सस्पेंड कर दिए जाते हैं या किसी अफसर का ट्रांसफर। क्या ट्रांसफर कोई सजा है? क्या सस्पेंशन से किसी के घर का चिराग लौट आता है? यह सिर्फ जनता के गुस्से पर पानी डालने का पुराना पैंतरा है। एक घटना से क्यों ऐसे सबक नहीं लिए जाते कि फिर से उसी तरह के हादसे न हों। दुखद यह है कि हमने भी मान लिया है कि नालों और गड्ढों में गिरकर मरना ही हमारी नियति है। नियति नहीं, यह हमारा साझा पतन है। हम चीखते हैं, फिर चुप हो जाते हैं। लेकिन याद रखिए, आज युवराज और कमल की बारी थी, कल यह गड्ढा आपके या मेरे घर के किसी सदस्य का इंतजार कर रहा होगा।

NBT का इस निकम्मे सिस्टम से सवाल है कि अब आप हमें यह मत बताइए कि रिपोर्ट कब आएगी या किसका ट्रांसफर या सस्पेंशन होगा, बस इतना बता दीजिए कि अगली हेडलाइन बनने के लिए हम में से किसे और कहां तैयार रहना है? क्योंकि गड्ढे तो आज भी वैसे ही खुले हैं, जैसे कल थे, फिर चाहे वह दिल्ली हो, NCR या कोई और छोटा-बड़ा शहर।



वैलेंटाइंस वीक शुरू
रोज़ डे आज

### काम की खबरें

**ब्लू लाइन पर संडे सुबह मेट्रो सेवा मिलेगी देर से**
मेंटिनेंस के कारण रविवार सुबह ब्लू लाइन मेट्रो सेवा सुबह थोड़ी देर से चलेगी। यात्री कुछ समय लेकर निकलें। » पेज 4

**ऐप ड्राइवरों की हड़ताल**
न्यूनतम किराया तय न होने पर ओला-उबर ड्राइवरों ने आज हड़ताल की चेतावनी दी। » पेज 14

### हैपी मॉर्निंग

टीचर: क्लास में लड़ाई क्यों नहीं करनी चाहिए?
स्टूडेंट: पता नहीं परीक्षा में किसके पीछे बैठना पड़ जाए।

### अर्थसार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 83,580.40 (+266.47) |
| निफ्टी | 25,693.70 (+50.90) |
| रुपया/यूएस डॉलर | 90.41 (+0.02) |
| रुपया/यूरो | 106.68 (+0.13) |

स्रोत: रिजर्व बैंक रेफरेंस रेट

### सराफा

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम दिल्ली | ₹1,57,200 (-3,400) |
| चांदी .999 टंच प्रति किलो दिल्ली | ₹2,55,000 (-13,000) |

### मौसम

अधिकतम तापमान 24.8°
9.1° न्यूनतम तापमान
सूर्यास्त शनिवार 6:05 | सूर्योदय रविवार 7:05
मौसम विभाग ने आज हल्के कोहरे का पूर्वानुमान जताया।

* 18+6 DelhiTimes

## PM ने सुनाया 75वें जन्मदिन का किस्सा-'25 अभी बाकी'



PMO

**परीक्षा पे चर्चा** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बच्चों से कहा कि परीक्षाएं त्योहारों की तरह होती हैं, उनका उत्सव मनाएं।

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को 'परीक्षा पे चर्चा' के दौरान बच्चों से परीक्षाओं और जीवन की चुनौतियों पर बात की। इस दौरान PM ने अपने 75वें जन्मदिन का किस्सा भी सुनाया। उन्होंने बच्चों से कहा, 'एक नेता ने 17 सितंबर को मुझे जन्मदिन पर फोन किया और मुझसे कहा कि आपके 75 साल हो गए हैं, तो मैंने उनसे कहा कि 25 अभी बाकी हैं। मैं बीते हुए को गिनता नहीं हूं, जो बचा है, उसकी ही गिनती करता हूं।'

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह बात तब कही, जब मणिपुर की छात्रा ने उनसे कहा कि मेरा जन्मदिन भी 17 सितंबर को होता है। मोदी ने कहा कि इसीलिए मैं आप लोगों से भी कहता हूं कि जो बीता है, उसकी गिनती में समय बर्बाद मत कीजिए। जो बचा है, उसे जीने के बारे में सोचिए। » पेज 11

## SC ने कहा, मां बनने को मजबूर नहीं कर सकते

■ राजेश चौधरी, नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कोई भी अदालत किसी महिला खासकर नाबालिग को अनचाहा गर्भ जारी रखने यानी मां बनने को मजबूर नहीं कर सकती। कोर्ट ने डॉक्टरों की निगरानी में नाबालिग की 30 हफ्ते की गर्भावस्था खत्म करने की इजाजत दी। कोर्ट ने प्रजनन अधिकारों, महिला की स्वायत्तता को सर्वोपरि मानते हुए फैसला सुनाया है। » पेज 13



### साइबर फ्रॉड में...

## ₹25 हजार तक मुआवजा मिलेगा

■ सुधा श्रीमाली, मुंबई: साइबर फ्रॉड के शिकार लोगों को धोखाधड़ी वाले ट्रांजैक्शन के मामले में 25,000 रुपये तक का हर्जाना मिल सकेगा। रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को मौद्रिक नीति के दौरान यह ऐलान किया। इसके लिए रिजर्व बैंक नया फ्रेमवर्क लाने जा रहा है। इसमें 50 हजार रुपये या उससे कम की धोखाधड़ी के मामलों को शामिल किया जाएगा। » पेज 14



## पाक में मस्जिद पर आत्मघाती हमला, 31 की जान गई

■ एपी, इस्लामाबाद: पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में शुक्रवार को शिया मस्जिद के बाहर एक आत्मघाती बम धमाके में 31 लोगों की मौत और 169 लोग घायल हुए। धमाका शुक्रवार की नमाज के बाद हुआ, जब मस्जिद में भारी भीड़ थी। पुलिस ने बताया कि हमलावर को गेट पर रोका गया, लेकिन उसने खुद को विस्फोट से उड़ा लिया। » पेज 16

इस्लामाबाद में धमाका, 169 लोग घायल हुए

### वैभव सूर्यवंशी का सुपर शो, छठी बार जीता यह खिताब

## U-19 वर्ल्ड कप का सूर्योदय





BCCI

■ पीटीआई, हरारे (जिंबाब्वे)

भारत ने U-19 विश्व कप में इतिहास रचते हुए छठी बार खिताब अपने नाम किया। शुक्रवार को खेले गए फाइनल में भारतीय टीम ने इंग्लैंड को 100 रनों से हराकर दबदबा साबित किया। पूरे टूर्नामेंट में भारत अजेय रहा। मैच के हीरो रहे 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी, जिन्होंने सिर्फ 55 गेंदों में शतक जड़ा और 80 गेंदों पर 175 रन की विस्फोटक पारी खेली। उन्होंने 71 गेंदों में 150 रन पूरे कर U-19 क्रिकेट का सबसे तेज 150 रन का रेकॉर्ड भी बनाया। यह फाइनल में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह जीत युवा प्रतिभाओं को प्रेरित करेगी। » पेज 15



वैभव सूर्यवंशी ने 175 रन बनाए, 15 छक्के लगाए



CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 07-02-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH02 User: vivek.kumar4@timesofindia.com Time: 02-06-2026 21:08 Color:

# विकास और बदलाव का साक्षी फतेहपुर

## सतत विकास से सशक्तीकरण की ओर

वर्तमान में फतेहपुर जिला विकास और प्रगति का प्रतीक बनकर उभरा है। आकांक्षी जिला कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण और आधारभूत संरचना के क्षेत्रों में सकारात्मक पहल की गई है। ऐसे में, पांच प्रमुख क्षेत्रों में मुख्य प्रदर्शन संकेतकों के आधार पर हासिल किए गए स्कोर इस जिले के विकास को दर्शा रहे हैं।

| शिक्षा | बुनियादी सुविधाएं | कृषि एवं सिंचाई | स्वास्थ्य व पोषण | वित्तीय समावेश व कौशल विकास |
|---|---|---|---|---|
| स्कोर 85.8 (जून 2025) | स्कोर 89.2 (जून 2025) | स्कोर 26.1 (जून 2025) | स्कोर 85.1 (जून 2025) | स्कोर 59.4 (जून 2025) |
| 30% | 10% | 20% | 30% | 10% |






### जून 2025 तक 61.8 रहा फतेहपुर का चैंपियंस ऑफ चेंज कम्पोजिट स्कोर

फतेहपुर ने आकांक्षी जिला कार्यक्रम की शुरुआत से अब तक 112 जिलों में 8वां स्थान हासिल कर देश के शीर्ष 10 आकांक्षी जिलों में अपनी जगह बनाई है। जिले को छह बार 'गुड रैंक' मिली है, जिसमें तीन बार ओवरऑल रैंकिंग और एक-एक बार आधारभूत संरचना, कृषि एवं जल संसाधन तथा स्वास्थ्य व पोषण के क्षेत्र में उपलब्धि हासिल हुई है।

## उत्तम शिक्षा के माध्यम से युवा प्रतिभाएं हो रहीं सशक्त

- शैक्षणिक सत्र शुरू होने के एक माह के भीतर 100% बच्चों को पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराई गई।
- 220 स्कूलों में स्मार्ट क्लास स्थापित की गई और 42 सरकारी स्कूलों का नवीनीकरण किया गया।
- बड़ी संख्या में छात्र अपनी पढ़ाई आगे जारी रख रहे हैं। प्राथमिक से उच्च प्राथमिक में 84.69% और उच्च प्राथमिक से माध्यमिक में 89.47% छात्र आगे की कक्षाओं में पहुंचे।
- बुनियादी सुविधाओं में सुधार हुआ है। 85.84% स्कूलों में पेयजल और 79.46% माध्यमिक स्कूलों में बिजली की सुविधा बेहतर हुई है।
- 71.02% प्राथमिक स्कूल अब आरटीई अधिनियम के छात्र व शिक्षक अनुपात (पीटीआर) मानकों का पालन कर रहे हैं।
- 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में महिला साक्षरता दर 58% तक पहुंच गई है।



डॉ. भीमराव आम्बेडकर राजकीय बालिका स्नातकोत्तर महाविद्यालय

## अवसंरचनात्मक सुधार से व्यापक परिवर्तन की ओर फतेहपुर




### आधारभूत संरचना में किए गए सुधार और नई पहल जिले की प्रगति को गति दे रहे हैं, जिसका लाभ आम लोगों को मिल रहा है

- वर्ष 2018 से अब तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 14 सड़कें बनाई गई, जिनकी कुल लागत ₹127.49 करोड़ है।
- मार्च 2018 से अब तक प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कुल 32,447 आवास निर्मित किए गए। इस योजना के अंतर्गत वित्त वर्ष 2021-22 में अकेले 14,491 घर बनाए गए।
- वर्ष 2018 से अब तक विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जी राम जी) योजना के तहत लगभग 2,094 तालाब और 62 बाल उद्यान विकसित किए गए।
- सभी गांवों में पंचायत भवन और सामुदायिक शौचालय का निर्माण किया गया।
- लगभग 804 पंचायत सहायकों की नियुक्ति की गई।

## वित्तीय समावेशन और कौशल विकास

- सामाजिक सुरक्षा कवरेज में बड़ी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) के तहत नामांकन बढ़कर प्रति लाख आबादी लगभग 19,000 हो गए हैं, जो वित्तीय जागरूकता और बीमा पहुंच में सुधार को दर्शाता है।
- प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) में भी मजबूत भागीदारी रही, जहां नामांकन प्रति लाख आबादी 45,600 से अधिक पहुंच गए हैं। इससे राज्य मानकों की ओर तेजी से प्रगति और परिवारों को बेहतर जोखिम सुरक्षा मिली है।
- अटल पेंशन योजना (एपीवाई) के तहत कवरेज ने राज्य का आकांक्षी लक्ष्य हासिल कर लिया है। लाभार्थियों की संख्या प्रति लाख आबादी लगभग 12,000 तक पहुंच गई है, जो असंगठित क्षेत्र के कामगारों में दीर्घकालिक वित्तीय योजना को दर्शाता है।
- बैंक खातों में आधार सीडिंग में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। 91% से अधिक खाते आधार से जुड़े हैं, जिससे प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) की दक्षता और पारदर्शिता बढ़ी है।
- जनधन खातों की संख्या में भी तेज वृद्धि हुई है। प्रति लाख आबादी 53,900 से अधिक खाते खुल चुके हैं, जिससे ग्रामीण और अर्धशहरी क्षेत्रों में समावेशी बैंकिंग को मजबूती मिली है।

## क्षेत्रीय पर्यटन को मिल रहा बढ़ावा

- गंगा और यमुना के बीच स्थित फतेहपुर को दोआब कहा जाता है। यह भारत की संस्कृति, साहस और निरंतरता का जीवंत संग्रहालय है।
- सम्राटों और संतों की कथाओं से लेकर फलों के बागानों और प्राचीन मंदिरों तक, फतेहपुर इतिहास और सादगी से भरपूर अनूठा पर्यटन स्थल है।
- यहां बहने वाली गंगा नदी देश और आसपास के शहरों से आने वाले श्रद्धालुओं और विरासत प्रेमियों को आकर्षित करती है।
- भारत के स्वतंत्रता संग्राम के समय फतेहपुर एक अहम केंद्र था, जहां से कई स्वतंत्रता सेनानियों का जुड़ाव रहा है।
- फतेहपुर ने हिंदी भाषा के विकास में भी अहम भूमिका निभाई है। यहीं राष्ट्रकवि पंडित सोहनलाल द्विवेदी का जन्म हुआ।
- गंगा तट पर स्थित ओम घाट एक प्रमुख पर्यटन स्थल है, जहां महान ऋषि भृगु ने लंबे समय तक तपस्या की थी।
- बावनी इमली एक और महत्वपूर्ण ऐतिहासिक स्थल है, जो स्वतंत्रता संग्राम में शहीदों के बलिदान का प्रतीक माना जाता है।


फतेहपुर में स्थित ओम घाट


अमर शहीद जोधा सिंह अटैया ठाकुर दरियाव सिंह मेडिकल कॉलेज

## स्वास्थ्य सेवाएं

- अनुमानित कुल गर्भधारण के मुकाबले 100% गर्भवती महिलाओं का एएनसी (प्रसवपूर्व देखभाल) पंजीकरण किया गया है। साथ ही एकीकृत बाल विकास योजना (आईसीडीएस) कार्यक्रम के तहत 100% गर्भवती महिलाएं पूरक पोषण नियमित रूप से प्राप्त कर रही हैं।
- गंभीर एनीमिया से पीड़ित गर्भवती महिलाओं के उपचार में जिले ने 100% सफलता हासिल की है।
- प्रारंभिक गर्भावस्था पंजीकरण में जिला लक्ष्य के बेहद करीब है। 98.71% एएनसी पंजीकरण पहले तीन महीनों में हो रहे हैं, जो लगभग 100% के आकांक्षी लक्ष्य के बराबर है और राज्य के सर्वश्रेष्ठ (98.26%) से भी बेहतर है।

### एआई आधारित टीकाकरण ऐप

- फतेहपुर जिला प्रशासन ने नवजात शिशुओं में टीकाकरण कवरेज बढ़ाने के लिए आकांक्षी ब्लॉक हथगाम में एआई आधारित स्मार्ट वैक्सीनेशन ट्रैकिंग सिस्टम शुरू किया है।
- यह नया ऐप टीकाकरण की स्थिति की रियल टाइम निगरानी की सुविधा देता है, जिससे समय पर और पूर्ण टीकाकरण सुनिश्चित किया जा सके।



## विकास की कहानी बुन रहा फतेहपुर का टेक्सटाइल उद्योग


एक जनपद, एक उत्पाद योजना के तहत फतेहपुर की बेडशीट्स देश और दुनिया में लोकप्रियता कर रही है हासिल

- फतेहपुर जिले की टेक्सटाइल इंडस्ट्री में तौलिए, जीन्स और बेडशीट्स का उत्पादन होता है, जो राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में लोकप्रिय हैं।
- एक जनपद, एक उत्पाद के तहत पारंपरिक कारीगरी को बढ़ावा देने, स्थानीय रोजगार सृजित करने और कारीगरों के लिए बेहतर मार्केटिंग अवसर प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया है।
- इसके अलावा, यहां कृषि उपकरण, स्टील फर्नीचर और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ भी तैयार किए जाते हैं।
- इस योजना के माध्यम से फतेहपुर के टेक्सटाइल सेक्टर, विशेष रूप से उच्च गुणवत्ता और आरामदायक बेडिंग उत्पादों की मार्केटिंग को बढ़ाने की दिशा में लगातार काम किया जा रहा है।

## कृषि क्षेत्र में नए सुधार व प्रमुख उपलब्धियां




### लखपति दीदी

| | |
|---|---|
| सामुदायिक संसाधन व्यक्ति (सीआरपी) | 939 |
| संभावित लखपति दीदियां (पीएलडी) | 73,773 |
| डिजिटल आजीविका रजिस्टर (डीएआर) के अंतर्गत कुल पंजीकरण | 2,31,446 |

### कनेक्टिविटी

फतेहपुर में व्यापक अवसंरचनात्मक सुधार व उससे जुड़ी परियोजनाओं के जरिए कनेक्टिविटी मजबूत हुई है। एनएच-232 के 133 किमी लंबे रायबरेली-फतेहपुर-बांदा मार्ग के नवीनीकरण से सड़क की स्थिति बेहतर हुई है, जिससे वाहनों की आवाजाही सुगम हुई और यात्रा समय काफी कम हो गया है।

रेल मार्ग पर भी फतेहपुर की अहम भूमिका है। यह नई दिल्ली, कोलकाता, कानपुर और प्रयागराज को जोड़ने वाली मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों का प्रमुख हॉल्ट है। खागा और बिंदकी रोड जैसे स्टेशनों पर नई ट्रेनों के हॉल्ट शुरू होने से आवागमन और बेहतर हुआ है।

READER ENGAGEMENT INITIATIVE

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 07-02-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH03 User: cci Time: 02-06-2026 23:23 Color:



बुनियादी ढांचे से शिक्षा को मज़बूती, शिक्षा से भारत को शक्ति
स्कूलों में बनेंगे किचन शेड, अतिरिक्त कक्षाएं, प्रयोगशालाएं, कंपाउंड वॉल और खेल मैदान

Viksit Bharat - Guarantee for Rozgar and Ajeevika Mission (Gramin) : VB - G RAM G
(विकसित भारत - जी राम जी) Act, 2025
125 दिन की रोज़गार गारंटी

CBC 35101/13/0109/2526

# फ्लाईओवर के जॉइंट में फंसा घोड़े का पैर, घंटों तड़पा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**घोड़े का** मालिक कभी अपने प्यारे जानवर के जख्म पर पट्टी बांध रहा था तो कभी उसके मुंह को सहलाकर उसे राहत देने की कोशिश कर रहा था। इस बीच वो इधर-उधर दौड़कर लोगों से मदद की मांग रहा था। लोगों ने मदद के लिए पुलिस, फायर ब्रिगेड, वाइल्ड लाइफ रेस्क्यू हेल्पलाइन सभी जगह फोन मिलाए। लेकिन कहीं मदद नहीं मिली।

यह घटना पालम-द्वारका फ्लाईओवर पर गुरुवार रात की है। जहां फ्लाईओवर के एक्सपेंशन जॉइंट में घोड़े का पैर फंस गया। इसकी वजह से घोड़ा वहीं फ्लाईओवर पर गिर गया। लोगों की मदद से घोड़े के मालिक ने घोड़े का पैर बाहर निकाला। इसके बाद भी घोड़ा घंटों तड़पता रहा। उसके दोनों पैर जख्मी थे।

**मालिक घोड़े को बचाने के लिए मदद मांगता रहा, नहीं मिली**

एनबीटी टीम रात करीब 11:45 बजे घटना स्थल पर थी। फ्लाईओवर के दूसरी तरफ एक एंबुलेंस खड़ी थी। लोग उससे अपील कर रहे थे कि घोड़े को अस्पताल ले चलें। लेकिन एंबुलेंस का तर्क था कि वह जानवरों की एंबुलेंस नहीं है। घोड़े की स्थिति के लिए उनके पास ट्रेनिंग नहीं है। 12:10 बजे तक कई एनिमल हेल्पलाइन पर भी फोन किए गए, लेकिन सब कोशिशें बेनतीजा रहीं। रात करीब 12:45 बजे एक एंबुलेंस से हेल्प पहुंची।

### लोगों ने बचाया...

- आम लोगों ने किसी तरह घोड़े के पैर को बाहर निकाला
- इस दौरान लग गया जाम, फंसी रहीं कई एंबुलेंस भी
- एनिमल हेल्पलाइन पर फोन लगाने पर भी नहीं मिली मदद



### फ्लाईओवर से जाना मजबूरी

इन दिनों पालम फाटक पर सब-वे बनाने का निर्माण कार्य चल रहा है। इसलिए फाटक से गुजरने वाला सारा ट्रैफिक व पैदल यात्रियों के पास भी आने जाने का कोई विकल्प नहीं है। यही वजह है कि घोड़े और रेहड़िया वाले फ्लाईओवर से जा रहे हैं। हालांकि अपनी जान जोखिम में लेकर अब भी पैदल यात्री किसी तरह फाटक क्रास कर रहे हैं।

### 2023 में हुआ था रिपेयर वर्क

2023 में जी-20 और पी-20 के दौरान इस फ्लाईओवर का रिपेयर वर्क किया गया था। इसके बाद इस फ्लाईओवर के साइड में नाइज बैरियर भी लगाए गए थे। ऐसे में इतनी जल्दी एक्सपेंशन जॉइंट के खुल जाने से पीडब्ल्यूडी की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। यह फ्लाईओवर शुरू से ही संवेदनशील फ्लाईओवर की लिस्ट में रहा है। इसमें कई गंभीर हादसे हो चुके हैं।




# 'लापता की अफवाह के पीछे पेड प्रमोशन'

## शुक्रवार को पुलिस ने अपनी जांच के आधार पर जारी किया बयान

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



AI Image

**दिल्ली में** 800 से अधिक बच्चों की सोशल मीडिया में वायरल 'मिसिंग' के मामले में शुक्रवार को दिल्ली पुलिस ने बड़ी बात कही है। पुलिस का दावा है कि पेड प्रमोशन के जरिए बच्चों के गायब होने की बात जानबूझकर इंस्टाग्राम व अन्य सोशल मीडिया में फैलाई गई। दिल्ली पुलिस ने X हैंडल पर इस पूरी थ्योरी के बारे में पोस्ट लिखते हुए दावा किया कि कुछ सुरागों को फॉलो करने के बाद, हमें पता चला कि दिल्ली में लड़कियों के लापता होने की बढ़ती संख्या को लेकर पेड प्रमोशन के जरिए अफवाह फैलाई जा रही है। पैसे के फायदे के लिए पैनिक पैदा करना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और हम ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त एक्शन लेंगे। इससे पहले दिल्ली पुलिस के प्रवक्ता संजय त्यागी ने स्पष्ट किया कि दिल्ली में लापता लोगों की संख्या में कोई 'असामान्य' वृद्धि नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि जनवरी 2026 में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में लापता मामलों की रिपोर्टिंग में कमी दर्ज की गई है, जिससे यह साफ होता है कि सोशल मीडिया पर फैल रही खबरें तथ्यहीन हैं।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक अचानक सोशल मीडिया में दिल्ली पुलिस के आंकड़ों का हवाला देकर तेजी से वायरल किए गए पोस्ट, क्लिप के पीछे की जब जांच की गई तो पता चला कि हाल ही में 'लापता' थीम पर एक बॉलीवुड फिल्म रिलीज हुई थी। वह फिल्म लागत का बजट भी पूरा नहीं कर पाई। जितने कमाई शुरू तक नहीं हुई है, उससे तीन गुना अधिक फिल्म बनाने में लगाया जा चुका है। पुलिस को जांच में जो पता चला, उसके मुताबिक फिल्म को फ्लॉप होने से बचाने और उसे हिट कराने के लिए सोशल मीडिया में दिल्ली को लेकर जानबूझकर पेड प्रमोशन के जरिए अफवाह फैलाई गई। इस फिल्म की वजह से बवाल खड़ा हुआ है। एक पुलिस अफसर ने कहा कि दिल्ली में बच्चे गायब हो रहे हैं, यह सच है। लेकिन यह भी उतना ही सच है कि सोशल मीडिया ने अधूरी जानकारी को डर में बदल दिया। वायरल आंकड़ों ने भ्रम और पैनिक फैलाया है।

**पुलिस ने सख्त एक्शन की चेतावनी जारी की**

पुलिस सूत्रों के मुताबिक दरअसल, पिछले दिनों मीडिया में एक रिपोर्ट सामने आई, जिसमें दिल्ली पुलिस के आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया गया कि 1 जनवरी से 15 जनवरी, 2026 के बीच शहर में 807 लोग लापता हुए, यानी रोजाना औसतन 54 लोग लापता हुए। आंकड़ों में बताया गया कि लापता होने वालों में 509 महिलाएं-लड़कियां और 298 पुरुष थे। साथ ही, 191 नाबालिग थे, जबकि 616 वयस्क थे।

पुलिस ने 1 से 27 जनवरी के बीच 235 लोगों का पता लगाया। दिल्ली पुलिस ने आम नागरिकों से भी सहयोग की अपील की है। पुलिस ने कहा कि लापता की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

# लूटने में नाकाम रहे, 3 लुटेरे अरेस्ट

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** मौजपुर इलाके में हथियार के बल पर एक दुकानदार से लूटपाट करने में नाकाम रहे तीन लुटेरों को जाफराबाद पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनके पास से वारदात में इस्तेमाल पिस्टल, एक जिंदा कारतूस, बाइक और स्कूटी बरामद हुआ है। गिरफ्तार बदमाशों की पहचान ब्रह्मपुरी निवासी समीर कुरैशी (20), चौहान बांगर निवासी मोहम्मद असद कुरैशी उर्फ लकी (18) और न्यू सीलमपुर निवासी हम्माद (18) के तौर पर हुई है।

# जॉइंट सीपी ने IPS के खिलाफ दर्ज कराई FIR

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली


AI Image

**दिल्ली पुलिस** की विजिलेंस यूनिट ने द्वारका जिले के डीसीपी रहे आईपीएस शंकर चौधरी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। इन पर बिना अनुमति के छापेमारी करने, एक विदेशी नागरिक को अवैध रूप से हिरासत में रखने और संपत्ति में हेराफेरी जैसे गंभीर आरोप हैं। खास बात यह कि यह एफआईआर जॉइंट सीपी (सदर्न रेंज) एस. के. जैन की शिकायत पर दर्ज की गई है। रिपोर्ट में साफ कहा गया है कि IPS शंकर चौधरी के खिलाफ आपराधिक मुकदमा चलाया जाए। उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू की जाए। इसी सिफारिश के आधार पर 5 फरवरी 2026 को FIR दर्ज की गई। इस मामले की आगे की जांच ACP विनय कुमार मलिक को सौंपी गई है। सूत्रों का कहना है कि गृह मंत्रालय द्वारा जांच के आदेश दिए जाने के बाद, जांच में पाए गए तथ्यों के आधार पर यह मामला दर्ज हुआ। 2011 के आईपीएस शंकर चौधरी एजीएमयूटी कैडर के अधिकारी हैं।

**द्वारका के DCP रहे शंकर चौधरी पर अवैध रूप से हिरासत में रखने का है आरोप**

सूत्रों ने बताया कि विजिलेंस जांच में सामने आया है कि IPS शंकर चौधरी ने दिल्ली में बिना किसी लिखित अनुमति या अधिकार क्षेत्र के छापेमारी कार्रवाई की। एक विदेशी नागरिक हैरिसन को चार दिन तक अवैध रूप से हिरासत में रखा।

### 13 पुलिसवालों के बयान दर्ज किए गए

जांच में CCTV फुटेज, कॉल डिटेल रिकॉर्ड और 13 दिल्ली पुलिसकर्मियों के बयान दर्ज किए गए। दावा है कि फुटेज में 26 नवंबर 2023 की रात IPS अधिकारी हैरिसन के घर गए। करीब दो घंटे तक वह घर में रहे। हैरिसन को लॉकर और बैग उठाकर बाहर ले जाते हुए देखा गया। इसके बाद हैरिसन को मिजोरम हाउस में रखा गया, जहां वह 26 से 29 नवंबर तक रहे।

# पहलवान सुशील को राहत नहीं, ज़मानत अर्जी खारिज़

Prachi.Yadav@timesofindia.com


AI Image

**नई दिल्ली:** रोहिणी की एक सत्र अदालत ने पहलवान सुशील कुमार की जमानत याचिका खारिज कर दी। कुमार साल 2021 के छत्रसाल स्टेडियम में पूर्व जूनियर कुश्ती चैंपियन सागर धनखड़ की हत्या मामले में आरोपी है और सह आरोपियों के साथ मुकदमे का सामना कर रहे हैं। एडिशनल सेशन जज (नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट) सुशील कुमार ने कुमार की जमानत अर्जी खारिज की। अदालत ने सरकारी गवाह सोनू उर्फ जयभगवान के बयान को तवज्जो दिया और कहा कि यह सच है कि सोनू क्रॉस-एग्जामिनेशन में अपने बयान से पलट गया है, लेकिन उसने जो तथ्य पेश किए, उन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। मई 2021 में गिरफ्तारी के बाद से जेल में बंद सुशील कुमार अंतरिम जमानत पर सलाखों से बाहर आ चुके हैं।

**सागर धनखड़ हत्या मामले में आरोपी है सुशील**

कुमार की ओर से एडवोकेट आर एस मलिक ने नियमित जमानत के लिए अर्जी देते हुए दलील दी कि वह 23 मई, 2021 से जेल में हैं। उन्हें झूठा फंसाया गया है। जिस आधार पर सुप्रीम कोर्ट ने जमानत रद्द की थी, वह अब बाकी नहीं है, क्योंकि सभी अहम सरकारी गवाहों से पूछताछ की जा चुकी है।



बैद्यनाथ
CONCENTRATION हर तैयारी के लिए
आयुर्वेदिक सिद्धांतों पर आधारित
*NO SIDE EFFECTS
मन को शांत करने में सहायक
मानसिक थकान और तनाव को कम करने में मददगार
पढ़ाई में फोकस और सीखने की क्षमता को बेहतर बनाने में लाभकारी
www.baidyanath.co.in 1800-102-8384 contact@baidyanath.co.in

# 100 से ज्यादा लोगों को बेची एक प्रॉपर्टी

■ **NBT रिपोर्ट, गुड़गांव: एक ही** प्रॉपर्टी का बार-बार सौदा कर लोगों को सपने दिखाए। एक-दो बार नहीं, बल्कि 100 से ज्यादा लोगों के साथ धोखाधड़ी की गई। करीब 500 करोड़ रुपये की ठगी का पता चला, जब शहर के एक शख्स ने पुलिस से शिकायत की। आर्थिक अपराध शाखा टू ने जांच शुरू की, जिसके बाद मामले खुलते चले गए। इस पर 32 माइल स्टोन के डायरेक्टर को गिरफ्तार कर लिया गया।

आरोपी ध्रुवदत्त शर्मा गुड़गांव की की सबसे महंगी मानी जाने वाली सोसायटी DLF कैमेलियास में रहता है। डायरेक्टर और उसके साथियों पर शहर में पांच एफआईआर दर्ज हैं, लेकिन वह पहली बार अरेस्ट हुआ है। एसीपी विशाल कुमार ने बताया कि पुलिस ने आरोपी को छह दिन के रिमांड पर लिया है। उसके साथियों को भी जल्द ही अरेस्ट कर लिया जाएगा।

# युवक की गोली मारकर हत्या, पब्लिक ने आरोपी को दबोचा, जमकर की धुनाई

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**संगम विहार** इलाके में एक युवक ने युवती से शादी नहीं होने पर उसके पति की गोली मारकर हत्या कर दी। गोली युवक के सिर में लगी। घायल हालत में युवक को एम्स ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं आरोपी को पब्लिक ने मौके पर ही दबोच लिया और उसकी जमकर धुनाई की। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को अस्पताल में भर्ती कराया।

**जिससे अफेयर था, उससे नहीं हुई शादी, तो उसके पति की कर दी हत्या**

पुलिस अधिकारी के अनुसार, जांच में मृतक की पहचान रविंदर (27) के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए नजदीकी अस्पताल के शवगृह में सुरक्षित रखवा दिया है।


युवक की मौत के बाद परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है

वहीं गोली मारने वाले आरोपी की पहचान योगेंद्र के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारी के अनुसार, शुक्रवार सुबह करीब 9:15 बजे संगम विहार में गोली चलने की सूचना को लेकर एक पीसीआर कॉल मिली थी। खबर मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। वहां एक युवक खून से लथपथ हालत में पड़ा मिला। उसकी पहचान संगम विहार निवासी रविंद्र (27) के रूप में हुई। सूत्रों के अनुसार, पूछताछ में पुलिस को पता चला है कि आरोपी योगेंद्र का पहले रविंद्र की पत्नी के साथ अफेयर था। बाद में महिला की शादी रविंद्र से हो गई। जिससे आरोपी नाराज था। पुलिस को आशंका है कि इसी निजी विवाद और पुरानी दुश्मनी के चलते आरोपी ने इस वारदात को अंजाम दिया।

**दिखाई थी बहादुरी** आधे घंटे तक लात-घूंसे सहकर भी एक लड़की को मनचलों से बचाया था मुकेश ने

# DCP ने घर जाकर मुकेश की बहादुरी को किया सलाम

NBT 2 मिनट में पढ़ें

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**महरौली में** एक लड़की को छेड़छाड़ से बचाने के लिए अपनी जान जोखिम में डालने वाले ट्रांसपोर्टर मुकेश सिंह ने नागरिक जिम्मेदारी की एक मिसाल पेश की है। चार मनचलों द्वारा युवती से छेड़छाड़ का डटकर विरोध करने और पिटाई के बावजूद पीछे न हटने के साहसिक कार्य के लिए साउथ डिस्ट्रिक्ट पुलिस ने उन्हें सम्मानित किया है।

मुकेश सिंह की बहादुरी की सराहना करते हुए डीसीपी अंकित चौहान खुद नेब सराय स्थित उनके घर पहुंचे। उनके साथ एसएचओ महरौली रितेश कुमार भी मौजूद थे। डीसीपी ने मुकेश को प्रशस्ति पत्र सौंपते हुए कहा कि मुकेश ने साबित कर दिया कि यदि आम नागरिक ठान लें, तो अपराध के खिलाफ मजबूती से खड़े हो सकते हैं। उनका निस्वार्थ साहस समाज के लिए प्रेरणादायक है।


डीसीपी अंकित चौहान खुद मुकेश सिंह के घर पहुंचे और बहादुरी की सराहना की

### अनुपम अपार्टमेंट के पास हुई थी घटना

यह मामला बुधवार तड़के करीब 3:45 बजे का है। एक आईटी कंपनी में कार्यरत युवती ड्यूटी के लिए घर से निकली थी। अनुपम आपार्टमेंट के पास स्कूटी सवार चार युवकों ने उसके साथ अश्लील हरकतें शुरू कर दीं। वहां मौजूद मुकेश सिंह ने जब युवती को मुसीबत में देखा, तो वह तुरंत बचाव में आए और मनचलों को टोका। इस पर भड़के आरोपियों ने मुकेश पर हमला बोल दिया और करीब आधे घंटे तक उन्हें लात-घूसों से बेरहमी से पीटा। इसी बीच, युवती ने हिम्मत दिखाकर घटना का वीडियो बना लिया और राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी।

Shape Tomorrow's Minds on Prime Education & Future of Health with YEIDA


Yogi Adityanath
Hon'ble Chief Minister of U.P.


Nand Gopal Gupta 'Nandi'
Hon'ble Minister of Industrial Development, U.P.




PLOTS FOR HOSPITAL, CHILD WELFARE & MATERNITY CENTRE
SCHEME CODE: YEA/ INST 2025-2026/06
Availability of Plots in Sector 18, 20 & 22 E
SCHEME BROCHURE CAN BE DOWNLOAD HERE

| S. No. | Use | Plot No. | Pocket | Sector | Area in Sq.Mtr. | Rate of Allotment Per Sq.Mtr | Reserved Price (Rs.) | EMD Amount (Rs.) (10%) | Incremental Value for Bid (Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Child Welfare and Maternity Centre | PH-1 | C | 20 | 5000 | 27330 | 13,66,50,000.00 | 1,36,65,000.00 | 6,83,250.00 |
| 2 | Hospital | 13 | - | 22E | 10115 | 27330 | 27,64,42,950.00 | 2,76,44,295.00 | 13,82,214.75 |
| 3 | Hospital | H-2 | R | 20 | 10900 | 27330 | 29,78,97,000.00 | 2,97,89,700.00 | 14,89,485.00 |
| 4 | Hospital | H-2/F1-A | - | 18 | 6378 | 27330 | 17,43,10,740.00 | 1,74,31,074.00 | 8,71,554.00 |
| 5 | Hospital | H-3/F1-A | - | 18 | 5300 | 27330 | 14,48,49,000.00 | 1,44,84,900.00 | 7,24,245.00 |

SCHEME OPENS ON 07.02.2026
SCHEME CLOSING ON 25.02.2026 AT 05:00 PM
DATE & TIME FOR DISPLAY OF NAME OF QUALIFIED / DISQUALIFIED BIDDER 20.03.2026 AT 05:00 PM
DATE & TIME OF E-AUCTION 25.03.2026 AT 11:00 AM TO TILL END

PLOTS FOR NURSERY SCHOOL & CRECHE
SCHEME CODE: - YEA/ INST 2025-2026/07
Availability of Plots in Sector 17,18, & 22 D
SCHEME BROCHURE CAN BE DOWNLOAD HERE

| S. No. | Use | Plot No. | Pocket | Sector | Area in Sq.Mtr. | Rate of Allotment Per Sq.Mtr | Total Premium of the Plot (Rs.) | Registration Amount (Rs.) (10%) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Nursery school | NS-1 | - | 17 | 1000 | 18030 | 18,030,000.00 | 1,803,000.00 |
| 2 | Nursery school | NS-4 | - | 22D | 1400 | 18030 | 25,242,000.00 | 2,524,200.00 |
| 3 | Nursery school | NS-21 | 5D | 18 | 1300 | 18030 | 23,439,000.00 | 2,343,900.00 |
| 4 | Creche | Crh.-1 | I | 18 | 1000 | 18030 | 18,030,000.00 | 1,803,000.00 |
| 5 | Creche | Crh.-3 | 2C | 18 | 1000 | 18030 | 18,030,000.00 | 1,803,000.00 |
| 6 | Creche | Crh.-7 | J | 18 | 1000 | 18030 | 18,030,000.00 | 1,803,000.00 |

SCHEME OPENS ON 07.02.2026
SCHEME CLOSING ON 05.03.2026
To know more, refer to the brochure which can be downloaded from our website: www.yamunaexpresswayauthority.com
To know more please contact : 9899788021
Banking Partners HDFC BANK

WORLD CLASS AMENITIES
Close to Noida International Airport, Jewar
Near International Film City
F-1 MotoGP Track
Medical Devices Park
Electronics Manufacturing Cluster
Dedicated MSME Apparel, Handicraft and Toy Park
Adjacent to Yamuna Expressway
Connectivity from Eastern Peripheral Expressway with Yamuna Expressway (Proposed)

YEIDA FUTURE IS HERE
YAMUNA EXPRESSWAY INDUSTRIAL DEVELOPMENT AUTHORITY
(U.P. Government Undertaking)
1st Floor, Commercial Complex, Block-P-02, Sector Omega-1, Greater Noida-201308, Distt. Gautam Budh Nagar, U.P.
Toll Free : 1800 180 8296 • Website: www.yamunaexpresswayauthority.com

## होली स्पेशल दो और ट्रेनों का ऐलान



■ NBT नई दिल्ली: रेलवे ने होली स्पेशल के रूप में दो और ट्रेनों का ऐलान कर दिया है, जिससे यात्रियों को भीड़ से कुछ हद तक राहत मिलेगी। हालांकि, बाकी होली स्पेशल अन्य ट्रेनों की लिस्ट अभी आनी बाकी है। अभी यात्रियों को थोड़ा और इंतजार करना होगा। नॉर्दन रेलवे ने इस बार होली स्पेशल के रूप में 108 ट्रेनें चलाने का ऐलान किया है।

**नॉर्दन रेलवे चलाएगा 108 ट्रेनें**

गोरखपुर, पटना, दरभंगा, वाराणसी समेत यूपी, बिहार जाने वाली ट्रेनों में सीटें फुल हो चुकी हैं। रेलवे के अनुसार, गोंदिया–छपरा–गोंदिया के बीच होली स्पेशल ट्रेन की घोषणा की है। गाड़ी संख्या 08863 जो 1 और 2 मार्च, 08864 छपरा–गोंदिया 3 और 4 मार्च को चलेगी। इसके अलावा 08865 गोंदिया–छपरा 2 और 3 मार्च को, 08866 छपरा–गोंदिया 4 और 5 मार्च को चलेगी। ये ट्रेनें अपने रास्ते में डोंगरगढ़, राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर, उसलापुर, कटनी, सतना, प्रयागराज छिवकी, DDU जंक्शन, वाराणसी, बलिया और छपरा स्टेशनों पर रुकेंगी।

## कल सुबह देर से शुरू होगी मेट्रो



■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: मेट्रो की ब्लू लाइन पर पहले से निर्धारित ट्रैक मेंटेनेंस वर्क के चलते संडे की सुबह यात्रियों को कुछ देर दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। DMRC ने इस संबंध में सोशल मीडिया पर एक एडवाइजरी भी जारी कर दी है। इस के अनुसार 8 फरवरी की सुबह ब्लू लाइन पर यमुना बैंक से इंद्रप्रस्थ स्टेशन के बीच मेंटेनेंस का काम चलेगा। इसके चलते सुबह सर्विस शुरू होने से लेकर सुबह 6:30 बजे तक ट्रेनों को रेगुलेट किया जाएगा। टर्मिनल स्टेशनों से सुबह पहली ट्रेनें भी सामान्य शेड्यूल के मुकाबले कुछ देरी से चलेंगी। वैशाली से द्वारका सेक्टर-21 के लिए पहली ट्रेन सुबह 6:00 बजे की जगह सुबह 6:05 बजे चलेगी। इसी तरह यमुना बैंक से द्वारका सेक्टर-21 के लिए भी पहली ट्रेन सुबह 5:53 की जगह सुबह 6:03 बजे चलेगी। बाकी हिस्सों पर मेट्रो सेवा उसी समय शुरू होगी, जिस समय आमतौर पर संडे के दिन सुबह शुरू होती है।

# दिल्ली को मिलेगी वर्ल्ड क्लास ट्रांसपोर्ट कनेक्टिविटी

## DUMTA के गठन के लिए बिल का मसौदा तैयार करने का CM ने दिया आदेश

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

AI Image



**राजधानी की** परिवहन व्यवस्था में व्यापक सुधार लाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के निर्देश में दिल्ली सरकार ने दिल्ली यूनिफाइड मेट्रोपॉलिटन ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी (DUMTA) का गठन करने और उसी के साथ-साथ एक डेडिकेटेड दिल्ली अर्बन ट्रांसपोर्ट फंड (DUTF) बनाने के लिए विधेयक का मसौदा तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस प्रस्तावित कानून का उद्देश्य दिल्ली की वर्तमान परिवहन व्यवस्था को एकीकृत, सुसंगत, योजनाबद्ध और शासन के ढांचे के अंतर्गत लाना है, ताकि राजधानी के लिए एक आधुनिक, कुशल, जन-केंद्रित और पर्यावरण की दृष्टि से स्थिर परिवहन प्रणाली विकसित की जा सके।

प्रस्तावित कानून का मसौदा जल्द से जल्द तैयार हो, इसके लिए सीएम ने मुख्य सचिव राजीव वर्मा की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय टास्क फोर्स का गठन भी कर दिया है। इस संबंध में जारी की गई सरकारी अधिसूचना के अनुसार, टास्क फोर्स तीन हफ्ते के अंदर अपनी सिफारिशें सरकार के समक्ष प्रस्तुत करेगी, जिसके बाद विधेयक को विधायी प्रक्रिया के माध्यम से अंतिम रूप देने की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। सीएम के अनुसार, यह निर्णय शहरी योजनाकारों, परिवहन विशेषज्ञों और नागरिक हितधारकों की लंबे समय से चली आ रही उस मांग के अनुरूप है, जिसमें विभिन्न परिवहन एजेंसियों के बीच योजना, निवेश और संचालन के लिए एक प्रभावी और एकीकृत प्राधिकरण बनाने की आवश्यकता जताई जाती रही है। दिल्ली की लगातार बढ़ती जनसंख्या, शहरीकरण और वाहनों के लगातार बढ़ते दबाव को ध्यान में रखते हुए रेखा गुप्ता ने स्पष्ट किया है कि बिखरे हुए उपायों के बजाय व्यवस्थित और संरचनात्मक समाधानों को तलाश कर उन पर अमल किया जाए। सीएम द्वारा गठित टास्क फोर्स में परिवहन, शहरी विकास, वित्त, योजना, लोक निर्माण और दिल्ली पुलिस सहित DDA, MCD, DMRC, DTC, NCRTC और रेलवे के प्रतिनिधियों को भी शामिल किया गया है।

### मिलेगी सहूलियत...

- परिवहन परियोजनाओं के वित्तीय प्रबंधन के लिए एक समर्पित 'दिल्ली अर्बन ट्रांसपोर्ट फंड' (DUTF) भी बनाया जाएगा
- सीएम ने मुख्य सचिव राजीव वर्मा की अध्यक्षता में एक टास्क फोर्स गठित की है, जो 3 हफ्ते में अपनी रिपोर्ट देगी
- अब DMRC, DTC, रेलवे, DDA, MCD और दिल्ली पुलिस जैसी एजेंसियां अलग-अलग काम करने के बजाय एक ही छतरी के नीचे मिलकर प्लानिंग करेंगी
- बढ़ती जनसंख्या और वाहनों के दबाव को कम करने के लिए एक आधुनिक, प्रदूषण मुक्त और जन-केंद्रित परिवहन प्रणाली विकसित करना है लक्ष्य

### NBT Lens खबरों के अंदर की बात: क्या फायदा होगा इस पहल से?

दिल्ली की परिवहन एजेंसियां शुरू से ही अलग-अलग काम करती आ रही हैं, जिस कारण प्लानिंग, इन्फ्रास्ट्रक्चर डिवेलपमेंट और सर्विस डिलिवरी में कोऑर्डिनेशन की कमी हमेशा नजर आती रही है।

DUMTA दिल्ली की विभिन्न परिवहन प्रणालियों में कोऑर्डिनेशन स्थापित करेगा। यह सार्वजनिक परिवहन को मजबूत करने, लास्टमाइल कनेक्टिविटी को सुधारने और प्राइवेट गाड़ियों पर निर्भरता कम करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, जिससे सड़कों पर जाम में कमी आएगी। यह वायु प्रदूषण से निपटने के एक दूरगामी और प्रभावी उपाय के रूप में भी काम करेगा। इससे इंटरस्टेट कनेक्टिविटी में भी सुधार आएगा और पड़ोसी राज्यों के साथ मिलकर बेहतर ट्रांसपोर्ट इंटिग्रेशन पॉलिसियां तैयार की जा सकेंगी।

# पर्यटकों को दिल्ली की सैर कराएंगे भारत टैक्सी के ड्राइवर

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

### सरकार ने 'भारत टैक्सी' संग मिलाया हाथ



### MOU की खास बातें...

- टैक्सी के जरिए घूमने-फिरने के खास पैकेज भी शुरू किए जाएंगे
- दो घंटे, चार घंटे और पूरे दिन के दर्शनीय स्थल भ्रमण के विकल्प होंगे
- पॉइंट-टु-पॉइंट टैक्सी सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी

**दिल्ली देश** का पहला राज्य बन गई है, जिसने सहकारी मोबिलिटी प्लेटफॉर्म 'भारत टैक्सी' के साथ औपचारिक साझेदारी की है। केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को ही औपचारिक रूप से 'भारत टैक्सी' सेवा लॉन्च की थी, जिसके बाद शुक्रवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की मौजूदगी में दिल्ली पर्यटन एवं परिवहन विकास निगम (DTTDC) ने भारत टैक्सी की सहकारी इकाई सहकार टैक्सी को-ऑपरेटिव लिमिटेड (STCL) के साथ एमओयू पर साइन किए। इस अवसर पर दिल्ली सरकार के पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा, DTTDC के प्रबंध निदेशक सुनील अंचिपाका और महाप्रबंधक डी. कार्तिकेयन भी मौजूद रहे। STCL की ओर से वाइस चेयरमैन रोहित गुप्ता, मुख्य कार्यकारी अधिकारी कर्नल हिमांशु और ऑपरेशंस एंड कम्युनिटी एंगेजमेंट की कार्यकारी आरती कौल मौजूद रहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस साझेदारी का उद्देश्य दिल्ली में सहकारी मॉडल के तहत आधुनिक और भरोसेमंद टैक्सी सेवाओं को मजबूत करना है। साथ ही परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के साथ-साथ ऐसे मॉडल को आगे बढ़ाना है, जिसमें तकनीक के साथ-साथ मानवीय गरिमा और आजीविका की सुरक्षा भी सुनिश्चित हो। सहकारी टैक्सी मॉडल इसी सोच को जमीन पर उतारता है। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस साझेदारी के तहत DTTDC पर्यटन और ब्रांडिंग पार्टनर की भूमिका निभाएगा। चूंकि टैक्सी चालक पर्यटकों के लिए शहर का पहला परिचय होते हैं, इसी को ध्यान में रखते हुए उन्हें सॉफ्ट स्किल्स, दिल्ली की संस्कृति, इतिहास और विरासत से जुड़ा विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षित हुए ड्राइवर दिल्ली पर्यटन के 'ब्रैंड एम्बेसडर' के रूप में काम करेंगे। वहीं, STCL अपने डिजिटल प्लेटफॉर्म और सहकारी ड्राइवर नेटवर्क के जरिए तकनीकी रूप से सक्षम और सुरक्षित टैक्सी सेवाएं उपलब्ध कराएगा, जिससे रोजमर्रा के यात्रियों और पर्यटकों को व्यवस्थित और भरोसेमंद सेवा मिलेगी।

समझौते के तहत दिल्ली आने वाले पर्यटकों के लिए टैक्सी के जरिए घूमने-फिरने के खास पैकेज भी शुरू किए जाएंगे। इनमें दो घंटे, चार घंटे और पूरे दिन के दर्शनीय स्थल भ्रमण के विकल्प होंगे, जिनमें दिल्ली और आस-पास के प्रमुख पर्यटन स्थल शामिल रहेंगे। इसके अलावा शहर के भीतर एक जगह से दूसरी जगह जाने के लिए पॉइंट-टु-पॉइंट टैक्सी सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे लास्टमाइल कनेक्टिविटी बेहतर होगी। मोबाइल ऐप और तकनीक के जरिए आसान बुकिंग, साफ-सुथरी और पारदर्शी किराया व्यवस्था और तय सेवा मानकों से दिल्लीवासियों और पर्यटकों का यात्रा अनुभव बेहतर होगा। वहीं टैक्सी चालकों के लिए भी सम्मानजनक काम के साथ-साथ स्थिर इनकम और भविष्य की आर्थिक सुनिश्चित की जाएगी।

# नर्सरी स्टूडेंट की एंट्री रोकी, स्कूल को DoE ने दिया कारण बताओ नोटिस

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

### शिक्षा विभाग ने इसे कानून का उल्लंघन माना

- पुराने एक्ट के साथ पहली बार नए एक्ट के तहत की गई कार्रवाई
- मयूर विहार फेज-3 स्थित है स्कूल, 3 दिन के भीतर जवाब मांगा
- पिछले महीने से स्टूडेंट के पैरंट्स इसे लेकर परेशान थे



**दिल्ली सरकार** के शिक्षा निदेशालय (DoE) ने मयूर विहार फेज-3 स्थित सलवान पब्लिक स्कूल को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। यह नोटिस फीस ना चुकाने के आधार पर नर्सरी की एक स्टूडेंट को स्कूल में एंट्री देने से रोकने और क्लास में बैठने से रोकने के आरोप को लेकर जारी किया गया है। अहम यह है कि पुराने एक्ट के साथ साथ पहली बार 'दिल्ली स्कूल एजुकेशन-ट्रांसपेरेंसी इन फिक्सेशन एंड रेगुलेशन ऑफ फीस 2025' एक्ट के तहत भी कार्रवाई की गई है।

शिक्षा विभाग ने इसे कानून का उल्लंघन मानते हुए स्कूल प्रबंधन से 3 दिन के भीतर जवाब मांगा है। पिछले महीने से स्टूडेंट के पैरंट्स इसे लेकर परेशान थे। 27 जनवरी को पैरंट ने इसे लेकर डीओई में शिकायत की। जिसके बाद यह कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। नोटिस में लिखा गया है कि पैरंट का आरोप है कि अप्रूवल के बिना बढ़ाई गई फीस न देने के आरोप में उनकी बच्ची को स्कूल में एंट्री से रोक दिया गया। मामले में ईस्ट दिल्ली के डिप्टी डायरेक्टर ने 28 जनवरी को ही स्कूल को निर्देश दिए थे कि बच्ची का नाम स्कूल से न काटा जाए। बढ़ी हुई फीस न देने पर बच्ची का नाम नहीं काटा जा सकता। इस निर्देश के बावजूद बच्ची को क्लास अटेंड करने नहीं दी गई। वहीं 1 फरवरी 2026 को राजधानी में दिल्ली स्कूल एजुकेशन-ट्रांसपेरेंसी इन फिक्सेशन एंड रेगुलेशन ऑफ फीस 2025' एक्ट भी नोटिफाई हो चुका है।

# दिल्ली को बजट में मिले ₹11 हज़ार करोड़: मल्होत्रा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि इस बार का बजट युवा, महिला, गरीब और किसानों की उन्नति और उनके समान अधिकार को मानते हुए पेश किया गया है। दिल्ली को इस बार बजट में केंद्र से 11 हजार करोड़ रुपये मिले हैं। दिल्ली-वाराणसी हाई स्पीड रेलवे कॉरिडोर बनाने का प्रावधान भी बजट में है। सड़क परिवहन इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए 3.21 हजार करोड़ रुपये का बजट दिया गया है। इसे सड़कों से ट्रैफिक कंजेशन कम करने के लिए खर्च किया जाएगा। उन्होंने बताया कि दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे और दिल्ली कटरा एक्सप्रेसवे जैसी सड़कों का जाल बिछाने की तैयारी हो चुकी है। दिल्ली कंजेशन प्लान में 24 हजार करोड़ रुपये का बजट रखा गया है। इसमें गुरुग्राम से दिल्ली आते वक्त शिवमूर्ति के पास एक टनल को अप्रूवल दिया गया है। कटरा से दिल्ली आने वाले ट्रैफिक को एयरपोर्ट से कनेक्ट करने की भी व्यवस्था की गई है।



केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा, 3500 करोड़ से लैंडफिल साइट्स से कूड़ा होगा खत्म

मल्होत्रा ने बताया कि दिल्ली देहरादून एक्सप्रेसवे पर नोएडा जाने वाले के लिए ट्रॉनिका सिटी से गाजियाबाद होते हुए एक रोड पास किया गया है। सेंट्रल दिल्ली को जाम मुक्त बनाने के लिए एम्स से महिपालपुर तक 5000 करोड़ रुपये का एक मार्ग अप्रूव किया गया है।

# DCPCR में पद खाली, HC ने लगाई फटकार

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली सरकार को 2023 से दिल्ली बाल अधिकार संरक्षण आयोग (DCPCR) में चेयरपर्सन और सदस्यों के खाली पदों को नहीं भरने पर फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि यह इच्छाशक्ति की कमी को दिखाता है। दिल्ली सरकार के वकील ने कोर्ट से कहा कि यह एक वास्तविक कठिनाई है। नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने में कितना और समय लगेगा, इसकी जानकारी देने के लिए उन्होंने कोर्ट से समय मांगा। चीफ जस्टिस डी के उपाध्याय और जस्टिस तेजस करिया की बेंच ने उनसे पूछा, क्या आपकी सरकार में कोई एक अधिकारी इतनी देरी को सही ठहरा सकता है? कोर्ट ने कहा, आप आकलन करें कि आपको कितना समय लगने वाला है। ये वे क्षेत्र हैं जहां आपका ध्यान नहीं जाता है। कोर्ट ने मामले को 16 फरवरी को अगली सुनवाई के लिए लगा दिया।

**2023 से चेयरपर्सन और सदस्यों के खाली पड़े हैं पद**

# परीक्षा के दौरान कैसे रहें तनाव से दूर, यहां जानिए

परीक्षा के दौरान बच्चे ही नहीं पैरंट्स भी कई बार तनाव में आ जाते हैं। ऐसे में एनबीटी रंगमंच क्लब लेकर आया है एक खास वर्कशॉप, जहां पैरेंटिंग एक्सपर्ट और साइकोलॉजिस्ट डॉ. गीतिका कपूर एग्जाम के दिनों में बच्चे और पैरंट्स को एंग्जायटी से बचने के तरीके बताएंगी। तो ये मौका हाथ से ना जाने दें, आज ही रजिस्टर करें।

NBT रंगमंच Club



गीतिका कपूर (साइकोलॉजिस्ट)

तारीख: 11 फरवरी (बुधवार)
समय: दोपहर 3 से 4 बजे तक

रजिस्ट्रेशन के लिए 7003850071 पर कॉल/वट्सऐप करें।

# इंडिया AI इंपैक्ट समिट 2026 की तैयारियां पूरी



■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : एनडीएमसी की ओर से 15 से 20 फरवरी तक आयोजित होने वाले इंडिया AI इंपैक्ट समिट 2026 की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। यह कहना है कि एनडीएमसी के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल का। उन्होंने सरदार पटेल मार्ग में संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि G-20 समिट की तर्ज पर 5000 से अधिक सजावटी गमले कनॉट प्लेस, सरदार पटेल मार्ग, एम्पोरियम ब्लॉक्स मार्ग, सी-हेक्सागन, खान मार्केट, अरबिंदो मार्ग, दिल्ली हाट, पीएम हाउस गोल चक्कर, तीन मूर्ति मार्ग, बाराखंभा रोड, लीला पैलेस क्षेत्र, संसद मार्ग सहित अन्य प्रमुख मार्गों और स्थानों पर लगाए गए हैं।

# खुशखबरी: RML में पीडियाट्रिक पल्मनोलॉजी ICU की हुई शुरुआत

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



**सांस और** लंग्स से जुड़ी समस्याओं से जूझ रहे मासूमों को अब राम मनोहर लोहिया अस्पताल में बेहतर इलाज मिल सकेगा। शुक्रवार को यहां छह बेड का पीडियाट्रिक पल्मोनरी ICU का शुभारंभ किया गया, जहां बच्चों का बेहतर इलाज करने के लिए डॉक्टर से लेकर कर्मचारियों को विशेष ट्रेनिंग दी गई है। दावा है कि यह सुविधा अब तक दिल्ली के किसी अन्य सरकारी अस्पताल में नहीं है। ICU का शुभारंभ अस्पताल के निदेशक डॉ. अशोक कुमार ने किया। इस मौके पर मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ विवेक दीवान भी मौजूद रहे।

पीडियाट्रिक विभाग के HOD डॉ. दिनेश कुमार ने कहा कि इस प्रकार की अत्याधुनिक पीडियाट्रिक पल्मनोलॉजी ICU सुविधा पूरी दिल्ली में किसी भी अन्य सरकारी अस्पताल में उपलब्ध नहीं है। उन्होंने बताया कि फेफड़ों से संबंधित अनुवांशिक, जन्मजात और अन्य गंभीर बीमारियों से पीड़ित बच्चों की जांच और इलाज के लिए ICU की अत्यंत आवश्यकता होती है। लेकिन उन्हें यह सुविधा नहीं मिल पाती है। लिहाजा, अब सांस और लंग्स से जुड़ी समस्याओं का इलाज के लिए पल्मोनरी ICU की सुविधा शुरू की गई है। वहीं, इस ICU की डॉ. हेमा गुप्ता मित्तल ने कहा कि इस ICU के शुरू होने से दिल्ली और उत्तर भारत के फेफड़ों की गंभीर समस्याओं से ग्रसित बच्चों को बेहतर इलाज और ICU सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध हो सकेंगी। साथ ही इससे पोस्ट ग्रेजुएट छात्रों के शैक्षणिक कार्यक्रम एवं क्लीनिकल ट्रेनिंग स्किल को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने बताया कि इस डेडिकेटेड पल्मोनरी ICU के लिए डॉक्टर से लेकर कर्मचारियों को विशेष ट्रेनिंग दी गई है।


TIMES TRIBUTE
PAYING HOMAGE TO THE DEPARTED SOUL
To book your ad logon to ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free)

TIMES TRIBUTES
RATE CARD

| Publications | Rates per sq. cms |
|---|---|
| TOID Capital + NBT (Delhi+NCR) | 1295 |
| TOID Full Run ## + NBT (Delhi+NCR) | 1360 |
| THE TIMES OF INDIA (Delhi+NCR) | 780 |
| THE TIMES OF INDIA (Delhi) Full Run## | 900 |
| NAVBHARAT TIMES (Delhi+NCR) | 595 |
| THE ECONOMIC TIMES (Delhi+NCR) | 715 |
| SANDHYA TIMES (Delhi) | 100 |

Rates effective 5th June 2019

▸ *Placement on specified obit pages only. ▸ This rate benefit is extended up till the size of 320 sq. cm only. ▸ ## Full run includes Delhi City + NCR (Including Gurgaon + Noida) + Chandigarh + Western U.P. + Uttarakhand ▸ TOI Capital (Delhi & NCR) includes TOI Gurgaon & TOI Noida.

To place an Obituary announcement or Remembrance message please call
Vinod: 9958992088
Pankaj : 8130604727

"HONOUR. COURAGE. BRAVERY. Three words that you taught us. Three words that help us cope with your loss".

The silent joy of remembering a loved one.
The moments you shared together.
Little moments that make life beautiful.

Share them. With Friends. Relatives. Neighbours. Colleagues. With all those whose lives the departed Soul has touched. Because while life goes on, when you share memories, they stay on forever.

| Publications | Total Outlay |
|---|---|
| The Times of India Delhi/NCR | 5,600 |
| TOI+NBT (Delhi/NCR) | 8,800 |
| TOI+ET (Delhi/NCR) | 6,600 |

REMEMBRANCE
SHARING MEMORIES

For any information call
Vinod : 9958992088
Pankaj : 8130604727


# GST रिफॉर्म से कैंसर इलाज सस्ता, 33 जीवन रक्षक दवाएं हुईं टैक्स फ्री

Abhishek.Gautam1
@timesofindia.com

AI Image



■ नई दिल्ली : कैंसर मरीजों के लिए राहत भरी खबर है। कुछ महीने पहले GST रिफॉर्म से कैंसर की महंगी दवाएं और इलाज पहले से कहीं अधिक किफायती हो सकते हैं। एम्स के डॉक्टरों द्वारा किए गए एक नए रिसर्च में पाया गया है कि जीएसटी में की गई कटौती से इलाज की लागत घटेगी और मरीजों की पहुंच बेहतर होगी। यह रिसर्च प्रॉस्पेक्ट्स इन पब्लिक हेल्थ अंतरराष्ट्रीय जनरल में प्रकाशित किया गया है।

**एक इंजेक्शन पर होगी 40 हजार तक की बचत**

एम्स के रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग के डॉ. वैभव सहनी और डॉ. अभिषेक शंकर की रिसर्च के अनुसार, जीएसटी काउंसिल की 56वीं बैठक में कैंसर और दुर्लभ बीमारियों की 33 जीवनरक्षक दवाओं को पूरी तरह जीएसटी मुक्त करने की सिफारिश की गई है। इन दवाओं पर पहले 5 से 12 प्रतिशत तक टैक्स लगता था। जीएसटी फ्री की गई दवाओं में Atezolizumab, Daratumumab, Alectinib, Polatuzumab और Asciminib जैसी अत्यधिक महंगी कैंसर दवाएं शामिल हैं, जिनकी कीमत लाखों तक होती है।

रिसर्च में बताया गया है कि अगर टैक्स कटौती का पूरा लाभ मरीजों तक पहुंचता है तो केवल Atezolizumab की एक खुराक पर ही करीब 42500 रुपये की सीधी बचत संभव है। बताया जा रहा है कि जीएसटी सुधारों के तहत कई डायग्नोस्टिक उपकरणों, सर्जिकल उपकरणों और मेडिकल सप्लाई पर भी टैक्स घटाया गया है। स्टडी में तंबाकू उत्पादों पर टैक्स बढ़ाकर 40 प्रतिशत करने के फैसले को भी स्वास्थ्य के लिहाज से अहम बताया गया है।

# अंकित तिवारी की धुनों पर झूमे

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी के वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव अनुगूंज 26 को लेकर स्टूडेंट्स में काफी उत्साह देखने को मिला। यूनिवर्सिटी और संबद्ध संस्थानों से एक लाख से अधिक स्टूडेंट्स द्वारका परिसर में एकत्रित हुए। मुख्य आयोजन गायक अंकित तिवारी की शानदार प्रस्तुति रही। उनके साथ उनके गानों पर युवा झूमते नजर आए। 4 से 6 फरवरी तक आयोजित अनुगूंज का यह सिल्वर जुबली वर्ष विभिन्न मंचों पर संपन्न हुआ। इसमें 40 से अधिक सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। इनमें संगीत, नृत्य, रंगमंच, साहित्यिक प्रतियोगिताएं और स्टार नाइट्स शामिल रहीं। दूसरे दिन शाम को पंजाबी गायक मनिंदर बुट्टर ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

**IPU में सांस्कृतिक महोत्सव का हुआ आयोजन**


NBT नवभारत टाइम्स
NBT रंगमंच Club

स्पीकिंग ट्री रिट्रीट

योग गुरु सुरक्षित गोस्वामी के सान्निध्य में

गंगा किनारे, हिमालय की गोद में आत्म अनुभव के योग, ध्यान, मौन और आध्यात्मिक जागरूकता का दिव्य संगम। चार दिवसीय इस रिट्रीट में होगा ऊर्जा, संतुलन और आंतरिक शांति का संचार। योग गुरु सुरक्षित गोस्वामी के मार्गदर्शन में यह यात्रा आपके जीवन को नया आयाम दे सकती है। स्वस्थ एकांत रहना और तीन वक्त का भोजन शामिल है।



■ स्थान: परमार्थ निकेतन, ऋषिकेश
■ तिथि: 27 से 30 मार्च 2026

सीटें सीमित हैं, आज ही पंजीकरण करें!

रजिस्ट्रेशन कराने के लिए 9910475909 पर सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे के बीच कॉल करें या अपनी डिटेल वट्सऐप पर भेजें।

शुल्क मात्र ₹13,000 प्रति व्यक्ति


# घट यात्रा के साथ शुरू हुआ पंचकल्याणक महोत्सव

■ NBT न्यूज, नई दिल्ली: श्री दिगंबर जैन मंदिर निर्माण विहार में उपाध्याय श्री गुप्तिसागरजी मुनिराज के सान्निध्य में शुक्रवार को पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव नित्य अभिषेक, देवाज्ञा, देवाज्ञा और घटयात्रा के बाद ध्वजारोहण के साथ शुरू हुआ। ब्र. रंजना शास्त्री के निर्देशन में प्रतिष्ठाचार्य सुधीर मार्तंड-उदयपुर विधि-विधान के कार्य संपन्न करा रहे हैं। पहले दिन गर्भ कल्याणक की पूर्व रूप क्रियाएं संपन्न हुईं। समारोह 11 तक चलेगा।

स्पीकिंग ट्री धर्म कर्म

**निर्वाणोत्सव:** श्री दि. जैन मंदिर सेक्टर-16 रोहिणी में छठे तीर्थंकर भगवान पद्म प्रभु जी का निर्वाणोत्सव मनाया गया। गजेंद्र जैन के अनुसार यहां मुनिश्री सौम्यसागरजी संघ सहित सेक्टर 11 से 13 फरवरी को पधारेंगे।

**सत्संग:** बटुक भैरव शक्तिपीठ मंदिर नेहरू पार्क, चाणक्यपुरी में पंडित गजेंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि आदमी की पहचान उसकी वाणी और व्यवहार से होती है। भगवान हम सबके हृदय में विराजमान हैं, बस उन्हें खोजने की जरूरत है।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 07-02-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH05 User: cci Time: 02-06-2026 23:28 Color:



मौत का कुआं...



# गड्ढे में समाई एक और जिंदगी

नोएडा में युवराज और अब दिल्ली में कमल की मौत ने सरकारी एजेंसियों के सुरक्षा इंतजामों की सचाई फिर सबके सामने लाकर रख दी है। जनकपुरी डिस्ट्रिक्ट सेंटर से 200 मीटर दूर जल बोर्ड के खोदे गए गड्ढे में गिरकर एक और युवक की जान चली गई।

**ये है 4 बड़े सवाल**

**अगर रोड बंद थी तो अंदर जाने का रास्ता क्यों छोड़ा हुआ था?**

**रोशनी का इंतजाम क्यों नहीं था और गड्ढा है ऐसा बोर्ड क्यों नहीं था?**

**सूचना और लोकेशन मिल गई थी तो क्या पुलिस ने युवक को खोजने की पूरी कोशिश की?**

**पुलिस ने इस बारे में अपने बयान दो बार क्यों बदले?**





### 14 फीट करीब गड्ढे की गहराई

जल बोर्ड के अफसरों के अनुसार जनकपुरी में दशकों से सीवर ओवरफ्लो/ब्लॉकेज की समस्या है। सीवर और पानी की लाइनें साथ-साथ जा रही हैं। सीवर लाइनों में लीकेज के चलते गंदा पानी मिक्स होकर घरों में सप्लाई हो रहा था। जिसे ठीक करने के लिए जनकपुरी के सभी ब्लॉकों में पिछले साल सितंबर से सीवर रिहैबिलेशन का काम शुरू किया गया था। जनकपुरी स्थित इस स्थान पर नई सीवर लाइन डालने के लिए डीटीईए स्कूल के पास एक गड्ढा बनाया गया था, जो 6 मीटर लंबा और 4 मीटर चौड़ा है। गड्ढे की गहराई करीब 14 फीट (4.25 मीटर) थी।

**लोगों में दिखा गुस्सा**

## 'न तो ट्रैफिक बंद किया, न चेतावनी बोर्ड लगा था'

हादसे के बाद शुक्रवार को एनबीटी रिपोर्टर सुदामा यादव और नवीन निश्चल मौके पर पहुंचे और लोगों से बातचीत की। स्थानीय लोगों ने इस हादसे को लेकर क्या कहा, पेश है रिपोर्ट :

**1 'घटनास्थल पर नहीं थे सुरक्षा के कोई इंतजाम'**

जनकपुरी सी-ब्लॉक में रहने वाले चरणजीत सिंह के अनुसार हादसा गुरुवार रात करीब एक या डेढ़ बजे का है। जल बोर्ड ने बुधवार को जनकपुरी डिस्ट्रिक्ट सेंटर से पंखा रोड जाने वाले कैरिज-वे में गड्ढा खोदने का काम शुरू किया था। लेकिन न तो कैरिजवे में ट्रैफिक बंद किया और न ही कोई चेतावनी बोर्ड लगाया था। रोड खुली थी। कोई भी आ-जा सकता था।

**2 'सुबह ही बैरिकेड मंगवाकर यहां लगाया गया'**

वहीं, दिनेश शर्मा ने बताया कि इस रोड पर सीवर का काम 6-7 महीनों से चल रहा है। हादसे से पहले किसी भी जगह जल बोर्ड ने न तो साइट पर चेतावनी वाला बोर्ड लगाया था और न ही रोड पर ट्रैफिक बंद किया था। घटना के बाद ट्रैफिक पुलिस भी यहां दिखी। लोगों का कहना है कि घटना के बाद ही शुक्रवार सुबह यहां बैरिकेड लगाया गया।

**3 'एक दिन पहले शुरू हुआ था गड्ढा खोदने का काम'**

जिस ग्रीन वैली अपार्टमेंट के सामने यह हादसा हुआ है, उसी सोसायटी में रहने वाले लोग और आसपास के लोगों ने बताया कि इस रोड पर लगभग 8 महीने से सीवर का काम चल रहा है। जिस गड्ढे में गिरकर कमल की मौत हुई है, उस गड्ढे का काम भी एक दिन पहले ही शुरू किया गया था। आधा स्कूल के पास एक तरफ के रास्ते पर गड्ढा था।

**4 'मेट्रो की तरह कंस्ट्रक्शन साइट हेनी चाहिए कवर'**

स्थानीय महिला रितु श्रीवास्तव का कहना है कि हादसे का दुख है, लेकिन प्रशासन की लापरवाही के साथ-साथ हमारी भी लापरवाही है। B3B ग्रीन वैली अपार्टमेंट RWA प्रेसिडेंट विक्रम दीवान ने कहा कि यह जल बोर्ड के अधिकारियों की लापरवाही है। मेट्रो की कंस्ट्रक्शन साइट की तरह DJB को भी निर्माण साइट को पूरा कवर करना चाहिए।

## ऑफिस से घर जाते समय हुआ हादसा

जनकपुरी B3B ब्लॉक स्थित ग्रीन वैली अपार्टमेंट के सामने गुरुवार देर रात यह हादसा हुआ

■ नवीन निश्चल, जनकपुरी

**जनकपुरी** में 14 फीट गहरे गड्ढे में गिरकर बाइक सवार युवक की मौत हो गई। जिनकी पहचान कमल ध्यानी (25) के रूप में हुई है। वह पालम के कैलाशपुरी में रहते थे। परिवार मूलरूप से उत्तराखंड का रहने वाला है।

कमल रोहिणी में एचडीएफसी बैंक के कॉल सेंटर में काम करते थे। गुरुवार रात ऑफिस से घर लौटते समय जनकपुरी में B3B ब्लॉक स्थित ग्रीन वैली अपार्टमेंट के सामने सड़क पर खोदे गए जल बोर्ड के गड्ढे में बाइक समेत गिर गए। सुबह कमल को गड्ढे से निकालकर हरि नगर स्थित डीडीयू हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### DDU से निकली बॉडी, सभी की आंखें हुईं नम

■ **डीडीयू हॉस्पिटल :** हरि नगर के दीनदयाल उपाध्याय हॉस्पिटल में पोस्टमॉर्टम होने के बाद कमल की बॉडी का जैसे ही बाहर निकाली गई पिता नरेश ध्यानी, दोस्त और बाकी लोग फफक-फफककर रोने लगे। पीएम करवाने के लिए पहुंचे परिवार वालों ने बताया कि कमल 3 दिन की छुट्टी लेने वाले थे। क्योंकि उनके EL बच रहे थे। उन्होंने गुरुवार को अपनी मां को बोला था कि वो एक घंटा लेट से घर आएंगे। अब कमल के पिता और दोस्त यही सोचकर दुखी हो रहे हैं, कि उनका दोस्त, उनका बच्चा अब लौटकर कभी वापस नहीं आएगा।

> कमल ने अपनी मां को बोला था कि वह एक घंटा लेट से घर आएंगे

### 11:53 बजे रात को लास्ट कॉल

**जानकारी मिलते** ही मौके पर SHO कुलदीप कुमार, एसीपी नीरज टोकस, अडिशनल डीसीपी पीयूष जैन और डीसीपी वेस्ट शरद भास्कर पहुंचे। क्रेन बुलाकर बाइक को गड्ढे से निकाला गया। मौके पर मौजूद कमल के दोस्त मयंक ने बताया कि कमल की परिवार से आखिरी बार रात 11:53 बजे फोन पर बात हुई थी। उन्होंने बोला था कि कुछ देर में वह घर पहुंच जाएंगे। जब आधे घंटे तक वह नहीं आए, तब खोजबीन शुरू की। उन्होंने बताया था कि वह जनकपुरी पहुंच गए हैं।

### कमल के फोन से ही मिली हादसे की सूचना

**मयंक के** भाई करण ने बताया कि सुबह कमल के मोबाइल से ही परिवार वालों को पुलिस की कॉल आई और हादसे के बारे में बताया। सभी थाने पहुंचे। इसके बाद सभी हादसे वाली जगह पहुंचे, जहां पुलिस ने बताया कि गड्ढे में गिरकर कमल की मौत हो गई है। वहीं, परिवार वालों का आरोप है कि अगर गड्ढे के आसपास सही तरीके से घेराबंदी की गई होती शायद कमल की जान बच जाती।

### बच्चे को स्कूल छोड़ने जा रही महिला ने देखा

**पुलिस सूत्रों** से मिली जानकारी के अनुसार सुबह जब एक महिला अपने बच्चे को स्कूल में छोड़ने जा रही थी, तब उनकी नजर गड्ढे में गिरी बाइक पर पड़ी थी। बच्चों को छोड़ने की जल्दबाजी में उन्होंने बाइक के बारे में किसी को नहीं बताया। बच्चे को स्कूल छोड़ने के बाद लौटते समय वह गड्ढे के पास पहुंची तो देखा कि बाइक के साथ-साथ एक युवक भी उसमें गिरा हुआ है। तब उन्होंने लोगों को बुलाया और मामले की सूचना पुलिस को दी गई।



लोगों का आरोप है कि हादसे के बाद DJB ने घटनास्थल पर ग्रीन नेट लगाया

### '6 थानों के काटे चक्कर, कोई सपोर्ट नहीं मिला'

